भाद्र मास, कृष्ण पक्ष 20 वर्ष, अंक 280 पृष्ठ 8 मूल्य 1.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 04 सितम्बर 2021

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

क्रियायोग संदेश

क्रिया योगः साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस हजार वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

स्वामी श्री योगी सत्यम्

क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान प्रयागराज

10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

रेव पार्टी केस

आर्यन खान, अरबाज और मुनमुन को 1 दिन की एनसीबी कस्टडी, कल होगी सुनवाई

नई दिल्ली (एजेंसी)। हाईप्रोफाइल रेव पार्टी मामले में शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान समेत 3 लोगों की गिरफ्तारी हो गई है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो आर्यन पर ड्रग्स के सेवन के आरोप हैं और उनके फोन से मिली व्हाट्सएप चैट के जरिए कई बड़ी जानकारी सामने आई है। जिसके बाद हाल ही में सामने आया है कि आर्यन खान, अरबाज मर्चेंट और मुनमुन धमेचा को कोर्ट ने एक दिन यानी 4 अक्टूबर तक की एनसीबी कस्टडी दी। अब इस केस की सुनवाई कल दोपहर में होगी। दरअसल, एनसीबी को मुंबई से गोवा जाने वाले क्रूज पर रेव पार्टी को लेकर बड़ी टिप मिली थी। जिसके बाद टीम ने पूरी तैयारी के साथ ऑपरेशन किया था, जिसमें ॅँ की टीम पैसेंजर बनकर शामिल हुई थी। तब जाकर पता चला कि इस पार्टी में लोग अलग-अलग तरीके से ड्रग्स झुपाकर ला रहे हैं। पार्टी में रेड के दौरान एनसीबी ने 8 लोगों को हिरासत में लिया था। इसके बाद सभी से पूछताछ चली और बाद में 3 लोगों को गिरफ्तार किया गया। जिसमें आर्यन खान, अरबाज मर्चेंट और मुनमुन धामेचा शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो ॅँ ने आर्यन के व्हाट्सएप चैट की पड़लात की थी। जिसके बाद कई चौंकाने वाली जानकारी सामने आई।

लखीमपुर लहूलुहानः 4 किसानों के साथ 4 जीप सवारों की भी मौत, इंटरनेट बैन

लखीमपुर खीरी (एजेंसी)। लखीमपुर खीरी में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के कार्यक्रम से पहले बड़ा बवाल हो गया है। उपमुख्यमंत्री को काले झंडे दिखाने के लिए जमा हुए किसानों से पहले पुलिस और भाजपा कार्यकर्ताओं की झड़प हुई। इसी दौरान भाजपा नेताओं की गाड़ियों से कुछ किसान कुचले गए। जिसमें छह लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। इससे आक्रोशित किसानों ने कई गाड़ियों में आग लगा दी और भाजपा नेताओं को भी जमकर पीटा भी। रविवार को डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य लखीमपुर खीरी को 117 करोड़ की सौगात देने आए थे। इस दौरान उन्होंने 165 परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण भी किया। इसके बाद डिप्टी सीएम केंद्रीय मंत्री अजय मिश्र टेनी के गांव की ओर रवाना हो गए। बताते हैं कि इस रोड पर पहले से भारी संख्या में किसान मौजूद थे। सड़क पर मौजूद किसान कृषि कानून का विरोध कर रहे थे। आरोप है कि इस बीच भाजपा का झंडा लगी गाड़ियों की चपेट में कुछ किसान आ गए, जिससे किसान बुरी तरह जख्मी हो गए। इनमें छह लोगों की जान चली गई। हादसा होते देख अन्य किसान आक्रोशित हो गए। इसके बाद किसानों ने बवाल काट दिया।नाराज किसान ने भाजपा नेताओं को गाड़ियों से निकाल-निकालकर जमकर पीटा और उनकी दो गाड़ियों में तोड़फोड़ कर डाली। किसानों का गुस्सा इस पर शांत नहीं हुआ तो उन्होंने कुछ गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया। इधर बवाल की सूचना मिलते पुलिस मौके पर पहुंची और किसानों को गनने के खेत में खदेड़ दिया। हालांकि हालात को काबू करने के लिए अतिरिक्त फोर्स मंगाई गई है। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य को लेकर केंद्रीय मंत्री अभी तिकुनिया के पास भी नहीं पहुंचे थे कि बवाल की सूचना आ गई। इसके बाद उप मुख्यमंत्री को वापस जाना पड़ गया। उन्होंने कार्यक्रम रद कर दिया। डिप्टी सीएम के काफिले के साथ मौजूद भाजपा विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि हम लोग जैसे ही तिकुनिया क्षेत्र में पहुंचे कि हादसे की सूचना आ गई थी। इसके बाद इतनी गंभीर घटना की सूचना के बाद डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने सभी कार्यक्रम रद कर दिए और संवेदना जाते हुए लखनऊ वापस चले गए। उनको भारी सुरक्षा के साथ सड़क मार्ग से वापस लखनऊ रवाना किया गया।

हेलीकॉप्टर से लखीमपुर में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के आने की खबर मिलते ही आंदोलन कर रहे किसान तिकुनिया में जमा हो गए थे। केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी के गांव में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रविवार को डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य लखीमपुर पहुंचे थे। हालांकि उनको पहले हेलीकॉप्टर से यहां पहुंचना था, लेकिन उनके आने से पहले ही भारी मात्रा में किसानों ने हेलीपैड को घेर लिया था।

लखीमपुरखीरी बवाल पर राहुल गांधी का ट्वीट, 'जो अभी भी चुप, वो पहले ही मर चुका है'

नई दिल्ली (एजेंसी)। यूपी के लखीमपुरखीरी में बीजेपी नेताओं की गाड़ी से किसानों के कुचले जाने के बाद हुआ बवाल अब राजनैतिक रंग लेने लगा है। मामले में पहले समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने ट्वीट कर यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ से इस्तीफे की मांग की तो अब कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ट्वीट करते हुए सरकार पर निशाना साधा है।राहुल गांधी ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर लाइव हिन्दुस्तान पर छपी बवाल की खबर शेयर करते हुए लिखा है, ठजो इस अमानवीय नरसंहार को देखकर भी चुप है, वो पहले ही मर चुका है। लेकिन हम इस बलिदान को बेकार नहीं होने देंगे-किसान सत्याग्रह जिंदाबाद! इससे पहले समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने ट्विटर पर बीजेपी सरकार को लताड़ लगाई। उन्होंने किसान आंदोलन का समर्थन करते हुए जख्मी किसान को इलाज देने की मांग उठाई। साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यानाथ से इस्तीफा मांगा है।

लखीमपुर खीरी बनेगा जंग का नया मैदान? किसानों के जत्थे संग राकेश टिकैत रवाना, प्रियंका कल पहुंचेंगी

लखीमपुर खीरी (एजेंसी)। लखीमपुर खीरी में भाजपा नेताओं और किसानों के बीच सेटकराव के बाद शुरू हुआ बवाल जल्द थमने की संभावना नहीं दिख रही है। ऐसे में लखीमपुर खीरी जंग का नया मैदान बनने जा रहा है। राकेश टिकैत भी किसानों के जत्थे के साथ दिल्ली बार्डर से लखीमपुर खीरी के लिए रवाना हो गए हैं, जबकि कांग्रेस महासचिव प्रियंका वाड्रा भी वहां कल पहुंच रही हैं। भारतीय किसान यूनियन ने अपने आधिकारिक ट्वीटर हैंडल से राकेश टिकैत की रवानगी की जानकारी देने के साथ ही बताया कि केंद्रीय गृहराज्यमंत्री अजय टेनी के बेटे की कार से तीन किसानों की मौत हो गई है। किसान नेता तजेंद्रर सिंह विर्क घायल हैं।हालांकि अभी तक दो लोगों की मौत की पुष्टि हुई है।

लखीमपुरखीरी बवालः योगेंद्र यादव बोले, कल से देशव्यापी आंदोलन शुरू करेंगे किसान

नई दिल्ली (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में प्रदर्शनकारी किसानों को गाड़ी से कुचलने के मामले में सामाजिक कार्यकर्ता योगेंद्र यादव ने घोषणा की है कि सोमवार को देश भर के जिला मजिस्ट्रेट कार्यालयों के बाहर आंदोलन किया जाएगा। मामले में उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय ने पुष्टि की है कि इस घटना में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई है, जिसमें चार प्रदर्शनकारी किसान और चार अन्य लोग शामिल हैं, जो कथित तौर पर किसानों को कुचलने वाली जीप में सवार थे। बता दें कि रविवार को उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के दौरे के दौरान किसानों का एक समूह कृषि विरोधी कानूनों का विरोध कर रहा था। इस दौरान कुछ किसान बीजेपी नेताओं के काफिले की चपेट में आ गए। इस दौरान मौके पर मौजूद किसान भड़क गए और इलाके में हिंसा भड़क गई। किसान मौर्य के केंद्रीय गृह राज्य मंत्री खीरी के सांसद अजय कुमार मिश्रा के पैतृक गांव बनबीरपुर जाने का विरोध कर रहे थे।

बंगाल उपचुनावः तृणमूल कांग्रेस का तीनों सीटों पर कब्जा, ममता बोलीं- नंदीग्राम की साजिश का मुंहतोड़ जवाब

नई दिल्ली (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की अगुवाई वाली पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने भवानीपुर के साथ-साथ जांगीपुर और समसेरगंज सीट भी जीत ली है। जांगीपुर से टीएमसी उम्मीदवार जाकिर हुसैन को 92 हजार से अधिक वोटों से जीत हासिल हुई है। बता दें कि विधानसभा उपचुनाव में सबकी नजरें भवानीपुरी की सीट पर टिकी थीं। क्योंकि यहां से खुद ममता बनर्जी मैदान में थीं। वर्बो, बीजेपी ने प्रियंका टिबरेवाल को उम्मीदवार घोषित किया था। भवानीपुरी में ममता बनर्जी को 58,835 वोटों से जीत हासिल हुई है। भवानीपुरी में जीत के साथ ही ममता बनर्जी ने अपनी कुर्सी से खतरे को खत्म कर दिया है। जीत के बाद ममता बनर्जी ने कहा कि नंदीग्राम में रची गई साजिश का भवानीपुर के लोगों ने मुंहतोड़ जवाब दिया है।बता दें कि विधानसभा चुनावों में नंदीग्राम सीट से बनर्जी के हारने के बाद राज्य के मंत्री सोवनदेब चट्टोपाध्याय ने भवानीपुर सीट खाली कर दी थी ताकि बनर्जी इस सीट से जीत हासिल कर विधानसभा में लौट सकें। टीएमसी ने अप्रैल-मई में हुए विधानसभा चुनावों में इस सीट पर करीब 28,000 मतों के अंतर से जीत हासिल की थी। वहीं, मुर्शिदाबाद जिले के जंगीपुर और समसेरगंज में एक-एक उम्मीदवार की मौत के बाद मतदान स्थगित कर दिया गया था। भवानीपुर में 57 फीसदी से ज्यादा मतदान हुआ था। समसेरगंज और जंगीपुर में क्रमशः 79.92 प्रतिशत और 77.63 प्रतिशत मतदान हुआ था।

गोवा में बीजेपी लगाएगी जीत की हैट्रिक? टीएमसी की एंट्री से रोचक हुई सियासी लड़ाई

पणजी (एजेंसी)। गोवा के राजनीतिक परिदृश्य में तृणमूल कांग्रेस के पदार्पण और दो क्षेत्रीय दलों द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने की घोषणा करने से मुकाबला रोचक हो गया है। यहां सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी, विपक्षी दल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी और शिवसेना अपने दम पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही हैं। 'रिवॉल्यूशनरी गोअन्स' और 'गोएन्चो आवाज' वो दो क्षेत्रीय दल हैं जो पहली बार चुनाव में किस्मत आजमाएंगे। इनके अलावा गोवा फॉरवर्ड पार्टी (जीएफपी) तथा महाराष्ट्रवादी गोमंतक पार्टी (एमजीपी) भी सत्ता की दौड़ में शामिल हैं।भाजपा यहां 2012 से सत्ता में है और लगातार तीसरी बार सरकार बनाने का प्रयास कर रही है। भाजपा को लगता है कि चुनावी रण में जितनी ज्यादा पाटिर्यां होंगी, उसके लिए उतना अच्छा होगा क्योंकि इससे विपक्ष को मिलने वाले वोट बंटेंगे। पश्चिम बंगाल में सत्ताधारी दल तृणमूल कांग्रेस ने हाल में कहा था कि उसकी योजना गोवा की सभी 40 सीटों पर चुनाव लड़ने की है। कांग्रेस के पूर्व विधायक लुईजिन्हो फालेयरो कुछ दिन पहले ही तृणमूल कांग्रेस में शामिल हुए हैं। एमजीपी के पूर्व विधायक लावु ममलाकर भी ममता की पार्टी में सदस्य बन चुके हैं, लेकिन इसके बाद किसी अन्य स्थानीय प्रभावशाली नेता ने ऐसा नहीं किया है। अरविंद केजरीवाल नीत आम आदमी पार्टी (आप) ने 2017 के गोवा विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी उतारे थे लेकिन उसका खाता तक नहीं खुला। इस बार भी 'आप' ने आगामी चुनाव लड़ने का फैसला किया है।

कांग्रेस सत्ता में लौटने को आतुर है और ऐसा लगता है कि वह समान विचारधारा वाली पाटिर्यों के साथ गठबंधन के लिए राजी नहीं है। गोवा प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष गिरीश चोडनकर ने हाल में इस बाबत पूछे जाने पर कहा था, ङ्खयह निणर्य लेना मेरा काम नहीं है। इस पर हाईकमान फैसला लेगा। वर्ष 2017 में कांग्रेस ने 40 सदस्यीय विधानसभा में सबसे ज्यादा 17 सीटें हासिल की थीं और भाजपा को 13 सीटें मिली थीं। हालांकि, भाजपा ने क्षेत्रीय दलों के समर्थन से मनोहर पर्रिकर के नेतृत्व में सरकार बना ली थी। जीएफपी ने कांग्रेस के साथ हाथ मिलाने की पहल की थी और उसका भी कहना है कि इस प्रस्ताव पर अभी तक कोई ठोस जवाब नहीं मिला है।

बच्चों की कोविड वैक्सीन को मंजूरी का इंतजार, भारत बायोटेक ने डीसीजीआई को भेजा डेटा

नई दिल्ली (एजेंसी)। देश को पहली स्वदेशी कोरोना रोधी वैक्सीन देने वाली कंपनी भारत बायोटेक जल्द ही 2 से 18 साल के बच्चों के लिए भी टीका ला सकती है। कंपनी ने बच्चों पर ट्रायल का डेटा ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया यानी डीसीजीआई को सौंप दिया है। इसका अर्थ है कि अब बच्चों की वैक्सीन लॉन्च होने से महज एक कदम दूर है। एक खबर के मुताबिक, हैदराबाद स्थित कंपनी की चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर डॉक्टर कृष्णा एल्ला ने बताया कि भारत बायोटेक ने 2 से 18 साल के वॉलंटियर पर किए ट्रायल का डेटा डीसीजीआई को सौंप दिया है।

नवजोत सिद्धू के एक और ट्वीट से इरादे साफ, सीएम चन्नी से अपनी बात पर अभी भी अड़े

पंजाब (एजेंसी)। कांग्रेस नेता नवजोत सिंह सिद्धू ने रविवार को फिर से पंजाब के पुलिस प्रमुख और महाधिवक्ता को अपनी ही पार्टी की सरकार से बदलने की जोरदार मांग की है। सिद्धू ने ट्वीट किया कि ठडीजी और एजी की नियुक्ति पीड़ित लोगों के जख्मों पर नमक है। उन्हें बदला जाना चाहिए।

चरणजीत सिंह चनने के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार पर पुलिस महानिदेशक और राज्य के महाधिवक्ता को बदलने के लिए दबाव डालने वाले उनके ट्वीट से संकेत साफ है कि वे इन महत्वपूर्ण नियुक्तियों से नाखुश हैं।नवजोत सिंह सिद्धू और मुख्यमंत्री चनने की बैठक के तीन दिन बाद बात सामने आई है कि राज्य सरकार के सभी बड़े फैसलों पर परामर्श के लिए एक समन्वय पैनल स्थापित किया गया था। नवजोत सिंह सिद्धू ने आज ट्वीट किया कि ठन्याय की मांग और नशीली दवाओं के अवैध धंधे के मुख्य दोषियों की गिरफ्तारी के लिए 2017 में हमारी सरकार सत्ता में आई लेकिन उद्देश्य से भटकने पर सीएम को हटना पड़ा। अब एजी और डीजी नियुक्तियां पीड़ितो के घावों पर नमक छिड़कने का काम कर रही है, उन्हें तत्काल हटाया जाना चाहिए, क्या हमारे पास कोई चेहरा नहीं है!! कुछ दिन पहले भी पंजाब कांग्रेस प्रमुख से इस्तीफा देते हुए नवजोत सिंह सिद्धू ने पुलिस महानिदेशक, राज्य के महाधिवक्ता और ठदागीठ नेताओं की नियुक्ति पर सवाल उठाए थे। सिद्धू वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी इकबाल प्रीत सिंह सहोता को हटाने की मांग कर रहे हैं। जिन्हें पंजाब के पुलिस महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। सहोता तत्कालीन अकाली दल सरकार द्वारा 2015 में गठित एक विशेष जांच दल (एसआईटी) के प्रमुख बने रहे हैं। वहीं, क्रिकेटर से राजनेता बने ए एस देओल को राज्य का नया महाधिवक्ता नियुक्त करने पर भी सिद्धू सवाल उठा रहे हैं।

सिब्बल के पार्टी अध्यक्ष नहीं होने वाले बयान पर खड़गे का पलटवार, कहा-

यह झूठ है, आज-कल में सुलझा लेंगे पंजाब मसला

नई दिल्ली (एजेंसी)। पंजाब कांग्रेस में घमासान को लेकर कपिल सिब्बल के बयान पर मल्लिकार्जुन खड़गे ने पलटवार किया है। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि कपिल सिब्बल जो कह रहे हैं कि कांग्रेस में अध्यक्ष नहीं है, वह झूठ है। बता दें कि पंजाब में नवजोत सिंह सिद्धू के इस्तीफे के बाद कपिल सिब्बल ने सोनिया गांधी को पत्र लिखा था। पार्टी पर हमला बोलते हुए सिब्बल ने कहा था कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमारे पास फिलहाल कोई अध्यक्ष तक नहीं है। कपिल सिब्बल की ओर से पत्र लिखे जाने के बाद गुलाम नबी आजाद, समेत कई नेता उनके समर्थन में आ गए थे। कपिल सिब्बल के इसी बयान पर अब कांग्रेस के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने पलटवार किया है। खड़गे ने कहा कि कांग्रेस में कई बार विभाजन हुआ है, यह कोई नई बात नहीं है। सोनिया गांधी हमारी पार्टी की अध्यक्ष हैं, वे काम कर रही हैं। जो कह रहे हैं कि कांग्रेस में अध्यक्ष नहीं है, वह झूठ है। खड़गे ने आगे कहा कि पंजाब कांग्रेस की समस्या को हम आज या कल में सुलझा लेंगे। वहां पर मामला सुलझ जाएगा, इसमें कोई संशय नहीं है।बता दें कि पंजाब कांग्रेस ईकाई में जारी कलह उस समय उभरकर सामने आ गया जब पिछले महीने के आखिरी में नवजोतत सिंह सिद्धू ने राज्य कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। सिद्धू के इस्तीफे के बाद तीन और नेताओं ने इस्तीफा दे दिया। सिद्धू ने सोनिया गांधी को लिखे पत्र में कहा 'किसी भी व्यक्ति के व्यक्तित्व में गिरावट समझौते से शुरू होती है, मैं पंजाब के भविष्य और पंजाब के कल्याण के एजेंडे को लेकर कोई समझौता नहीं कर सकता हूं। इसलिए, मैं पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देता हूं. कांग्रेस की सेवा करना जारी रखूंगा।'

खबर संक्षेप

नमो क्विज प्रतियोगिता का आयोजन आज

सहसों। जिला युवा मोर्चा गंगापार अध्यक्ष नवीन सिंह पटेल के नेतृत्व में आज दिन सोमवार को छत्रपति शिवाजी डिग्री कॉलेज में नमो क्विज प्रतियोगिता रखा गया है। जिसमे जिस प्रतियोगी विद्यार्थी का उम्र 18 वर्ष पुर्ण हुआ हो, विद्यार्थी इण्टर पास हो या स्नातक कर रहा हो, ऐसे प्रतियोगी विद्यार्थी हिस्सा ले सकते हैं।जिसमे चयनित प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किये विद्यार्थियों को जनप्रतिनिधियों द्वारा सम्मानित किया जयेगा तथा सभी को प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। प्रतियोगिता छत्रपति शिवाजी डिग्री कालेज सहसों में आयोजित है। आयोजन का शुभारंभ समय सुबह 10 बजे से होगा। उक्त जानकारी साक्षी सिंह मीडिया प्रभारी जिला भाजपा युवा मोर्चा गंगापार ने दी।

सपा प्रदेश अध्यक्ष का आगमन आज

सहसों। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल का आगमन आज सोमवार को दोपहर बाद लगभग एक बजे क्षेत्र के बंदरहिया बाग रुदापुर मे होगा। वे किसान,नौजवान जनसभा को संबोधित करेंगे। उक्त जानकारी समाजवादी पार्टी के पूर्व सांसद नागेंद्र सिंह पटेल ने दी है।

पंचायतीराज मंत्री आज करेंगे कपारी में बने मिनी सचिवालय का उद्घाटन

● डीपीआरओ और डिप्टी डायरेक्टर ने तैयारियों का लिया जायजा

शंकरगढ़ के ग्राम पंचायत कपारी में नवनिर्मित मिनी सचिवालय बनकर तैयार

अखंड भारत संदेश

शंकरगढ़। विकास खंड शंकरगढ़ के ग्राम पंचायत कपारी में नवनिर्मित मिनी सचिवालय का उद्घाटन चार अक्टूबर को किया जाएगा। पंचायतीराज मंत्री भूपेंद्रनाथ चौधरी भवन का लोकार्पण करने के साथ-साथ यहां पर पौधरोपण भी करेंगे। मंत्री के आगमन को लेकर कपारी में दो दिन से तैयारियां की जा रही हैं।रविवार को डीपीआरओ आलोक सिन्हा, डिप्टी डायरेक्टर और उपजिलाधिकारी बारा ने मौका मुआयना कर तैयारियों का जायजा लिया। खंड विकास अधिकारी शंकरगढ़ अमित कुमार मिश्र ने बताया कि क्षेत्र के ग्राम पंचायत कपारी में नवनिर्मित मिनी सचिवालय का उद्घाटन किया जाना है। इसके लिए ग्राम पंचायत कपारी में तैयारियां की जा रही हैं। पंचायतीराज मंत्री भूपेंद्रनाथ चौधरी चार अक्टूबर को भवन का लोकार्पण करेंगे। इस दौरान वह पौधरोपण करने के साथ स्थानीय सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण भी करेंगे। ग्राम विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार मौर्या ने बताया कि उक्त आयोजन को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। जिसे आज अंतिम रूप दिया गया। ग्राम कपारी में मंत्री के आगमन को लेकर डीपीआरओ के साथ उपजिलाधिकारी बारा सौम्या गुरुरानी ने भी तैयारियों का जायजा लिया।

बता दें कि पंचायती राजमंत्री चार अक्टूबर को प्रयागराज आ रहे हैं। प्रयागराज से वह चित्रकूट के रामनगर में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए जाएंगे। इसी दौरान पूर्वाह्न पौने दस बजे कपारी में मंत्री भूपेंद्रनाथ चौधरी भवन का लोकार्पण करेंगे।

महापुरुषों के जीवन पर चलने की आवश्यकता : अनिल विश्वकर्मा

जसरा। देश मे शैक्षिक, राजनैतिक एवम सांस्कृतिक विकास के असली कर्णधार हमारे महापुरुष ही होते हैं जिनके प्रेरणा एवम पदचिन्हो पर चलकर राष्ट्र की खुशहाली के बंद पड़े तालों को आसानी से खोला जा सकता हैं इसी क्रम मे देश की आजादी मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले महत्मा गांधी जिन्होंने अनेकों यातनाओं को सहते हुए विभिन्न आंदोलनो के माध्यम से देश की आजादी मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का असधारण कार्य किये किये थे क्रम मे देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री भी हैं जों आजीवन लोगों के ह्रदय मे अपनी सादगी, नैतिकता एवम कृषि जगत मे अनेकों सराहनीय योगदान के लिए जिन्दा रहेंगे उक्त बातें कमला स्मारक इंटर कालेज के प्रबंधक अनिल कुमार विश्वकर्मा ने शनिवार को महत्मा गांधी एवम लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर अपने उदबोधन के दौरान व्यक्त किये। इस अवसर पर महापुरुषो के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए प्रधानाचार्या श्रीमती अलका विश्वकर्मा ने भी महापुरुषों के जीवन से सम्बंधित अनेकों रोचक जानकारियां साझा करते हुए महान व्यक्तित्व जीवन से सीख लेकर उनके पदचिन्हो पर चलने के लिए प्रेरित भी की। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक एवम शिक्षिकाएं भी मौजूद रहीं।

मेजा के युवक की सूरत में चाकू के हमले से मौत

अखंड भारत संदेश

मेजा रोड। क्षेत्र के तरवाई (कपूरी का पुरा) निवासी दिलबहार की मौत छाती में चाकू के बार से हो गई। सूरत से उसका शव घर पहुंचा तो माता-पिता और भाई दहाड़ें मारकर रोने लगे।

तरवाई के कपूरी का पुरा गांव निवासी दिलबहार पुत्र शौकत का शव सूरत से घर पहुंचा तो घर में कोहराम मच गया। दिलबहार के भाई दहाड़ें मारकर रोने लगे। बेटे का शव देख मां बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ी। होश आया तो बोली कि यदि बेटे के साथ ऐसी अनहोनी घटना का पता पहले होता तो वह घर से परदेस न जाने देती। दिलबहार के पिता शौकत अली भी बेटे के मारे जाने से दुखी हैं। घर के एक कोने में गुमशुम बैठे, पिता शौकत को बेटे के मारे जाने की खबर नहीं दी गई थी। बेटे का शव वाहन से घर पहुंचा तो वह यही पूछते रहे कि आखिर उनके बेटे के साथ क्या हो गया। तरवाई के कपूरी का पुरा गांव के शौकत कपड़े की फेरी लगाकर परिवार का खर्च चलाते हैं। उनके

चार बेटों में तीसरे नंबर का दिलबहार गुजरात के सूरत शहर में एक कंपनी में काम करता रहा। दो दिन पहले उसका किसी व्यक्ति से झगड़ा हुआ था। इस बात को दिलबहार ने गंभीरता से नहीं लिया। गुरुवार की शाम जब वह घर से कंपनी के लिए निकला तो पहले से रास्ते पर बैठे बदमाश ने दिलबहार पर चाकू से हमला कर दिया। सीने की बाईं तरफ चाकू लगने से मौके पर ही उसने दम तोड़ दिया था।

फांसी के फंदे पर लटकती मिली विवाहिता का शव

अखंड भारत संदेश

पति समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दज

नैनी। औद्योगिक क्षेत्र के मुंगारी गांव में बीती रात एक विवाहिता किसी बात से नाराज होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर जान दे दी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। मायका पक्ष की तहरीर मिलने पर पुलिस ने पति समेत चार के खिलाफ दहेज उत्पीड़न मामले में रिपोर्ट दर्ज की है। जानकारी के मुताबिक मिजार्पुर के लहनपुर कोठी की रहने वाली रंजना कुशवाहा (28) की शादी औद्योगिक क्षेत्र के मुंगारी गांव के रहने वाले आशीष कुशवाहा के साथ बीते लगभग पांच वर्ष पूर्व हुई थी। आशीष कुशवाहा दुकान चलाते हैं। जबकि एक डेढ़ वर्ष का पुत्र भी है। बताया जाता है कि किसी बात को लेकर रंजना कुशवाहा नाराज चल रही थी। शनिवार रात में भोजन आदि करने के बाद वह अपने कमरे में सोने के लिए चली गई। रविवार सुबह जब उसके कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो परिजनों ने बाहर से आवाज लगाई, लेकिन अंदर से कोई प्रक्रिया न मिलने पर जब खिड़की से देखे तो परिजन दंग रह गए। विवाहिता दुपट्टे और पंखे की मदद से फांसी के फंदे पर झूल रही थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और किसी तरह बंद दरवाजे को खोला और उसे फांसी के फंदे से नीचे उतारा गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। जिसे परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस जांच पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। वहीं मायका पक्ष के लोग पहुंचे और ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाकर जमकर हंगामा करने लगे। हालांकि पुलिस ने मायका पक्ष की तहरीर मिलने पर पति समेत चार ससुरालियों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कर जांच पड़ताल करने में जुटी हुई है।

दबंगो द्वारा तालाब पर कब्जा ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन

उतरांव। हंडिया तहसील अंतर्गत मोहम्मदाबाद गांव में 7 बीघा 12 बिस्वा के तालाब पर दबंगों द्वारा कब्जा कर निर्माण कर लिया गया है। वही तालाब वर्तमान समय में 3 बीघा तक सुरक्षित बचा हुआ है। उसमें भी दबंगों द्वारा सेंध लगाने की बारी है। ग्रामीणों ने रविवार को लामबंद होकर दबंगों के खिलाफ हाथ उठाकर विरोध प्रदर्शन करते हुए उप जिलाधिकारी समेत विभागीय अधिकारियों से जल्द से जल्द तालाब खाली कराए जाने की मांग की है। मोहम्मदाबाद गांव में कई तालाब हैं जिसमे सबसे बड़ा तालाब 7 बीघा 12 बिस्वा का है। जिस पर गांव के दर्जनों दबंगों द्वारा कब्जा कर लिया गया है। तालाब कब्जा हो जाने से गांव का पानी की निकासी भी बंद हो गया है।बारिश में अक्सर बरसात का पानी का सड़क व बस्तियों में भरा रहता है। जिसको लेकर रविवार को दर्जनों की संख्या में ग्रामीण नियाज उमेश बबलू रमेश दीपचंद अरविंद रामसागर राकेश इंद्र कुमार कयूम रोहित विद्यासागर राकेश चौकीदार आलोक आदि लामबंद होकर दबंगों के खिलाफ हाथ उठाकर विरोध प्रदर्शन करते हुए राजस्व कर्मी व उच्च अधिकारियों से जल्द से जल्द तालाब खाली कराए जाने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि तालाब का मामला न्यायालय दाखिल किया गया है। जिस पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी। फिर हाल ग्रामीणों का कहना है कि प्रतियोगी छात्र यदि साफ-सफाई व तालाब खुद जाने से ऊपर तैयारियां भी कर सकते हैं। बताया कि यदि उप जिलाधिकारी के यहां से कार्यवाही नहीं हुई तो उच्च न्यायालय की शरण में जाएंगे।

पुरैनी गांव की सड़क तालाब के पानी से बचाव के लिए बनेगा तटबंध : बीडीओ

अखंड भारत संदेश

करछना। विकास खंड के ग्राम पंचायत पुरैनी हासिमपुर सडक मार्ग से लगें तालाब में पानी भर जाने से सडक मार्ग तालाब में समाहित होने के कगार पर हैं । बरसात के मौसम में सडक के किनारे लगें तालाब में पानी भर जाने से सडक मार्ग धीरे-धीरे कट कर तालाब में तब्दील हो रहा है, जिसको गंभीरता से लेते हुए खंड विकास अधिकारी करछना जितेन्द्र कुमार ने निरीक्षण के दौरान गांव वालों को भरोसा दिलाया कि इस समस्या से निजात पाने के लिए जल्द से जल्द कटान रोकने के लिए सडक मार्ग व तालाब के बीच पक्का तटबंध का कार्य

तालाब व सडक मार्ग पुरैनी का दृश्य

कराया जाएगा जिससे तालाब के पानी से सडक मार्ग को बचाया जा सके।इस मौके पर .ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी सहित ग्राम पंचायत पुरैनी हासिमपुर के प्रधान मंजू पाण्डेय के प्रतिनिधि अवधेश पांडेय, सुरेश पाण्डेय, संतोष पांडेय, संजीव श्रीवास्तव कर्मचारी उपस्थित रहे।

केंद्र व प्रदेश सरकार की ओर से दिव्यांग जनों को मिलेगी लाभकारी सहायता : पंकज शुक्ला

अखंड भारत संदेश

करछना। केंद्र व प्रदेश सरकार की ओर से दिव्यांग जनों के सहायतार्थ हेतु चलायी जा रही अनेक लाभकारी योजनाओं को हर एक पात्र गरीब लोगों तक पहुंचाने के लिए जानकी फाउंडेशन की ओर से जनसंपर्क अभियान शुरू किया गया है । यह जानकारी जानकी फाउंडेशन के सचिव अधिवक्ता पंकज शुक्ला ने दी है। उन्होंने बताया कि जनसंपर्क अभियान में सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित रहे रजिस्टर्ड दिव्यांग जनों की सूची तैयार की जा रही है। जानकी फाउंडेशन के सचिव अधिवक्ता पंकज शुक्ला ने बताया कि इस समस्या के समाधान हेतु करछना के शुक्लगंज में एक बैठक कर के 7 सदस्यीय टीम भी गठित की गई । जिसमें सरकार की योजनाओं के लाभ

दिव्यांग जनों को जानकारी देते फाउंडेशन के लोग

से वंचित चल रहे रजिस्टर्ड दिव्यांग जनो की सूची तैयार करके उन्हें शासन प्रशासन से उनके अनुरूप सुविधा मुहैया कराई जाएगी। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जानकी फाउंडेशन के सचिव अधिवक्ता पंकज शुक्ला ने कहा कि क्षेत्र के सभी दिव्यांग जनों की सरकार की ओर से चलाई जा रही उनकी तमाम सुविधाओं को उपलब्ध मौजूद कराना जानकी फाउंडेशन की पहली प्राथमिकता होगी । बैठक का संचालन शशिकांत पांडेय ने किया । 7 सदस्यीय टीमों में जेपी शुक्ला सिद्धेश शर्मा शिशिन सिंह विमल तिवारी विवेक मिश्र शशिकांत पांडेय संजय सोनी जेई शामिल हैं। इस मौके पर अनिल कुमार तिवारी विवेक शुक्ला सुरेश कुमार शुक्ला प्रभात चंद्र विश्वकर्मा इंद्रेश शुक्ल संतलाल आदिवासी रोहित विश्वकर्मा विपिन पाल मुकेश भारतीय बृजेश शर्मा पवन विश्वकर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

विधायक ने गांधी जयंती पर किया लोकार्पण

अखंड भारत संदेश

राष्ट्र पिता के ग्राम स्वराज के सपने को पूरा कर रही सरकार कोटहा पंचायत भवन सहित कई मार्गों का हुआ उद्घाटन

मेजा रोड। क्षेत्रीय विधायक श्रीमती नीलम करवरिया ने गांधी जयंती के मौके पर कई विकास कार्यों का लोकार्पण किया। उन्होंने कोटहा पंचायत भवन का उद्घाटन कर कहा कि गांधी जी की सोच रही कि राष्ट्र विकास का रास्ता पंचायत की पगडंडियों से होकर गुजरता है।भाजपा सरकार ने पंचायत के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता दी है। हमारी कोशिश है कि क्षेत्र की पंचायतें खुशहाल हों और आम जनता अमन चैन से रहे। गांधी जी ने भी ग्राम सुराज का सपना देखा था, कोशिश रहेगी कि उनकी सोच को अमलीजामा पहनाया जा सके।

क्षेत्रीय विधायक श्रीमती नीलम करवरिया ने कोटहा पंचायत भवन के लोकार्पण के बाद कहा कि 2 अक्टूबर देश के लिए किसी बड़े पर्व की तरह है। राष्ट्र पिता महात्मा गांधी और देश के पूर्व

कोटहा पंचायत भवन सहित कई मार्गों का फीता काटकर लोकार्पण करतीं विधायक

प्रधानमंत्री की जन्म जयंती के यैतिहासिक दिन को हम सब गांधी जी के ग्राम स्वराज के सपने को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। गांधी जी कहते थे कि गांव की खुशहाली और गरीबों को पेट भर भोजन के साथ हर सर को छत तथा प्रत्येक हाँथ को काम मिले तभी सही मायने में अखण्ड भारत का रूप उभर कर सामने आता है।देश और प्रदेश की भाजपा सरकारें इसी दिशा में आगे बढ़ रही हैं। मुझे खुशी है कि क्षेत्र की पंचायतें सज और संवर रही हैं।

कोटहा में पंचायत भवन और खानपुर में करीब 75 लाख की लागत से बनी इन्टरलाकिंग संपर्क मार्ग का विधायक ने लोकार्पण किया। उन्होंने एक करोड़ से अधिक लागत वाली रामनगर से बकचूदां संपर्क मार्ग का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा मेरी कोशिश है कि क्षेत्र की पंचायतें खुशहाल हों और आम जनता को हर सहूलियत प्राप्त हो। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान संघ अध्यक्ष राजेश द्विवेदी,वरिष्ठ पत्रकार मुनेस्वर मिश्र,प्रमुख प्रतिनिधि मेजा गंगा प्रसाद मिश्र,टुनटुन तिवारी, प्रभा शंकर उर्फ रिंकू ओझा,पप्पू दुबे,कमलेश पांडेय,धीरज द्विवेदी,मनोज पांडेय,नचबुल, विधायक के निजी सचिव जितेंद्र शुक्ला विपिन तिवारी,बंसीलाल प्रजापति, ब्लॉक के एडीओ पंचायत सुदामा राम गावड़े,कामराज जायसवाल,धनञ्जय यादव,सबिता यादव सहित भारी भीड़ मौजूद रही।

गांधी जयंती पर आयोजित हुई सभा

लालापुर। क्षेत्र के मनकामेश्वर धाम लालापुर में शनिवार को गांधी जयंती के अवसर पर एक सभा का आयोजन भाजपा के जिलाप्रतिनिधि शंकरलाल पांडेय की अगुवाई में आयोजित किया गया गया।सभा की अध्यक्षता शिवयश पांडेय ने किया।सभा को सम्बोधित करते हुए विधायक बारा डाक्टर अजय कुमार भारती ने कहा की महात्मा गांधी के चरित्र से सीख लेने की जरुरत है।आज के दिन हम सब को प्रतिज्ञा लेना चाहिये की हम अपने तन-मन और आस पास किसी भी प्रकार की गंदगी को इकट्ठा नहीं होने देंगे।सभा को मंडल अध्यक्ष वंदना सिंह,शिवयश पांडेय,शंकरलाल पांडेय,सुरेश त्रिपाठी,रामानन्द त्रिपाठी,विवेक उर्फ लाला शुक्ल,राधेश्याम मिश्र आदि ने सम्बोधित किया।इस मौके पर बड़का शुक्ल,अवधेश तिवारी,अभिषेक तिवारी,मुन्नू शुक्ल,आशीष मिश्र,मनोज त्रिपाठी,शैलेंद्र पांडेय,दीपक पांडेय,दीप चंद्र शुक्ल,कृष्णराज सिंह,माखन पांडेय,दीपनारायण शास्त्री,मोहन यादव,प्रधान दीपेश मिश्र,शिव नरेश उर्फ राजू ,राम करन निषाद,सूरज शुक्ल,अनुराग मिश्र,भूपेन्द्र मिश्र,मंशालाल,हेमराज,सुमेश शुक्ल,अमर सिंह पटेल,नंदलाल पाल,बसंतराम पाल,रामकुमार सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

सभा को सम्बोधित करते वक्ता

न्यूज झरोखा

भाजपा युवा मोर्चा जिला सदस्य कार्तिकेय कुशवाहा हुए सम्मानित

करछना। विधान सभा करछना क्षेत्र के भाजपा पार्टी से जुड़े रहे सक्रय कार्यकर्ता के सराहनीय कार्य व निष्ठ पर गत दिनों पार्टी पदाधिकारियों ने कार्तिकेय कुशवाहा को भाजपा युवा मोर्चा का जिला सदस्य पद मनोनीत किया गया था। इसी कडी को लेकर रविवार को जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष सुधाकर पांडेय ने कार्तिकेय कुशवाहा को पुष्प गुच्छ भेंट कर बधाई दी । कार्यक्रम में उपस्थित जिला उपाध्यक्ष राजू मिश्रा जिला मंत्री महेंद्र सिंह पटेल अंकित कुशवाहा दीपक प्रजापति सनी सिंह आदि समस्त जिला टीम उपस्थितः कार्तिकेय कुशवाहा का किया गया सम्मान और नए कार्यकाल की दी बधाई।

कांशी राम जयंती को यादगार बनाने में जुटे बसपा कार्यकर्ता

मेजा रोड। बसपा के संस्थापक काशीराम की जयंती को यादगार बनाने की तैयारी व अपना बूथ सबसे मजबूत करने को लेकर रविवार को बसपा सेक्टर प्रभारी टीएन जैसल के समहन आवास पर एक बैठक आयोजित की गयी।बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में अमरेंद्र बहादुर भारतीय सेक्टर प्रभारी प्रयागराज मिजार्पुर मंडल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में बसपा नेता चांद मोहम्मद चंदू रहे।बैठक में चांद मोहम्मद "चंदू" ने कहां की आगामी विधान सभा के चुनाव की तैयारियों में बूथ स्तर के पदाधिकारी व कार्यकर्ता जुट जाएं। आगे कहां की विधानसभा चुनाव में अब समय नहीं बचा है। 2022 में बहन मायावती के नेतृत्व में सरकार बनना तय है। आगामी 9 अक्टूबर को पार्टी के संस्थापक काशीराम की मनाई जाने वाली पुण्यतिथि कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने को लेकर चर्चा हुई । बैठक में जिलाध्यक्ष चिंतामणि वर्मा, सभा शंकर तिवारी,लालबाबू तिवारी अंकित मिश्रा,सबल तिवारी मेजा विधान सभा अध्यक्ष सुरेश गौतम सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

मानपुर जिला पंचायत इंटर कालेज को दिया एक करोड़ का अनुदान : डॉ. वी के सिंह

लालापुर। जिला पंचायत इंटर कॉलेज मानपुर में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने स्कूल के भवन, कक्ष शौचालय व बाउंड्रीवाल के निर्माण हेतु एक करोड़ रुपये आवंटन करने की बात कहा। सभा को सम्बोधित करते हुए उन्होंने यह भी कहा की अगर गांव में सरकारी भूमि मिल जाएगी तो बच्चों के लिए स्टेडियम का निर्माण भी ज़िला पंचायत के मद से करा दिया जाएगा।सभा की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष वंदना सिंह ने किया।इस मौके पर प्रधानाचार्य राघवेंद्र प्रताप सिंह, व समस्त स्टाफ एवं कार्यक्रम के आयोजक महाराज सिंह राठौर,विजयसिंह,अनुज सिंह,चंद्रशेखर पाल,प्रधान गुलाब ग्रामीण सिंह,मनोज सिंह,बलबीर सिंह,संजय सिंह भदौरिया,भूपेश सिंह,गोपाल मिश्र,भूपेन्द्र मिश्र,राजेश पांडेय बिरबल,पृथ्वी सिंह,सोनू सिंह उपस्थित रहे।उधर मनकामेश्वर धाम लालापुर में शंकरलाल पांडेय की अगुवाई में आयोजित कार्यक्रम में डाक्टर वी के सिंह ने कहा की मनकामेश्वर धाम के विकाश के लिए जो भी सहयोग होगा उसको हम पूरा करेंगे।इस मौके पर विभव नाथ भारती,राम नेवाज,मनोज त्रिपाठी,सुरेश त्रिपाठी,दीपेश मिश्र,कौशल तिवारी,बीरेन्द्र पांडेय,शिवेंद्र पांडेय,होरी लाल केसरवानी,रामू तिवारी,दीप चंद्र शुक्ल,दीपक पांडेय, राहुल सहित दर्जनो लोग मौजूद रहे।

विश्व प्रकृति दिवस पर विद्यालय मे रोपे गए फल, फूल एवम छायादार पौधे

जसरा। वृक्ष एवम विद्यार्थी दोनों ही देश के प्रगति मे अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं किसी भी राष्ट्र मे वहाँ के युवा शक्ति के बल पर विकास का महत्वपूर्ण स्तम्भ टिका होता हैं इसलिए जितना अधिक से अधिक हों सकें उतना विद्यार्थियों मे उच्च संस्कार एवम शिक्षा के लिए प्रेरित करना चाहिए उक्त उदबोधन बाबा राम नाथ यादव इंटर कालेज के प्रबंधक दयानाथ यादव ने रविवार को विश्व प्रकृति दिवस पर एक आयोजन के दौरान छात्र /छात्राओं को सम्बोधन मे बोल रहें थे।इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष दूधनाथ यादव ने वृक्षारोपण को सबसे नेक कार्य बताते हुए युवा पीढ़ी को बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण एवम उनके संरक्षण के लिए प्रेरित किये साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि यदि वृक्षारोपण एवम पौधसंरक्षण की दिशा मे अभी से सचेत न रहा गया तो आने वाले समय मे इसके बहुत ही विनाशकारी परिणाम होंगें जिसकी भरपाई संभव नहीं हैं संस्थान के अध्यक्ष श्री दूधनाथ यादव ने बच्चों को विभिन्न नेक कार्यो के लिए प्रेरित भी किये।उक्त अवसर पर आदित्य यादव, अंतिमा पटेल, सौरभ, छाया पटेल, संजू पटेल खुशी यादव,सुनील गौड़, कविता पटेल, रामानुज पटेल उपस्थित रहें।

नैनी में गंगा समग्र संगठन का किया गया विस्तार

नैनी। माधव ज्ञान केंद्र में रविवार को गंगा समग्र संगठन विस्तार कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें संगठन मंत्री काशी प्रांत अम्बरीष ने गंगा समग्र आयामों पर प्रकाश डाला। काशी प्रांत सह-संयोजक राकेश मिश्र ने नव गठित इकाई की घोषणा की। जिसमें शिव शंकर दीक्षित को संरक्षक, विजय मंगल संयोजक, उदय शंकर पाल सह-संयोजक, सुरेश शुक्ला सरोवर प्रमुख, संदीप एसटीपी प्रमुख, अवधेश गंगा सहनदी प्रमुख, प्रभात युवा वाहिनी, राधेश्याम सम्पर्क प्रमुख, यज्ञ लाल तिवारी गंगा आश्रित प्रमुख, रामा नन्द वृक्षारोपण प्रमुख, शत्रुहन पाण्डेय विधि प्रमुख, गिरीश चंद्र शिक्षण संस्थान प्रमुख, संजय गुप्ता स्वास्थ्य प्रमुख, सुनील मिश्रा संचार प्रमुख एवं विवेक को आरती प्रमुख घोषित किया गया है। बैठक में विभाग व्यवस्था प्रमुख रमेश दत्त पाण्डेय समेत कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

देर रात तक नामचीन कवियों ने सजाई महफिल

शंकरगढ़। श्रीमती नीलम देवी पत्नी ठाकुर इलाहाबादी की स्मृति में श्रीपति सरजू प्रसाद जूनियर हाईस्कूल में विशाल कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। 16वें आयोजन में यूपी और एमपी के नामचीन कवियों ने स्रोताओं को खूब गुदगुदाया। कवियत्री डॉ. नीलिमा ने अपनी रचना लबों पे मेरे हर पल यह नाम किसका है और कवि प्रमोद बाबू झा की रचना मंदिर अब श्मशान दिखाई देता है, अपना घर भी जेल दिखाई देता है के द्वारा करारा प्रहार किया। शंकरगढ़ के कवि सुरेश कुमार केसरवानी ओम शांति ने अपनी रचना आंखों का दो मोती नगीना लगे, सुनाया। इसी तरह रींवा से आए कवि कैलाश तिवारी ने चौपट चालीसा कवि मिलन साहू ने हर हर महादेव का नारा घूमता है कश्मीर की घाटी में शिवराजपुर के कवि पंचेश्वर त्रिपाठी ने अपनी रचनाओं से दर्शकों का जमकर मनोरंजन किया। आयोजक ठाकुर इलाहाबादी की रचना ह्यगोली मारी गई बताओ क्या गुनाह था गांधी का, रोक लिया पथ गद्दारों ने आजादी की आंधी का सुनाकर वाहवाही लूटी।

सोशल मीडिया पर बदनामी के डर से छात्रा ने खाया जहर, हालत गंभीर

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। सोशल मीडिया पर बदनाम किए जाने से आहत 20 वर्षीय स्नातक की छात्रा ने जहर खा लिया। घरवाले उसे एसआरएन अस्पताल ले गए जहां गंभीर हालत में उसे भर्ती कर लिया गया। पीड़िता की मां का आरोप है कि लिखित शिकायत करने के बावजूद कीडगंज पुलिस ने मामले में कार्रवाई नहीं की। इससे बेखौफ आरोपियों ने उसकी बेटी को रास्ते में रोककर जान से मारने की धमकी दी। शर्मनाक यह कि मामले में देर रात तक पुलिस की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई थी।कीडगंज क्षेत्र में रहने वाली छात्रा के पिता का निधन हो चुका है और वह अपनी मां और छोटे भाई के साथ रहती है। वह कौशाम्बी स्थित कॉलेज से स्नातक की पढ़ाई कर रही है। उसकी मां ने बताया कि रविवार सुबह वह अपनी बहन के घर चली गई थी। इस दौरान बेटी और बेटा घर पर थे। इसी दौरान बेटी ने कमरे के भीतर जाकर जहर खा लिया। तबियत बिगड़ने पर बेटे ने जानकारी दी तो आसपास के लोग आ गए। सूचना देने पर 112 नंबर की पुलिस आ गई और इसके बाद उसे एसआरएन अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया गया। मां का आरोप है कि मोहल्ले के ही कुछ युवक सोशल मीडिया पर उसकी बेटी को बदनाम कर रहे थे। इंस्टाग्राम पर उसकी फेक आईडी बनाकर दोस्तों व परिचितों को अश्लील मैसेज, तस्वीरें व वीडियो भेज रहे थे। इसकी लिखित शिकायत उसने कीडगंज थाने पहुंचकर की लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

अफसरों से भी गुहार लगाई लेकिन उसे टरकाया जाता रहा। मां का आरोप है कि शनिवार रात आठ बजे उसकी बेटी दवा लेने गई थी तभी बेखौफ युवकों ने उसे जबरन रोककर धमकाया। शिकायत वापस न लेने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। आरोप लगाया कि इसी से आहत होकर उसकी बेटी ने जहर खाकर जान देने की कोशिश की।

इस मामले में सबसे चौंकाने वाला रवैया कीडगंज पुलिस का रहा। इंस्पेक्टर सुनील कुमार बाजपेयी छात्रा के जहर खाने की घटना की जानकारी से इंकार करते रहे। जब उनसे फेक आईडी बनाकर बदनाम किए जाने की शिकायत के बाबत पूछा गया तो पहले तो उन्होंने शिकायत मिलने से ही इंकार कर दिया। थोड़ी देर बाद बोले कि एक शिकायत सोशल मीडिया के माध्यम से आई थी, जिसका जवाब सोशल मीडिया के जरिए ही भेज दिया गया है। लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि क्या जवाब भेजा गया है। उधर सीओ बैरहना अभिषेक भारती से बात की गई तो उन्होंने कहा कि उन्हें प्रकरण की जानकारी नहीं है और वह पता करकेही कुछ बता पाएंगे। लेकिन दोबारा उनकी ओर से कोई जवाब नहीं मिला।

उधर अस्पताल में भर्ती पीड़िता ने भी पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। उसने बताया कि नौ सितंबर को उसे मालूम चला कि इंस्टाग्राम अकाउंट से उसकी फोटो चुराकर उसके नाम से फेक आईडी बनाई गई। फिर इस आईडी के जरिए दोस्तों, परिचितों को अश्लील मैसेज, तस्वीरें व वीडियो भेजे। साथ ही उसके बारे में गलत बातें भी लिखीं। इसकी शिकायत लेकर वह थाने गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। कार्रवाई की गुहार लेकर वह अफसरों के पास भी गई लेकिन उसे साइबर सेल जाने को कहा गया। साइबर सेल में जाने पर बताया गया कि वहां सिर्फ रुपयों से जुड़े मामले देखे जाते हैं और इस मामले में थाने से ही कार्रवाई होगी। छात्रा का यह भी कहना है कि वह शिकायत लेकर बैरहना चौकी में गई तो वहां मौजूद दरोगा ने उसे गाली देकर भगा दिया।

इंस्पेक्टर, महिला हेल्प डेस्क पर दर्ज है नाम

शिकायत न मिलने के पुलिस के बयान पर पीड़िता की मां का कहना है कि इंस्पेक्टर झूठ बोल रहे हैं। उसका कहना है कि उसकी बेटी ने थाने में जाकर लिखित शिकायत की थी और महिला हेल्पडेस्क में बैठी सिपाहियों ने उसके नाम से ही शिकायत लिखी थी।

हाईकोर्ट की फटकार के बाद आजाद पार्क पहुंचे कमिश्नर व डीएम, हटाया जाने लगा अतिक्रमण

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज(चंद्रशेखर आजाद पार्क में बढ़ रहे अतिक्रमण पर हाईकोर्ट से मिली फटकार के बाद कमिश्नर, डीएम और डीआईजी रविवार को आजाद पार्क पहुंचे। यहां निरीक्षण करने के बाद अफसरों ने अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया। इस पर वहां लोगों ने अफसरों का विरोध करना शुरू कर दिया। हालांकि, अफसरों के साथ मौजूद पुलिस बल के आगे किसी की एक न चली। बाद में लोगों ने समय मांगते हुए खुद ही अतिक्रमण हटाना शुरू कर दिया। आजाद पार्क में अतिक्रमण को लेकर वर्ष 1999 में आदेश जारी हुआ था। हालांकि, तब उस आदेश पर कुछ खास काम नहीं हुआ था। इस दौरान पार्क के काफी कुछ अवैध रूप से बन गया। यहां अंदर मजारें तो बढ़ी हीं साथ ही स्टेडियम के पीछे ज्ञानवृक्ष मंदिर का भी हिस्सा बढ़ गया। पार्क की जमीन पर बना एक क्लब भी उद्यान विभाग को देने का निर्देश दिया गया था। प्रशासन द्वारा इस पर कोई काम न करने पर हाईकोर्ट ने अफसरों को तलब किया।इसके बाद रविवार को कमिश्नर संजय गोयल, डीएम संजय कुमार खत्री आदि उद्यान विभाग के अफसरों के साथ आजाद पार्क पहुंचे। नापजोख शुरू हुई तो वहां तमाम लोग कागजात लेकर आ गए। कुछ लोगों ने अतिक्रमण को सही बताया। प्रशासनिक कार्रवाई के दौरान आजाद पार्क में काफी संख्या में लोग जुट गए। कुछ ने कार्रवाई का विरोध शुरू किया तो पुलिस ने उन सभी को घेर लिया। इसके बाद ही लोग शांत हुए। बाद में वहां काफी अतिक्रमण हटाया भी गया। शाम तक कार्रवाई जारी रही। बताया जा रहा है कि सोमवार तक यहां पूरा अतिक्रमण हटा दिया जाएगा। यहां तकरीबन ढाई घंटे तक अफसर मौजूद रहे। डीएम संजय कुमार खत्री ने बताया कि हाईकोर्ट के आदेश पर हम लोग वहां गए थे। वहां सारी स्थिति का जायजा लिया गया।

एक ही गांव में दो घरों में चोरों ने किया हाथ साफ

अखंड भारत संदेश

मेजा रोड। मेजा थाना जेवनिया पुलिस चौकी अंतर्गत ऊंचडीह ग्राम सुमेरी का पूरा ठकुराइन बस्ती में बीती रात दो घरों में चोरो ने किया हाथ साफ। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रभात सिंह का परिवार रात को खाना खाकर सो गए चोरों ने पीछे से जंगला काटकर अंदर प्रवेश कर लगभग एक लाख के जेवरात सहित 20 हजार नगद किया पार वही बगल में जगत नारायण भारतीय के कच्चा मकान का दीवार तोड़कर चोरों ने अंदर घुस कर गहना सहित लाखों का माल किया पार सुबह जब परिजन सो कर उठे तो देखा की पीछे से दरवाजा टूटा पड़ा था और सामान धान के खेत में फेंका हुआ पड़ा है। इसकी सूचना जेवनिया चौकी ग्राम प्रधान पट्टी नाथ राय संदीप मिश्रा डायल 112 सूचना दिया गया।

सुचना पर जेवनिया चौकी इंचार्ज आशीष कुमार चौबे एसआई दिनेश कुमार यादव मय फोर्स मौके पर डायल 112 पहुंचकर जांच में जुटे। ग्रामीणों का कहना है कि यहां पर गांव में नशेड़ीयो का जनसंख्या ज्यादा हो गई है इसी कारण आए दिन चोरी की घटना हो रही है इसकी शिकायत ग्राम प्रधान सन्दीप मिश्रा ने कई बार मेजा थाना जेवनिया चौकी पर किया लेकिन कोई भी कार्रवाई नहीं हुई जिससे जनता में आक्रोश है। गांव वालों का आरोप है इस समय पुलिस की पेट्रोलिंग ना होने के कारण ग्राम सभा में चोरी की घटनाएं बढ़कर सामने आ रही हैं।

चोरी के बाद बाहर बिखरा पड़ा सामान

शातिरों ने पार किए हजारो रुपए

नैनी। कोतवाली क्षेत्र के पूरा फतेह मोहम्मद की रहने वाली किरन केसरवानी पत्नी संजीव केसरवानी के बैंक के बचत खाते से शातिरों ने बड़ी चालाकी के साथ तीस हजार रुपए पार कर दिए। जबकि भुक्तभोगनी का एटीएम उसके पास था और शातिरों ने उसके खाते से रुपए उड़ा दिए। इससे पूर्व भी कई लोगों के रुपए शातिर उड़ा चुके हैं। आला अफसरों के निर्देश पर रविवार को भुक्तभोगनी की तहरीर पर नैनी कोतवाली में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

जसरा में विकास खंड कार्यालय की निविदा निरस्त करने की हुई मांग

निर्धारित समय पर नहीं खुला ग्राम सचिव का कार्यालय

निविदा का फार्म भी वितरित नहीं किया गया, ग्रामीण कर रहे निविदा निरस्त करने की मांग

उच्चाधिकारियों से की गई शिकायत

जसरा। जसरा क्षेत्र के एक गांव के लिए विकास खंड कार्यालय से मुख्यमंत्री पुरस्कार योजना के तहत सामानों की आपूर्ति के लिए अल्पकालिक निविदा निकाली गई । जिस पर गांव के एक व्यक्ति द्वारा अपनी निविदा तैयार कर ग्राम पंचायत कार्यालय पर जा पहुंचा तो वहां पर ताला लगा हुआ था तथा गांव का सचिव वहां पर नहीं था इसके बाद ग्राम सचिव अमित शुक्ला को सरकार बहादुर सिंह ने जब फोन किया तो सचिव ने बताया कि वह डीपीआरओ कार्यालय इलाहाबाद में है तथा वह निविदा लेने में असमर्थ है। सचिव ने अभी कहा कि वह ग्रामीण की निविदा सरकार बहादुर सिंह की निविदा नहीं स्वीकार कर सकता। जिस पर ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों से निविदा को निरस्त करने की मांग की है । विकास खंड कार्यालय जसरा से परसरा गांव के अंत्येष्टि स्थल व अन्य जगहों के लिए सौर ऊर्जा तथा आरो प्लांट सहित अन्य कई सामानों की आपूर्ति के लिए निविदा का प्रकाशन अखबार में किया गया था। जिसके बाद निर्धारित समय पर जब गांव का एक व्यक्ति ने विद्यालय के लिए पहुंचा तो कार्यालय पर ताला लटका हुआ था तथा वहां से ग्राम सचिव नदारद था। जिस पर ग्रामीण सरकार बहादुर सिंह ने जब ग्राम सचिव अमित शुक्ला से फोन पर बात की तो बताया गया कि वह डीपीआरओ कार्यालय पर है। तथा निविदा स्वीकार नहीं कर सकता । ग्राम सचिव के निविदा लेने से इनकार करने पर सरकार बहादुर सिंह ने उसी दिन जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी सहित कई प्रशासनिक अधिकारियों को लिखित रूप से प्रार्थना पत्र देकर निविदा निरस्त करने की मांग की है तथा निविदा निरस्त ना होने की स्थिति में सरकार बहादुर सिंह संबंधित अधिकारी का घेराव कर अदालत की शरण में जाने की भी चेतावनी दी है। वहीं सचिव अमित शुक्ल ने बताया कि यह पिछले प्रधान के कार्यकाल का मामला था। साथ ही निविदा का फार्म समय से न मिलने कारण नहीं लिया गया है।

हलो.. आपका बेटा मेरे सेठ के पास है रूपए भेजिए हम उसे लेकर आते हैं

लापता छात्र के घर वालों का नंबर पाकर ठगी करने की जुगत में लगा युवक गिरफ्तार, 16 सितंबर से गायब छात्र का पता नही लगा सकी नैनी पुलिस, लापता होने के बाद घर वालों को मिला था उसके बैग से सुसाइड नोट

अखंड भारत संदेश

नैनी। हलो.. आपका का लड़का मेरे सेठ के पास है, आप लोग परेशान मत होना। मेरा सेठ बोला है आप लोगों को सूचना देने के लिए। यह बात सुनकर 16 सितंबर से गायब हाईस्कूल के छात्र उत्कर्ष सिंह उर्फफ हनी के घर वालों में अपने बेटे को पाने की एक आस जग गई, लेकिन सच्चाई का पता चलने पर फिर परिजनों को निराशा ही हाथ लगी। नैनी पुलिस ने छात्र के घरवालों को फोन करने वाले एक युवक को नैनी से गिरफ्तार कर उससे पूछताछ कर रही है। जैसे-जैसे पुलिस हाईटेक होकर चोरों और अपराधियों को पकड़ने का नया-नया तरीका अख्तियार करती है, लेकिन अपराध करने वाले उससे दो कदम आगे निकल कर अपराध कर रहे है। ऐसा ही एक मामला नैनी का संज्ञाने में आया है। बीते 16 सितंबर से चक नौनिया, एडीए कॉलोनी के रहने वाले सुघर सिंह का बेटा उत्कर्ष सिंह गायब है। मामले को पूरे 16 दिन बीत गए, लेकिन नैनी पुलिस अभीतक बच्चे का पता नही लगा सकी है। जबकि बच्चे के स्कूल बैग में मिले लेटर में स्कूल के वाइस प्रिंसीपल और कुछ छात्रों पर आरोप लगाते हुए यह कहा गया था कि उसकी मौत जिम्मेदार वहीं लोग है। उक्त मामले में शनिवार एक युवक ने उत्कर्ष के घर फोन करके बताया उनका बेटा तमिलनाडु के चिंतामणि कॉलोनी में उसके सेठ के पास सुरक्षित है। फोन करने वाले युवक ने बच्चे को उसके घर तक पहुंचाने के लिए कुछ रूपए की डिमांड की। उत्कर्ष के परिजनों ने फोन आने के बाद फौरन पुलिस और अपने रिश्तेदारों की मदद से वह तो स्थान में बताए गए सेठ के पते की जानकारी हासिल की, लेकिन वहां का पता और नाम फर्जी निकला। रविवार को फिर उस युवक ने उत्कर्ष के घर फोन कर रूपए की मांग की। जिसके बाद पुलिस ने फोन का लोकेशन निकलवा कर युवक को नैनी के स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए युवक ने नैनी स्टेशन पास स्थित एक पीसीओ से परिजनों को फोन किया था। पुलिस युवक को पकड़कर कोतवाली उठा ले गई और उससे पूछताछ कर रही है। पकड़ा गया युवक मूलता चित्रकूट का रहने वाला है, हालपता उसने शंकरगढ बताया। युवक पेशे से ट्रक ड्राइवर है। इंस्पेक्टर नैनी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि एक युवक को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ चल रही है।

ओम सहाय विधायक प्रत्यासी उम्मीदवार का भ्रमण

कोरांव। आज कोरांव विधानसभा के संभावित व प्रमुख प्रत्याशी समाजवादी पार्टी विधानसभा कोरांव के ओम सहाय ने कोरांव विधानसभा का क्षेत्रीय दौरा कर कोरांव विधानसभा के लोगों का कुशल छेम जाना और समाजवादी पार्टी की नीतियों व सिद्धान्तों तथा पूर्व वत में समाजवादी पार्टी की जनकल्याण कारी योजनाओं के बारे में लोगों को बताया और 2022 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनानें की अपील की। संभावित प्रत्याशी ने कहाँ की समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का निर्णय सर्वमान्य है जो भी कोरांव विधानसभा से समाजवादी पार्टी का प्रत्याशी होगा उसके साथ शीर्ष नेतृत्व के आदेशानुसार कदम से कदम व कंधे से कंधा मिलाकर पार्टी व संघटन के लिए कार्य करता रहूँगा। अगर पार्टी विश्वास जताते हुए कोरांव विधानसभा से उम्मीदवार बनाती है तो कोरांव विधानसभा के लोगो के मान सम्मान की लड़ाई लड़ूँगा और कोरांव विधानसभा की सीट जीतकर अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत कर अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाऊंगा। वहाँ पर उपस्थित जिलासचिव किताब अली ने कहाँ की कोरांव विधानसभा में समाजवादी पार्टी का संघटन बहुत मजबूत है जो भी समाजवादी पार्टी का उम्मीदवार होगा उसको जिताकर भेजना ही हम लोगों का लक्ष्य होगा। वहाँ पर उपस्थिति शहादत अली प्रदेश सचिव समाजवादी लोहिया वाहिनी ने कहाँ की भारतीय जनता पार्टी की सरकार संविधान को खत्म करने की दिशा व दशा में काम कर रही है। उत्तर प्रदेश में जंगल राज्य कायम है। वर्तमान सरकार दलित व अल्पसंख्यक विरोधी है इस सरकार को गरीबों से कोई वास्ता नही यह सरकार पूंजी पतियों की सरकार है।वर्तमान सरकार समाजवादी पार्टी के बढ़ते जनाधार से विचलित हो गई है। वहाँ पर उपस्थित समाजवादी पार्टी के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ललन पटेल ने कहाँ की वर्तमान सरकार किसान विरोधी है और किसानों के ऊपर जबरदस्ती काला किसान विरोधी बिल लाकर देश व प्रदेश के किसानों को बर्बाद करने की दिशा में पूजी पतियों के इशारे पर वर्तमान सरकार कार्य कर रही है। साथ मे प्रमुख रूप से समाजवादी पार्टी के जिलासचिव अल्पसंख्यक मासूक अहमद विधानसभा अध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा सफात अली शाह विधानसभा महासचिव मो हारून प्रशांत पवन सोनकर विधानसभा सचिव रुपनाथ पांडेय पूर्व प्रधान भेगसर व गांव के सम्भ्रांत लोग उपस्थित रहे।

सपा नेताओं का दौरा

पेंशन बहाली को लेकर करछना सभागार में बैठक करते सम्बन्धित विभाग के कर्मचरी

पेंशन बहाली को लेकर 5 अक्टूबर को मोटरसाइकिल महारैली का आगाज

अखंड भारत संदेश

करछना। कर्मचारी शिक्षक अधिकारी पेंशनर अधिकार मंच उत्तर प्रदेश के आह्वान पर 5 अक्टूबर को प्रयागराज में अपनी मांगो को लेकर एक विशाल महा मोटरसाइकिल रैली निकालने का निर्णय लिया है। रैली को सफल बनाने के लिए विकास खंड करछना के सभागार में आयोजित समबन्धित विभाग के कर्मचारियों की रविवार को बैठक आहूत कर रणनीति पर विचार विमर्श किया गया, बैठक में पुरानी पेंशन बहाली को लेकर अल्प नारायण सिंह उत्तर प्रदेश लेखा एवं लेखा परीक्षा सेवा एसोसिएशन जनपद ईकाई प्रयागराज के अध्यक्ष ने प्रदेश सरकार को आगाह किया है कि सरकार कर्मचारियो की पुरानी पेंशन बहाल करें और उनकी सभी मांगे नही करती हैं तों संघ की ओर से एक बडा आन्दोलन की शुरूआत होगी ।उन्होंने कहा कि सांसद और विधायक अपनी पेंशन लेना छोड़ दें तो हम कर्मचारी पुरानी पेंशन बहाली का मांग नहीं करेंगे। बैठक में विनोद कुमार पाण्डेय जिला मंत्री राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश, राजेश्वर शुक्ल मंडल महा मंत्री राज्य कर्मचारी शिक्षक अधिकारी संघ प्रयागराज, राम नरेश अध्यक्ष सफाई कर्मचारी संघ करछना, राजेश्वर प्रसाद सिंह पूर्व मंत्री सिंचाई संघ, योगेन्द्र गोस्वामी संगठन मंत्री जिला सिंचाई संघ, उदित नारायण सिंह, सर्वजीत सिंह, अच्छे लाल, राम चंद मिश्र, शिव शंकर, राम कैलाश, अंजनी कुमार, संदीप मिश्रा, शिव बाबू सिंह सहित बड़ी संख्या में संघ के लोग उपस्थित रहे।

अनशन कर रहे छात्र की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती

प्रयागराज। इलाहाबाद विश्वविद्यालय (इविवि) में ऑफलाइन कक्षाएं शुरू करने की मांग को लेकर डीएसडब्ल्यू कार्यालय के सामने आमरण अनशन पर बैठे छात्रों में से एक छात्र की तबीयत रविवार को अचानक बिगड़ गई। छात्रों को बेली अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इविवि में एक अक्तूबर से पीजी द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों की ऑफलाइन कक्षाओं का संचालन शुरू किया गया है। अनशन पर बैठे छात्र मांग कर रहे हैं कि सभी छात्र-छात्राओं के लिए ऑफलाइन कक्षाएं शुरू की जाएं और उन्हें पुस्तकालय में प्रवेश की अनुमति दी जाय।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कौशांबी विकास खंड के मोहिउद्दीनपुर कोरांव ग्राम पंचायत में संस्कृत विद्यालय से बिरदी नाला तक नाला खुदाई व पक्का निर्माण कार्य मनरेगा योजना के अंतर्गत कराया जाना प्रस्तावित है जिसकी अनुमानित लागत 3 लाख 44 हजार 556 रुपये है। मोहिउद्दीनपुर कोरांव ग्राम पंचायत में अनिल के घर से दिग्विजय के घर तक दोनों तरफ नाली व इंटरलाकिंग कार्य मनरेगा योजना के अंतर्गत कराया जाना प्रस्तावित है कार्य की अनुमानित लागत 3 लाख 97 हजार 541 रुपए है उक्त कार्यों के लिए फर्मो से टेंडर आमंत्रित किये जाते है 04 अक्टूबर 2021 से 11 अक्टूबर 2021 तक टेंडर फार्म ग्राम पंचायत में जमा किए जाएंगे और 12 अक्टूबर 2021 को दिन 11 बजे दिन में ग्राम पंचायत भवन में टेंडर खोला जाएगा।

सीमा त्रिपाठी
(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत मोहिद्दीनपुर
कोरांव,जनपद कौशांबी

सत्येंद्र सिंह
(पंचायत सचिव)
ग्राम पंचायत मोहिद्दीन पुर
कोरांव, जनपद कौशांबी

सरस्वती मोटर्स बना मारूति सुजुकी एरिना का अधिकृत विक्रेता

दो पहिया वाहन के साथ चार पहिया वाहन का भी विक्रेता बनने पर ग्राहकों में हर्ष

अखंड भारत संदेश

फूलपुर। तीस वर्षों से अनवरत क्षेत्र में अपना बर्चस्व बनाए रखने वाली हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड कंपनी के अधिकृत विक्रेता सरस्वती मोटर्स को मारूति सुजुकी एरिना(चार पहिया) का भी अधिकृत विक्रेता बना दिया गया। जिससे सरस्वती मोटर्स के स्टाफ सहित ग्राहकों में खुशी ब्याप्त है। रविवार को मोती पैलेस गेस्ट हाउस फूलपुर में सरस्वती मोटर्स के चेयरमैन जी0 पी0 श्रीवास्तव एवं डायरेक्टर अंकित राज ने फूलपुर व प्रतापपुर विकास खण्ड के ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्यों को सम्मानित करते हुए कहा कि आज हम जिस मुकाम पर हैं उसमें हमारे सम्मानित ग्राहकों के साथ ही कंपनी के उच्च प्रबंधन का अमूल्य योगदान है। उन्होंने कहा कि अपनी कार्यकुशलता एवं विश्वनीयता की बदौलत ही आज सरस्वती मोटर्स ग्राहकों के बीच अपनी पताका फहरा रहा है। समारोह में गायक व हास्य कलाकार गुरुप्रीत ने अपनी सुरीली आवाज में फिल्मी गीत गाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं महिला कलाकारों ने सांस्कृतिक गीतों पर नृत्य कर समां को बांधे रखा। सम्मान समारोह में कंपनी के जी0एम0 ने ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य के साथ ही स्थानीय पत्रकारों को माला पहनाकर स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर रफ्ट अनुराग भटनागर, फ्ट सुरजीत, राहुल, अशेन्द्र के साथ ही समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

सम्मान समारोह में सांस्कृतिक गीतों पर थिरकती महिला कलाकार

भूमाफियाओं के घरों में बुल्डोजर चलाने की हिम्मत किसी माई के लाल मे हिम्मत नही : सुरेन्द्र चौधरी

सम्मेलन चार सत्रो में हुआ संपन्न

अखंड भारत संदेश

घूरपुर। पं.दीनदयाल उपाध्याय जी व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों का प्रदेश बनाकर पंक्ति में पीछे खड़े व्यक्ति का विकास करके सशक्त और समृद्धि प्रदेश के विकास को गति योगी सरकार दे रही है। उक्त बातें क्षेत्र के सरदार पटेल गेस्ट हाउस में आयोजित भाजपा पिछड़ा मोर्चा जिला कार्यसमिति के सम्मेलन के बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित करते हुए विधान परिषद सदस्य सुरेन्द्र चौधरी ने कहा कि भाजपा पार्टी किसी जाति धर्म की नही है यह विचार धारा की पार्टी है। प्रदेश में भूमाफियाओं के घरों में बुल्डोजर चलाने की हिम्मत किसी माई के लाल मे नही थी वह योगी ने करके दिखाया। प्रथम सत्र का शुभारम्भ भाजपा जिला अध्यक्ष विभव नाथ भारती ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रजज्वलित कर किया। प्रथम सत्र के अतिथि जिला अध्यक्ष विभव नाथ भारती ने कहा कि भाजपा में जितना सम्मान पिछड़ा वर्ग और अनूसचित वर्ग के लोगों को सरकार और संगठन में सहभागिता देकर सम्मान किया वह अन्य पार्टियों ने कभी नहीं किया। द्वितीय सत्र के अतिथि जिला प्रभारी रामानंद पाल ने कहा कि सभी कार्यकर्ता पिछड़ा वर्ग के समाज के घर पर जाकर उनकी समस्याओं को सुन सरकार तक पहुंचा उन्हे भाजपा से जोड़ने का कार्य करें। अध्यक्षता पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुभाष सिंह पटेल करते हुए अतिथियों का स्वागत किया और राजनैतिक प्रस्ताव को रखा। जिसे कार्य समित ने तालियां बजाकर समर्थन किया। तृतीय सत्र मे क्षेत्रीय अध्यक्ष अश्वनी सिंह पटेल ने कहा पिछला वर्ग का विकास और उत्थान हेतू सतत प्रदेश और केंद्र सरकार ने एक-एक कर कदम उठा रही है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुवेर्दी ने कहा पिछले वर्ग के लोग ही एतिहासिक रूप से 2022 मे सरकार बनाने की भूमिका निभाऐगें। बिधायक बारा डॉ.अजय कुमार ने चतुर्थ सत्र को सम्बोधित करते हुए कहा पिछले मोर्चा का मतलब पिछलो की हक की बात रखकर निराकरण कराना। कार्यक्रम में विजय शंकर शुक्ल, इं जगदीश सिंह यादव, रत्नाकर सिंह पटेल, सुधीर कुमार साहू उर्फ बऊवा, सुबोध कुमार आदि ने सम्मेलन को संबोधित किया। संचालन उपाध्यक्ष सूर्य प्रताप सिंह ने किया, इस अवसर पर धर्मराज पाल, धीरेंद्र यादव, धर्मदास मौर्य, अखिलेश पटेल, सुरेंद्र सिंह पटेल, महा मंत्री डॉ सूर्या यादव, आशीष पाल, संजय पाल, मंत्री ई मयंक गुप्ता, अनुपम सिंह, उमाकांत कुशवाहा, सुरेंद्र बहादुर सिंह, शिवम सिंह, रत्नाकर सिंह, अखिलेश पटेल, अतर सिंह कुशवाहा,शंकर लाल गुप्ता, बलवंत सिंह,कार्यकारिणी समिति सदस्य मंडल अध्यक्ष व मंडल प्रभारी आदि रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत पुरैनी नी,वि0 ख0 करछना, प्रयागराज

निविदा सूचना

ग्राम पंचायत मुरारी में 14 वा/ पंचम/ चतुर्थ/ राज्य वित्त/ केंद्रीय वित्त/ मनरेगा के अंतर्गत इंटरलॉकिंग, नाली निर्माण, सोलर लाइट, स्कूल कायाकल्प, हयूम पाइप , सफाई , कीट, खड़ंजा कारी एवं हैंडपंप मरम्मत एवं रिबोर मरम्मत, हेतु इंटरलॉकिंग, स्ट्रीट लाइट, आंगनबाड़ी केंद्र, ईट, सीमेंट, सरिया, बालू हैंडपंप निर्माण एवं मरम्मत, हैंडपंप रिबोर, सोख्ता ,शौचालय निर्माण एवं मरम्मत, बाउंड्री निर्माण, खाद गड्ढा, पुलिया, गिट्टी हेतु आवश्यक सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो से दिनांक 04.10. 2021 तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है ' समस्त निविदा दिनांक 10.10.2021 को अपराहन 3:00 बजे उपस्थित फर्मों के समक्ष खोली जाएगी ' निविदा स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में निहित होगी ' क्रय सामग्री ग्राम पंचायत में स्वीकृत व पराक्रम के अनुसार पृथक -पृथक होगी ' निविदा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2021-22 में कराए जाने वाले कार्य हेतु प्रभावी होगी। यदि किसी फर्म द्वारा कार्य पूर्ण होने के पहले सामग्री आपूर्ति में लापरवाही बरती जाती है तो उसके स्थान पर किसी अन्य फर्म को स्थान दिया जाएगा जिससे विकास कार्य प्रभावित ना हो।

मंजू पांडेय
(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत पुरैनी,
विकास खंड करछना,
प्रयागराज

कमल सिंह
(ग्राम पंचायत अधिकारी)
ग्राम पंचायत पुरैनी
विकास खंड करछना,
प्रयागराज

(पत्रांक : मेमो निविदा दिनांक 03/10/2021)

खबर संक्षेप

सीएम से ऑनलाइन स्कूल के एडमिशन की शिकायत

परियावां, प्रतापगढ़। विकास क्षेत्र कालाकांकर के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बाजितपुर कालाकांकर के प्रभारी प्रधानाचार्य पर पैसा लेकर बच्चे का एडमिशन न करने की मुख्यमंत्री को ट्वीट किया जिसमें आरोप छात्र के पिता जनवामऊ निवासी श्रवण कुमार पाडेय ने शिकायत में आरोप लगाया है कि सम्पूर्ण विषय फेलियर चार बच्चों का प्रवेश कराने के 10 दिन बाद एक सितम्बर को बच्चे का प्रवेश वापस कर दिया और कहा कि कक्षा 11 का रिजल्ट रजिस्ट्रेशन कक्षा 12 फेल की ओरिजनल रिजल्ट दिखाइए तभी प्रवेश होगा। आरोप है कि 850 रु0 सरकारी प्रवेश की जगह 1200 रु0 प्रति प्रवेश से पैसा लिया जिसकी कोई रसीद भी नही दिया जब कि यू0पी0 बोर्ड आन लाइन है जिसका अनुक्रमांक नेट पर देखा जा सकता है 12 फेलियर का अंकपत्र भी दिया गया, लेकिन प्रवेश करने से इनकार कर रहे है जिससे बच्चो का भविष्य अधर में है। अभिभावक श्रवण कुमार पांडेय ने डीएम व बीएसए का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है।

प्रतापगढ़ के जांबाज पुलिस अधीक्षक को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

● 15 अगस्त को राष्ट्रपति द्वारा भी हुए थे सम्मानित

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के द्वारा पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ सतपाल अंतिल को वीरता का पुलिस पदक से सम्मानित किया गया। गौरतलब हो कि 2 जुलाई 2019 को मुजफ्फरपुर नगर कोर्ट में पेशी पर आये, कुख्यात अपराधी रोहित साण्डू को उसके साथियों द्वारा छुड़वा/भगा लिया गया था। इस घटना में एक उपनिरीक्षक की गोली लगने से मृत्यु हो गयी थी। 16 जुलाई 2019 को उक्त कुख्यात अपराधी रोहित साण्डू व उसके एक साथी राकेश यादव को पुलिस मुठभेड़ में ढेर कर दिया गया था। राष्ट्रपति द्वारा 15 अगस्त 2020 को इस साहसिक कार्य के लिए पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल को वीरता का पुलिस पदक प्रदान किया गया था। इस दौरान राष्ट्रीय पर्व गांधी जयंती के अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के द्वारा पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ सतपाल अंतिल को वीरता का पुलिस पदक से अलंकृत किया गया।

पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल को सम्मानित करते सीएम योगी आदित्यनाथ

किसान कल्याणकारी योजनाओं की हुई सराहना

लालगंज, प्रतापगढ़। भारतीय किसान संघ काशी प्रांत की रविवार को तहसील में हुई बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार द्वारा किसानों के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की सराहना की गई। बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष राम अभिलाष शर्मा ने कहा कि मोदी तथा योगी सरकार द्वारा किसानों के हित में चलाई जा रही योजनाओं से विपक्ष में हताशा है। वही जिलाध्यक्ष अंजनी कुमार सिंह ने कार्यकताओं से गांव स्तर पर भाजपा सरकार के द्वारा किसान कल्याणकारी कदमों के प्रचार प्रसार में जुटने की अपील भी की। बैठक का संचालन मंत्री ललित कुमार पाल ने किया। इस मौके पर राजेश तिवारी, प्रेम बहादुर सिंह, शैलेन्द्र द्विवेदी, सुनील गुप्ता, राजेन्द्र विश्वकर्मा, देवेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ0 मान सिंह, पंकज, सुरेन्द्र पाल, विकास तिवारी, बृजेन्द्र पाण्डेय आदि रहे।

दशहरे की तैयारियां शुरू, मूर्तियों को अंतिम रुप देने में जुटे कलाकार

पण्डाल लगाने का कार्य शुरू

प्रतापगढ़। नवरात्र प्रारंभ होने में तीन दिन बचे हैं लेकिन बाजारों में अभी से ही नवरात्र में खरीदारों की भीड़ जहां लगने लगी है, वहीं देवी जी की मूर्तियों को बनाने का काम भी अंतिम रुप में चल रहा है। पण्डाल लगाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। बता दें कि नवरात्र में नौ दिन का हिन्दू समुदाय में अधिकांश लोग व्रत रखकर मां देवी की आराधना करते हैं। इसके लिये शहर से लेकर गांव तक सैकड़ों मूर्तियां स्थापित की जाती हैं। रामलीला समिति नौ दिन में राम के चरित्र से सम्बन्धित झाकियां निकालती हैं और दसवें दिन रामलीला मैदान में राम-रावण का युद्ध के बाद रावण का दहन किया जाता है। इसके दो दिन बाद शहर का चर्चित भरत मिलाप पर भी आकर्षक चैकियां देखने के लिये प्रतापगढ़ के आसपास के जिलों के लोग भी यहां आते हैं। यद्यपि कि कोरोना काल में पिछले वर्ष दशहरा और भरत मिलाप नहीं हुआ था। इस बार भी सीमित संख्या में ही लोगों के आने की आशंका है क्योंकि अभी ग्रामीण इलाकों में यह अफवाह है कि कोरोना फिर से लौट सकता है। यद्यपि कि कोरोना उत्तर प्रदेश से लगभग समाप्त हो गया है। पिछले दिनों बुखार से हुई मौतों से भी लोग डरे हुए हैं। इसका असर दशहरा और भरत मिलाप पर पड़ने की संभावना है।

हमारा सपना मेडिकल कालेज को हरा-भरा रखना : प्राचार्य

अखंड भारत संदेश

लायंस क्लब हर्ष द्वारा हुआ मेडिकल कालेज में वृक्षारोपण

प्रतापगढ़। गांधी जयंती के अवसर पर प्रतापगढ़ मेडिकल कालेज में लायंस क्लब हर्ष द्वारा वृक्षारोपण का कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मेडिकल कालेज के प्राचार्य डॉक्टर आर्य देश दीपक और मेडिकल कालेज के डॉक्टर सादिक के साथ मिलकर बड़ी संख्या में फलदार और छाया दार वृक्ष लगाए गए।

इस मौके पर डॉक्टर आर्य देश दीपक ने कहा कि लायंस क्लब हर्ष के इस प्रयास से मेडिकल कालेज परिसर के साथ साथ आस पास के लोगों को शुद्ध वायु और ऑक्सीजन का भरपूर लाभ मिलेगा। डॉक्टर आर्य देश दीपक ने कहा कि हमारा सपना इस मेडिकल कालेज को पूरी तरह हरा भरा बनाना है। लायंस क्लब हर्ष के इस दिशा में सहयोग से मेरा संकल्प पूरा होगा मुझे यह पूर्णतया विश्वास है। इस अवसर पर लायंस क्लब के डिप्टी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन डॉक्टर पीयूष कांत शर्मा, प्रशासक लायन संतोष भगवन, जोन चेयर पर्सन लायन क्षितिज श्रीवास्तव, अध्यक्ष लायन राजेश पाल, सचिव लायन अश्वनी श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष लायन अमितेंद्र श्रीवास्तव, लायन कुंवर बहादुर सिंह, लायन विनय सिंह भोला, लायन केशव धनगर, रज्जू राजा, अनिल सिंह आदि मौजूद रहे।

मेडिकल कालेज में वृक्षारोपण करते प्राचार्य व लायंस क्लब के पदाधिकारी

समरसेबुल के करेंट से युवक हुआ अचेत

परियावां, प्रतापगढ़। नवाबगंज थाना क्षेत्र के परियावां मजरे शिव सहाय लाला का पुरवा गांव में रविवार की सुबह लगभग आठ बजे घर मे लगे समरसेबल के तार को सही करते समय करंट की चपेट में राजू पटेल पुत्र श्रीनाथ पटेल (35) वर्षीय तार में चिपक गया जिसे घर के परिजन व आस पास के लोग किसी तरह डंडा मारकर तार से अलग किया जो अचेत हो गया। परिजनों में हड़कम्प मच गया जिसे आनन फानन में परिजन व गांव वाले कार से परियावां नर्सिंग होम ले गए जहां उपचार के दौरान कुछ घण्टे में होश आया गया और चिकित्सक ने खतरे से बाहर बताते हुए घर के लिए रिलीव कर दिया, जिससे परिजन के साथ ग्रामीणों ने राहत की सांस लेते हुए मन ही मन ईश्वर को धन्यवाद दिया।

युवा वर्ग में बेरोजगारी सबसे बड़ी समस्या: अजय पाठक

अखंड भारत संदेश

योग गुरु ने प्रेसवार्ता कर बताई योगा की उपलब्धियां

प्रतापगढ़। योग गुरु अजय पाठक ने कहा कि योग दिवस एक दिन मना लेने से समाज का भला नहीं होने वाला, बल्कि इसे प्रतिदिन एवं हर समाज के प्रत्येक वर्ग के लोगों के लिए जरूरी है। उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार सिर्फ योग के नाम पर दिखावा करने का कार्य कर रही है। श्री पाठक रविवार को नगर के एक होटल में प्रेस प्रतिनिधियों से बात कर रहे थे।

उन्होंने आगे कहा कि आज युवा वर्ग में बेरोजगारी सबसे बड़ी समस्या है। महंगाई भ्रष्टाचार चरम पर है। भाजपा सिर्फ ध्यान भटकाने का कार्य कर रही है। उन्होंने योगी सरकार पर तंज करते हुए कहा कि इनके शासन से बहुत बेहतर अखिलेश यादव की साफ-सुथरी सरकार रही, जहां सर्व समाज के लिए विकास करने का कार्य किया गया। योग गुरु अजय पाठक ने यह भी कहा कि वह पूरे प्रदेश में योग के माध्यम से लोगों में जागरूकता देने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि अभी हाल में ही संत नरेंद्र गिरी की हत्या सहित कितने अधिक साधु संतों की हत्याएं हुई है जिसकी जांच होनी चाहिए। प्रेस वार्ता के दौरान जिला पंचायत सदस्य पंडित इंद्र देव तिवारी, सपा महामंत्री अब्दुल कादिर जिलानी, सपा नेत्री महिमा गुप्ता, मनीष पाल, अब्दुल वकार सहित कई सपाई वार्ता के दौरान मौजूद रहे।

प्रेसवार्ता में बोलते योग गुरु अजय पाठक

कम्पनी गार्डेन में हुआ योग शिविर का आयोजन

प्रतापगढ़। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की समाजवादी योग संदेश यात्रा लेकर योग गुरु आचार्य अजय पाठक ने रविवार को कंपनी गार्डन में योग शिविर कार्यक्रम चलाया। समाजवादी योग संदेश यात्रा के तत्वाधान में आयोजित योग शिविर कंपनी गार्डन में आचार्य गुरु अजय कुमार पाठक महाराज के सानिध्य में समाजवादी कार्यकताओं और गैर राजनीतिक लोगों को योग सिखाया और बहुत से बच्चे भी इस योग शिविर में योग किया। इस अवसर पर जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी, महिमा गुप्ता महिला सभा जिला अध्यक्ष, मनीष पाल, इंद्र देव तिवारी, राहुल सिंह, समीम खान, जगदीश मौर्य आदि लोग मौजूद रहे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी वकार अहमद द्वारा दी गई।

हत्या के प्रयास का वांछित अभियुक्त हुआ गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। थाना रानीगंज से उ0नि0 योगेश कुमार चतुवेर्दी मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर थाना स्थानीय के मु0अ0सं0 393/21 धारा 147, 148, 149, 307, 120 बी, 286, 506 भादवि से संबंधित वांछित अभियुक्त रूबान अहमद पुत्र इम्तियाज अहमद नि0 सराय जमुनी थाना रानीगंज को थाना क्षेत्र के लच्छीपुर तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से एक अदद अवैध तमंचा व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद इसके संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 538/21 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया है। बता दें कि 25 जुलाई 2021 को थाना क्षेत्र रानीगंज के ग्राम सण्डौरा में आरोपीगणों द्वारा वादी व वादी के लड़के पर फायरिंग व बमबारी की गयी थी, जिसमें वादी का लड़का घायल हो गया था। जिसके संबंध में वादी की तहरीर पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 393/21 धारा 147, 148, 149, 307, 120 बी, 286, 506 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया था। (इस मुकदमें से संबंधित बाकी 06 अभियुक्त पूर्व में गिरफ्तार किये जा चुके हैं)। पुलिस टीम में उ0नि0 योगेश कुमार चतुवेर्दी, का0 नागेन्द्र कुमार अवस्थी व का0 अमीष कुमार प्रजापति थाना रानीगंज शामिल हैं।

ट्रैक्टर ट्राली चोरी का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

परियावां, प्रतापगढ़। नवाबगंज थाना प्रभारी रुकुमपाल सिंह के कुशल निर्देशन पर उप निरीक्षक मो0 इबरार अंसारी, सिपाही हेमंत कुमार, व पवन कुमार मौर्य वांछित व क्षेत्र की देखभाल चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त पवन सिंह पुत्र हिम्मत सिंह पटेल निवासी रामधीन का पुरवा नगरहा थाना पश्चिम शरीरा जनपद कौशाम्बी को थाना क्षेत्र के लहदरी पुल के पास गिरफ्तार किया।

डीजल-पेट्रोल के दामों में बढ़ोत्तरी आम जनता के साथ मजाक : प्रमोद तिवारी

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। केन्द्रीय कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी ने पेट्रोल और डीजल के दामों में रविवार को भी लगातार बढ़ोत्तरी को मोदी सरकार के द्वारा गरीब तपके तथा आम जनता के साथ क्रूर मजाक करार दिया है। रविवार को यहां जारी विज्ञप्ति में सीडब्लूसी मेम्बर प्रमोद तिवारी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 78 डॉलर प्रति बैरल होने के बावजूद देश के ज्यादातर सभी हिस्सों में पेट्रोल की कीमत एक सौ पांच रुपए तथा डीजल की कीमत सौ रुपए प्रति लीटर पार कर जाना चारों तरफ की मंहगाई के बीच जनता पर एक और गहरी सरकारी चोट है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने मोदी सरकार पर तंज कसा कि वह सत्ता में आने के लिए जनता को पैंतीस रुपए प्रति लीटर पेट्रोल की कीमत का सपना दिखाया था। प्रमोद तिवारी ने कहा कि इस समय पेट्रोल और डीजल की कीमत तीन गुना बढ़ गई है। सीडब्लूसी मेंम्बर प्रमोद तिवारी के मुताबिक कांग्रेस सरकार में सब्सिडी देकर डीजल की कीमत इस लिए आधी की जाती थी जिससे आम जनता पर माल की ढुलाई, यात्रियों का किराया और सिंचाई समेत कृषि कार्य के क्षेत्र में मंहगाई की मार न पड़ सके।

माल ढुलाई, सिंचाई समेत कृषि कार्य में पड़ रही महंगाई की मार

प्रमोद व मोना के समर्थन में कांग्रेसियों कोतवाली गेट पर किया प्रदर्शन

लालगंज, प्रतापगढ़। क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधान मंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना तथा वरिष्ठ पार्टी नेता प्रमोद तिवारी के खिलाफ दर्ज मुकदमों को लेकर रविवार को भी यहां भारी विरोध प्रदर्शन नजर आया। बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकताओं को कैम्प कार्यालय से सीओ कार्यालय होते हुए कोतवाली गेट पर प्रशासनिक पक्षपात को लेकर विरोध जताते देखा गया। विरोध प्रदर्शन में कार्यकताओं के साथ स्थानीय व्यापारियों तथा वकीलों की भी भागीदारी रही। कांग्रेस नेता आरपी वर्मा तथा चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी की अगुवाई में कार्यकताओं ने कोतवाली गेट पर घण्टों अपने आक्रोश का प्रदर्शन किया। मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने कहा कि प्रशासन ने जल्द निष्पक्ष जांच कर पार्टी के दोनो नेताओं के गलत नाम मुकदमे से नही हटाए तो व्यापक स्तर पर प्रदर्शन होगा। इस मौके पर रामनयन वर्मा, महानन्द पाण्डेय, श्रीकांत मिश्र, मुरलीधर तिवारी, छोटेलाल सरोज, मुन्ना शुक्ला, अब्दुल वाहिद, एबादुर्र रहमान, बलवंत वर्मा, विपिन शुक्ला, अखिलेश द्विवेदी, प्रीतेन्द्र ओझा, रामू मिश्रा, राहुल सिंह, आईपी मिश्रा, जमुना तिवारी, रिंकू धूरिया आदि रहे।

करंट की चपेट में आने से युवक झुलसा, कोहराम

लालगंज, प्रतापगढ़। पोल पर लाइन ठीक कर रहे बिजली का निजी मैकेनिक अचानक करंट की चपेट में आ गया। गम्भीर रूप से झुलसे युवक को परिजनों ने आनन-फानन में इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। स्थानीय कोतवाली के नारायणपुर भटनी निवासी राजाराम का पुत्र राजकुमार शर्मा (35) भटनी पावर हाउस से शट डाउन के तहत लाइन जोड़ने पोल पर चढ़ा था। अचानक विद्युत आपूर्ति हो जाने से युवक करंट की चपेट में आ गया। परिजनों ने उसे इलाज के लिए भटनी अस्पताल में भर्ती कराया है। इधर जेई शिवचन्द्र का कहना है कि झुलसा राजकुमार विभागीय कर्मचारी नही है। पावर हाउस के एसएसओ से मिलकर वह लाइन जोड़ने गया था। जेई का कहना है कि एसएसओ के खिलाफ मामलें को मुकदमा दर्ज कराया जायेगा।

ट्रांसफार्मर के करेंट की चपेट में आने से मवेशी की मौत

परियावां, प्रतापगढ़। नवाबगंज थाना क्षेत्र के परियावां 35सी रेलवे फाटक के निकट स्टेशन जाने वाली सड़क के किनारे जमीन पर रखा संग्रामगढ़ फीडर के परियावां मुस्लिम बस्ती की तरफ सप्लाई देने वाला 63 केवी का विद्युत ट्रांसफार्मर के बगल हरी घास को चरने में रविवार की सुबह एक गाय की मौत हो गई। जमीन में रखे ट्रांसफार्मर की चपेट में अब तक दर्जनों मवेशी काल कलवित हो चुके फिर भी विभाग इस ओर से बिलकुल अनजान बना हुआ है। विभाग की इस रवैया से स्थानीय लोगों में आक्रोश है।

तालाब में समाने से महिला की मौत

लालगंज, प्रतापगढ़। शौच के लिए गई महिला अचानक पैर फिसल जाने से तालाब के गहरे पानी में समा गई। महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाली पूरे फत्ते सिंह निवासी सुरेश वर्मा पुत्र रामअभिलाख की पत्नी राजपती उर्फ गीता देवी (50) रविवार की सुबह करीब छह बजे शौच के लिए गई थी। अचानक राजपती का पैर फिसल गया और वह तालाब के गहरे पानी में समा गई। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव का पंचनामाकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया।

बैंक कर्मचारी नेता के भाई के निधन पर शोक

प्रतापगढ़। बैंक इम्प्लाइज यूनियन के नेता एन0पी0 मिश्रा के छोटे भाई सुरेन्द्र नाथ मिश्र (57) वर्ष का रविवार को भोर में कंधई थाना क्षेत्र के बोझी गांव के अपने घर में ही निधन हो गया। उनके निधन का समाचार सुनकर गांव के सभी शुभचिंतक उनके आवास पर पहुंचकर उन्हें अंतिम विदाई दी। सुरेन्द्र कुछ माह से बीमार थे। इन दिनों वह अपने घर पर स्वास्थ्य लाभ कर रहे थे। रविवार की भोर में लगभग पांच बजे उनके प्राण पखेरु उड़ गये। वह अपने पीछे मां, पत्नी, तीन पुत्रियां एवं एक पुत्र छोड़ गये जिनका रो-रोकर बुरा हाल था। उनकी अन्त्येष्टि प्रयागराज में हुई। सुरेन्द्र के पुत्र ने अपने पिता को मुखाग्नि दिया, तब सभी की आंखें नम हो गई।

महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री को किया गया नमन

सरस्वती शिशु मंदिर चिलबिला में हुआ कार्यक्रम

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर चिलबिला पूर्वी प्रतापगढ़ में राष्ट्रीय पर्व गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री को याद किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के अध्यक्ष रोशनलाल उमरवैश्य तथा प्रबंधक संतोष कुमार ने राष्ट्र ध्वज तिरंगा समवेत फहराया।

अतिथियों का परिचय प्रधानाचार्य दिग्विजय नाथ पांडे ने कराते हुए गांधी एवं शास्त्री के लिए देश की स्वतंत्रा और स्वतंत्र भारत के लिए योगदान को भाइयों बहनों के समक्ष रखा। भैया आदर्श बरनवाल, पूर्णेन्दु शुक्ल, कीर्तिकेय यादव, बहिन कीर्ति विश्वकर्मा, जागृति यादव, नंदिनी बरनवाल आदि ने लाल बहादुर शास्त्री तथा गांधी जी के जीवन के प्रसंग सुनाए। कार्यक्रम में विद्यालय के आचार्य बृजेश तिवारी, बहन प्रीति सिंह, बहन वंदना पांडे, बहन कुसुम तिवारी, शिवांशुकर यादव, बबीता सिंह आदि उपस्थित रहे। संचालन बृजेश तिवारी ने किया मिष्ठान वितरण के पश्चात कार्यक्रम समाप्त हुआ।

सरस्वती शिशु मंदिर चिलबिला में ध्वजारोहण करते अतिथिगण

महापुरुषों की मनाई गई 152वीं जयंती

परियावां, प्रतापगढ़। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री भारत रत्न की 152वीं जयंती ग्रामीणांचल क्षेत्र के सरकारी गैर सरकारी संस्थाओं में मनाई गई जिसमें लालबहादुर शास्त्री व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 152वीं जयंती पर छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया गया। स्कूलों में बच्चों को शिक्षकों ने उनके चरित्र पर प्रकाश डालते हुए विस्तार पूर्वक चर्चा की। इस अवसर पर ब्लाक मुख्यालय कालाकांकर में बीडीओ अपर्णा सैनी व ब्लाक प्रमुख रमेश सरोज, थाना नवाबगंज में प्रभारी रुकुमपाल सिंह, स्टेट बैंक परियावां ब्रांच मैनेजर विकास बिहारी चैबे, बैंक ऑफ बड़ौदा मुरस्सापुर में ब्रांच मैनेजर जिला सहकारी बैंक ब्रांच मैनेजर प्रीती वर्मा, डिग्री कालेज कालाकांकर में प्राचार्य डॉ सूर्यभान सिंह, इंटर कालेज कालाकांकर में प्रधानाचार्य कैप्टन शमशाद, राजभवन कालाकांकर में डॉ0 घनश्याम यादव(मैनेजर), ट्रेनिग सेंटर कालाकांकर में आचार्य अनूप कुमार, सूर्या पेट्रोल पम्प परियावां व प्राथमिक विद्यालय परियावां प्रथम व द्वितीय में ग्राम प्रधान अनिल कुमार मौर्य, पंचायत मंत्री व्यास कुमार मौर्य, प्राथमिक विद्यालय मुरस्सापुर व सोनामऊ में ग्राम प्रधान सुरेश कुमार यादव, कृषि विज्ञान केंद्र ऐठू में वरिष्ठ बिज्ञान एवं हेड डॉ0 ए के श्रीवास्तव व रणजीत सिंह ने जयंती के कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लिया।

गांधी चबूतरा को भूल गए

परियावां, प्रतापगढ़। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 152वी जयंती पर तहसील अधिकारी जयंती पर नहीं पहुंच सके और न ही कोई प्रशासनिक अधिकारी पहुंच सका। सिर्फ स्कूली बच्चों ने दोनों महान पुरुष राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की छाया चित्र रखकर शिक्षकों ने कोरम पूरा किया। जब कि अंग्रेजी हुकूमत में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने विदेशी वस्त्रों को चबूतरा पर रखकर उसमें आग लगाकर होली मनाई थी आज महात्मा गांधी जैसे महान पुरुष की जयंती पर कोई अधिकारी अपनी आमद नही कर सका।

खबर संक्षेप

छात्रवृत्ति स्वीकृति प्रमाण पत्र किये गये वितरित

कौशाम्बी। समाज कल्याण विभाग द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित सम्राट उदयन सभागार में छात्रवृत्ति स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरण दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किये। कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी गर्ल्स इंटर कालेज भरवारी, धर्मा इंटर कालेज कड़ा, श्री दुर्गा देवी इंटर कालेज ओसा, विट्ठल भाई पटेल इंटर कालेज उदहिन एवं दिलीप सिंह इंटर कालेज बाकरगंज गोराजू के छात्र-छात्रायें उपस्थित थीं। समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि निदेशालय स्तर से अनुसूचित जाति पूर्वदशम छात्रवृत्ति के 431 छात्र-छात्राओ को लाभान्वित किया गया है। इसी प्रकार सामान्य वर्ग पूर्वदशम छात्रवृत्ति के कुल 94, अन्य पिछड़ा वर्ग पूर्वदशम छात्रवृत्ति के 496 एवं अल्पसंख्यक वर्ग के 33 छात्र-छात्राओ को लाभान्वित किया गया है।

समूह की महिलाओं ने वितरित कराया दाल तेल दलिया

कड़ा कौशांबी। कड़ा ब्लॉक के ग्रामसभा ताजमल्लहन आंगनवाड़ी केंद्र 1 में शनिवार को स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने गर्भवती महिलाओं को दाल तेल दलिया आदि सामान वितरण किया है शासन के निर्देश पर पात्रों को योजना का लाभ दिया जाता है इसी योजना के तहत स्वयंसेवी संस्थान के सहयोग से आंगनवाड़ी कार्यकत्री ने पात्र महिलाओं को योजना का लाभ दिलाया है है इस अवसर पर जितनी भी पात्र महिलाएं थी उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्र पर आकर दाल तेल दलिया प्राप्त किया इस अवसर पर हाईया माता स्वयं सहायता समूह ताजमललाहन की सचिव सुनीता देवी और आंगनवाड़ी कार्यकत्री अंजू देवी द्वारा वितरित कराया गया।

महिला को लगा करेंट अस्पताल में भर्ती

अझुवा कौशाम्बी। नगर पंचायत अझुवा वार्ड नं 3 निवासी सोनी देवी उम्र तकरीबन 25 वर्ष पत्नी करनपाल को दिनांक 3 अक्टूबर सुबह सवेरे मोबाइल चार्जिंग करते समय खुले इंडिकेटर में हाथ स्पर्श हो जाने पर जबरजस्त विद्युत करेंट लग गया जिसमें महिला झुलस कर बेहोश हो गई परिजनों को जानकारी होने पर उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती करवाकर उपचार करवा रहे हैं परिजनों के अनुसार महिला उपचार के बाद स्वस्थ हो रही है।

अवैध शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी। जिले में अवैध शराब के निर्माण एंव तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मोहब्बतपुर पाइंस पुलिस द्वारा अभियुक्त दीपक कुमार पुत्र विजय निवासी लाल का पुरवा थाना हुसैनगंज जनपद फतेहपुर हाल पता ऐमापुर शाखा थाना सैनी के कब्जे से पांच लीटर अवैध कच्ची शराब बरमाद होने पर अभियुक्त को गिरफ्तार कर कार्यवाही के पश्चात न्यायालय भेज दिया है।

कोरोना के दृष्टिगत की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। कोविड 19 के दृष्टिगत सरकार द्वारा निर्गत निदेशी के अनुपालन के क्रम में जिले स्तर पर अभियान चलाया गया जिसमें दो पहिया व चार पहिया वाहनों की चेकिंग की गई जिसमें 142 वाहनों का ई चालान किया गया व 3 वाहनों से 1500 रुपए सम्मन शुल्क वसूल किया गया साथ ही सरकार द्वारा जारी कोविड19 गाइडलाइन का पालन न करने वाले 23 व्यक्तियों से 2900 रुपए जुमार्ना वसूला गया।

सपा-बसपा को जनता ने किया खारिज : स्वामी प्रसाद

अशरफपुर मरधरा के अशोक नगर में सम्राट अशोक की प्रतिमा का अनावरण करने पहुंचे मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्या

अखंड भारत संदेश

मंच पर उपस्थित स्वामी प्रसाद मौर्य तीनो विधायकगण व पार्टी नेता

इमामगंज कौशांबी। मूरतगंज क्षेत्र के ग्राम सभा अशरफपुर मरधरा के अशोक नगर में सम्राट अशोक की प्रतिमा का अनावरण करने पहुंचे उत्तर प्रदेश सरकार के श्रम सेवायोजन समन्वय मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने प्रतिमा अनावरण के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश से सपा बसपा का सफाया तय है उन्होंने कहा कि सपा बसपा सरकार में जनता का उत्पीड़न गुंडे माफिया करते थे लेकिन भाजपा सरकार में गुंडे माफिया जेल में है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश से सपा बसपा का खेल खत्म हो चुका है और मायावती ने खुद बाबा साहब के मिशन को ध्वस्त कर दिया है कांशी राम के विचारों का मायावती ने गला घोंट दिया है उन्होंने कहा कि सामाजिक आंदोलन समाज का प्रतीक बहुजन समाज पार्टी को मायावती ने अपने निजी संपत्ति समझ लिया है और उसका उसको आर्थिक श्रोत का साधन मान लिया है उन्होंने कहा कि यही कारण है कि काशीराम के खून पसीने से बनाई गई बहुजन समाज पार्टी के अरमानों पर मायावती पानी फेकने काम कर रहे हैं अब किसी स्थिति में उत्तर प्रदेश में बसपा की सरकार नहीं आएगी और जनता ने बसपा सपा से किनारा कर लिया है उन्होंने कहा कि आने वाले 2022 के विधानसभा चुनाव में जनता भाजपा को पूर्ण बहुमत से सत्ता सौपेगी कार्यक्रम में जिला सहकारी बैंक निदेशक अमरनाथ मौर्या चायल विधायक संजय गुप्ता सिराथू विधायक शीतला प्रसाद पटेल मंझनपुर विधायक लाल बहादुर कार्यक्रम आयोजक शिवमोहन मौर्य जिला पंचायत सदस्य रामनरेश पासी सहित तमाम भाजपा पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में उपस्थित जनता को संबोधित कर सपा बसपा नेताओं पर गंभीर आरोप लगाए हैं कार्यक्रम स्थल पर जैसे ही मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्या पहुंचे पार्टी जनों ने माल्यार्पण कर उनका जोरदार स्वागत किया है।

कल्यान पुर फीडर की लाइट दो दिन से खराब

कल्यानपुर कौशाम्बी। सिराथू तहसील के अंदावाँ विधुत उप केंद् से कल्यानपुर फीडर के सैकडों गांव में दो दिन से अंधेरा कायम है इस उमस भरी गरमी मे गांव के लोग जीवन किसी तरह से काट रहे है। 2 दिन से विद्युत कटौती के कारण न तो लोगो को पीने का पानी मिल रहा है और ना ही किसी अन्य जरूरत के लिए पानी की सप्लाई मिल रही है इतना ही नहीं 2 दिन से विद्युत कटौती के चलते इलाके में नलकूप ठप हो गए हैं जिससे किसानों के धान की फसल की सिंचाई भी अवरुद्ध हो चुकी है।बिजली विभाग को इसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा दी गयी लेकिन विद्युत विभाग के मठाधीश अधिकारियों के चलते ग्रामीणों की इस समस्या का समाधान नहीं हो सका है गांव के लोगों की विद्युत पावर हाउस में कोई सुनवाई नही हो रही है।जिससे उपभोकताओ मे काफी रोष ब्याप्त है।सरकार ने अठारह घंटे बिजली देने का आदेश दे रखा है लेकिन विभाग के कान मे जूं तक नही रेंगती है। ऐसे ही रहा तो किसी न किसी दिन उप केंद् अंदावां पर आंदोलन कर आम जनता आक्रोश प्रकट कर सकती है इस इलाके में विद्युत कटौती का यह पहला मामला नहीं है इसके पहले भी कई बार विद्युत विभाग के अधिकारियों के तानाशाही का खामियाजा विद्युत उपभोक्ता भुगत चुके हैं जिससे उनमें व्यवस्था के प्रति आक्रोश पनपना स्वाभाविक है।

गिरिया खालसा गांव में विशाल इनामी दंगल हुआ संपन्न

पंजाब प्रांत से आए पहलावन सन्नी कुमार बने चैंपियन

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। चायल तहसील क्षेत्र के गिरिया खालसा गांव में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूर्व प्रधान शैलेंद्र कुमार पासी के नेतृत्व में 2 अक्टूबर के दिन ग्रामीण मेला एवं विशाल इनामी दंगल का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के अनुसूचित जाति एवं जनजाति के प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष हीरा लाल सरोज ने फीता काटकर इनामी दंगल का आयोजन शुरू किया।

इनामी दंगल में दूर - दराज एवं गैर प्रांत से आए हुए पहलवानो ने प्रतिभाग किया। इस इनामी दंगल में सन्नी कुमार पंजाब प्रांत से आए हुए थे जिन्होंने कई खिलाड़ियों को अपने बाजुओं की ताकत से चित कर चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। चैंपियन का खिताब जीतने वाले पहलवान सन्नी कुमार को चैंपियन बनने पर कमेटी के पदाधिकारियों के द्वारा उन्हें नगद धनराशि सहित शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जानकारों की माने तो गिरिया खालसा गांव में प्रत्येक वर्ष 2 अक्टूबर के दिन विशाल इनामी दंगल एवं मेले का आयोजन किया जाता है और इस ग्रामीण मेले का आनंद लेने के लिए दूर - दराज से हजारो लोग चलकर बड़े ही सौख से आते हैं। मेले में मुख्य अतिथि के रूप में हीरालाल सरोज अनुसूचित जाति एवं जनजाति प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी, अशोक कुमार सरोज पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं जिला महासचिव अनुसूचित जाति एवं जनजाति समाजवादी पार्टी कौशाम्बी, मोनू पासी सहित तमाम गणमान्य लोग मेले का लुफ्त उठाने के लिए आए थे।

लोधउर क्षेत्र में धधक रही अवैध शराब की भट्ठी

नेवादा कौशाम्बी। योगी सरकार ने संगठित अपराध अवैध शराब के धंधे जुए की फड़ को रोकने के लिए भले ही आदेश जारी कर दिया हो लेकिन कौशाम्बी जिले के पिपरी थाना क्षेत्र में योगी सरकार के आदेशों का मायने थाना चौकी पुलिस को नहीं रखता है क्यों कि पुलिस अपनी जिम्मेदारी को दांव पर लगाकर नजर अंदाज कर वसूली में मशगूल हैं। पिपरी थाना के लोधउर पुलिस चौकी क्षेत्र के औधन रसूलपुर बिउर लोधउर पिपरहाई आदि गाँव में इन दिनों अवैध जहरीली शराब की भट्टी बेखौफ तरीके से धधक रही है अवैध भट्टी से निर्मित शराब पीकर लोग उपद्रव भी करते है अवैध शराब भट्टी के संचालन पर स्थानीय पुलिस वसूली में मशगूल है वहीं इलाके में जुआं की फड़ सज रही है कई स्थानों पर जुआ के फड़ में सुबह से जुआरी एकत्रित हो जाते हैं पुलिस को जानकारी देने के बाद भी जुआरियों पर कार्यवाही नहीं होती है संगठित अपराध को रोकने के पुलिस अधिकारियों के निर्देश इस क्षेत्र में हवा हवाई साबित हो रहे हैं आला अधिकारी बार बार संगठित अपराध ना रोकने वालों पर कार्रवाई की बात कर रहे हैं लेकिन इस क्षेत्र में संगठित अपराध में बाढ़ आने के बाद भी स्थानीय पुलिस पर कार्रवाई होती नहीं दिख रही है।

बदले गए करारी और पिपरी थानेदार

कौशाम्बी। पिपरी और करारी थानेदार का गैर जनपद स्थानांतरण हो जाने के बाद उनके स्थान पर दो अन्य थानेदारों की तैनाती पुलिस अधीक्षक ने कर दी है नई तैनाती के अनुसार करारी थाने की जिम्मेदारी उपनिरीक्षक प्रिंस दीक्षित को दी गई है अभी तक वह पुलिस लाइन में थे इसी तरह पिपरी थाना में निरीक्षक आदित्य कुमार सिंह को नई तैनाती दी गई है अभी तक वह भी पुलिस लाइन में मौजूद थे पिपरी थानेदार राधेश्याम वर्मा का महोबा जनपद स्थानांतरण हो गया है उन्हें कार्यमुक्त पुलिस अधीक्षक ने कर दिया है और करारी थानेदार अशोक कुमार का स्थानांतरण प्रयागराज जनपद हो गया है उन्हें भी पुलिस अधीक्षक ने कार्य मुक्त कर दिया है।

खंड शिक्षा अधिकारी की विदाई में रो पड़े अध्यापक

अखंड भारत संदेश

सम्मान पूर्वक विदा हुए खंड शिक्षाधिकारी कौशांबी जगत नारायण पटेल

बुद्ध की प्रतिमा देते शिक्षक

करारी कौशाम्बी। गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के जन्म दिवस के अवसर पर प्राथमिक विद्यालय मुस्तफाबाद के प्रांगण में निवर्तमान खंड शिक्षाधिकारी जगत नारायण पटेल का विदाई समारोह सम्मान पूर्वक मनाया गया। इस समारोह में जिला अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, समस्त विकास खंडों के खंड शिक्षाधिकारी, कौशाम्बी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य, खोजवापुर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य शंकर दयाल, पूर्व एम.एल.सी. प्रत्याशी कुलदीप सिंह, एवं जनपद कौशांबी के शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उच्च न्यायालय प्रयागराज के मुख्य सचिव जगजीत सिंह ने की। मुख्य अतिथि के रुप में गुलाब सिंह स्टेनो सहायक अपर शिक्षा निदेशक मौजूद रहे।कार्यक्रम का संचालन निवर्तमान शिक्षक भगवत सिंह एवं सेवारत प्रधानाध्यापक रमेश सिंह ने किया। वक्ताओं ने अपने वक्तव्य में खंड शिक्षाधिकारी की खूबियों को उजागर किया। स्पष्ट किया कि आपने विकासखंड कौशांबी को एक परिवार की तरह उन्होंने पाला। कार्यक्रम के आयोजक ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि पद से तो रिटायर होंगे परंतु हमारे हृदय से वह कभी भी रिटायर नहीं होंगे। मैं आज यहां से एक अधिकारी की विदाई कर रहा हूं। परंतु मुझे गर्व है कि मैं अधिकारी को एक पिता के रूप में सदा अपने समीप पाता रहूंगा। जिलाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने स्पष्ट किया कि मैंने उनको कभी भी एक अधिकारी के रूप में नहीं पाया। उन्होंने हमेशा परिवार के मुखिया की तरह शिक्षकों का ध्यान रखा। बेसिक शिक्षा परिवार में आपकी कमी हमेशा बनी रहेगी। शिक्षक नेता अरुण गोविल सिंह ने स्पष्ट किया कि आपकी सादगी और आपका सद्विचार हम सबके लिए अनुकरणीय है। आपके व्यक्तित्व से हमें जो सीख मिली है हम सदा उसे अपने जीवन में उतारते रहेंगे। उन्होंने कहा कि हम आभारी हैं कि हमें आपके संरक्षण में कार्य करने का अवसर मिला। यूटेक के जिला संयोजक अतमम अली ने स्पष्ट किया कि कौशांबी विकासखंड के विद्यालयों की संरचना जगत नारायण पटेल के रहते हुए बदल गयी। धरातल पर आमूल चूल परिवर्तन हुए जो समाज के हित में हैं। आपने सदा जमीन से जुड़कर कार्य करने के लिए हमें प्रेरित किया और स्वयं भी उसी पर आजीवन कार्यरत रहे। हम आपका शुभ आशीष पाकर स्वयं को गौरवान्वित महसूस करते हैं वक्ताओ ने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद भी आपका शुभ आशीष सदा बनाये रखिये मुख्य अतिथि ने निवर्तमान खंड शिक्षाधिकारी को अंग वस्त्र भेंट किए और जीवन की नई पारी के लिए शुभकामनाएं दीं। जनपद कौशांबी के अध्यापकों ने भी उपहार आदि भेंट किए। कार्यक्रम के अंतिम क्षणों मे खंड शिक्षाधिकारी के लिए सभी अध्यापकों की आंखों में आंसू थे। सभी ने अश्रुपूरित विदाई की। कार्यक्रम में निवर्तमान जिला मंत्री ध्यान सिंह, सगीर अहमद, अजय सिंह, नासिर अब्बास, पंकज सिंह, दयाशंकर सिंह, अमित सिंह, अनुराग सिंह, मोहम्मद शोएब, राजेश वर्मा, साबिद अली, सौरव त्रिपाठी, कल्पना, संगीता एवं जनपद के तमाम अध्यापक मौजूद रहे।

चौकी इंचार्ज ने निमार्णाधीन पीएम आवास को गिराया

कोखराज कौशांबी। कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य के कार्यक्रम में चायल तहसील क्षेत्र के मूरतगंज कशिया पूर्व की दलित गरीब महिला रामरती पत्नी दीनबंधु ने शिकायती पत्र दे कर मूरतगंज चौकी इंचार्ज पर गम्भीर आरोप लगाते हुए कहा कि उसको प्रधानमंत्री आवास की रकम मिली थी जिससे वह भवन निर्माण कर रही थी महिला का आरोप है कि चौकी इंचार्ज उससे 50 हजार रुपए की मांग कर रहे थे महिला ने रुपये देने में असमर्थता जताई जिस पर चौकी इंचार्ज ने महिला को गाली गलौज कर निमार्णाधीन प्रधानमंत्री आवास की दीवार गिरा दिया है पीड़ित महिला का कहना है कि वह इसी भूमि पर बीते 20 वर्षो से परिवार के साथ रह रही है महिला का आरोप है कि भवन निर्माण की सामग्री भी चौकी इंचार्ज जबरिया उठा ले गए हैं पीड़ित महिला का कहना है कि इलाके के दलाल चौकी इंचार्ज के सहयोग से अवैध धनादोहन करना चाहते हैं और उनकी मांग ना पूरी होने पर चौकी इंचार्ज द्वारा दलित महिला को उत्पीड़ित किया जा रहा है पीड़ित महिला ने चौकी इंचार्ज पर कार्रवाई की मांग मंत्री से की है महिला की शिकायत पर मंत्री ने आला अधिकारियों को कार्रवाई का निर्देश दिया है।

तालाब बनी सड़क, घुटनों तक पानी से गुजर रहें कस्बाई

नगर वासियों ने कहा कि भ्रस्टाचार की जांच से कैसे निकलें इस जुगत में लगे जिम्मेदार,कैसे करायें जलनिकासी

अखंड भारत संदेश

सड़क मेंभरा पानी का दृश्य

अझुवा कौशाम्बी। आदर्श नगर पंचायत अझुवा में अफसरों की अनदेखी से महीनों से सड़क तालाब बनी हुई है। सड़क जलमग्न होने से मोहल्ला वासियों को घुटनों तक पानी से गुजरना पड़ रहा है। जल निकासी की व्यवस्था न होने से हल्की बारिश में भी यह सड़क जलमग्न हो जाती है।सड़क के एक तरफ रसूली तालाब और दूसरी ओर लक्ष्मी तालाब बरसात में तालाब भर जाने से सड़क में घुटनों तक गंदा पानी भरा हुआ है जिम्मेदार कान में रुई डालकर एसी की हवा खा रहे हैं कुछ दिन पहले ही करोड़ों की लागत से इस सड़क का निर्माण कराया गया था लेकिन घटिया निर्माण से बनी फिर खराब हो गई है जिसका खामियाजा नगरवासी भुगत रहे हैं। आदर्श नगर पंचायत अझुवा के अझुवा से सांखा धुमाई बरीपुर सहित दर्जनों गांव को होकर जाने वाली सड़क में वार्ड नं 6 और 3 के बीच मुख्य सड़क मार्ग पर गंदा पानी महीनों से घुटनो तक भरा हुआ है उस वार्ड के निवासियों ने कई बार नगर प्रशासन से शिकायत कर समस्या का समाधान की गुजारिश की किंतु जिम्मेदार भ्रस्टाचार की जांच का सामना कर रहे हैं नगर वासियों और गुजरने वाले राहगीरों की समस्या उन्हें नजर नही आ रही है सड़क में लबालब पानी भरा होने से मोहल्ले वासियों को पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। आरोप है कि लगातार अफसरों से मामले की शिकायत हो रही है। लेकिन जल निकासी का कोई स्थाई व्यवस्था नहीं हो सकी है महीनों से यह सड़क तालाब बनी हुई है। लोगों का कहना है अधिक बारिश होने पर कमर तक पानी सड़क में भरा रहता है। इससे लोगों को कपड़े हाथ में लेकर गुजरना पड़ता है। सबसे ज्यादा दिक्कत स्कूली बच्चों को करना पड़ रहा है। उस एरिया के बच्चों को घूमकर नगर के अपने विद्यालयों में जाना पड़ रहा है !!वहीं उस वार्ड के लोग जिम्मेदारों को खूब खरी खोटी सुना रहे हैं,कुछ महिलाओं ने बताया उनके घर में इसी माह में शादी होने वाली है घर के सामने गांठी तक पानी भरा है किस तरह रिश्तेदार आएंगे जाएंगे ?अधिशाषी अधिकारी अझुवा सूर्य प्रकाश गुप्ता ने इस सम्बंध में बताया कि पनचक्की लगाकर शीघ्र ही पानी निकाल दिया जाएगा।

बापू के बताये मार्ग पर चलने की आवश्यकता : कल्पना सोनकर

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। जिला पंचायत कार्यालय में दो अक्टूबर को गांधी जयन्ती के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर ने ध्वजा रोहण किया है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के तैल्य चित्र पर पुष्प अर्पित किया तथा स्वच्छ भारत मिशन के तहत लोगो को जागरूक किया एवं जिला पंचायत परिसर में झाड़ू लगाकर साफ-सफाई किया गया है शनिवार दो अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर जिला पंचायत कार्यालय में जिपं अध्यक्ष कल्पना सोनकर ने ध्वजा रोहण किया है। उन्होने लोगो को सफाई के लिए प्रेरित किया है। उसके बाद परिसर में स्वच्छ भारत मिशन के तहत झाड़ू लगाकर साफ-सफाई अभियान चलाया है। साथ ही जिला पंचायत परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के तैल्य चित्र पर पुष्प अर्पित किया इस अवसर पर भाजपा जिला प्रभारी अनिल सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष अनीता त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेन्द्र कुमार सोनकर, सिराथू विधायक शीतला प्रसाद पटेल, मंझनपुर विधायक लाल बहादुर, भाजायुमो मण्डल अध्यक्ष मंझनपुर ज्ञानचन्द्र गुप्ता, कल्लू पण्डा, सहित तमाम लोग उपस्थित रहें।

महात्मा गांधी और शास्त्री जयंती पर चलाया सफाई अभियान

गांधी और शास्त्री जयंती पर चलाया साफ सफाई अभियान

टेवा विद्यालय में मनाया गया गांधी शास्त्री जन्मदिन

कौशाम्बी। प्राथमिक विद्यालय टेंवा प्रथम,मंझनपुर में महात्मा गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी का जन्म दिवस बहुत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।विद्यालय के छात्र छात्राओं को गांधी जी एवं उनके तीन बंदर,शास्त्री जी एवं सरस्वती जी बनाया गया। विद्यालय में कार्यक्रम की शुरूआत विद्या की देवी माँ सरस्वती जी की वंदना से हुई।गांधी जी का प्रिय भजन रघुपति राघव राजाराम गाया गया।गांधी जी पर गीत की प्रस्तुति भी की गयी इस कार्यक्रम से बच्चों को गांधी जी एवं शास्त्री जी के बारे में बहुत आसानी से जानकारियां शिक्षकों द्वारा दी गयीं बच्चों के साथ विद्यालय के सभी शिक्षकों द्वारा गांधी जी एवं शास्त्री जी का जन्मदिन बहुत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

आम जनता के साथ अपराधियों की तरह बर्ताव कर रही है प्रदेश सरकार की पुलिस : अजय सोनी

अखँड भारत संदेश

मनीष गुप्ता हत्याकांड को लेकर समर्थ किसान पार्टी ने निकाला कैंडल मार्च

कौशाम्बी। समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान में कानपुर के व्यापारी मनीष गुप्ता की गोरखपुर में हुई हत्या को लेकर बीती शाम को उदहिन बुजुर्ग चौराहा पर कैंडल मार्च निकाला गया। इस दौरान पार्टी के नेता अजय सोनी और पार्टी के तमाम कार्यकर्ता मनीष गुप्ता अमर रहें, अमर रहें एवं हत्यारों को फांसी दो... फांसी दो... के नारे लगा रहे थे। हांथों में मोमबत्तियां जलाकर जुलूस की शक्ल में चौराहे के एक छोर से दूसरे छोर तक काफी संख्या में पार्टी कार्यकताओं ने जुलूस निकाला और नारेबाजी की। इस अवसर पर तमाम अन्य लोगों ने भी मनीष गुप्ता की हत्या के विरोध में निकाली गई कैंडल मार्च में शामिल होकर आक्रोश व्यक्त किया और प्रदेश सरकार की बेलगाम पुलिस पर सवाल उठाए। इसके पूर्व पार्टी नेता अजय सोनी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज पूरे उत्तर प्रदेश में कोई भी व्यक्ति सुरक्षित नहीं है। आलम यह है कि जिसे अपराधी नहीं मार पाते, उसे प्रदेश सरकार की पुलिस जबरन जान से मार रही है। इस सरकार में किसान, मजदूर, व्यापारी, आम जनता एवं महिलाएं कोई भी सुरक्षित नहीं हैं। लोग प्रदेश से अन्य प्रदेशों को पलायन करने पर विचार करने लगें हैं। मनीष गुप्ता की हत्या इस बात का सबूत है कि प्रदेश की पुलिस से बेकसूरों को जान का खतरा है। बेलगाम अफसरशाही और पुलिस से लोग परेशान हैं और अपनी जान माल की दुहाई मांग रहे हैं। अजय सोनी ने प्रदेश सरकार से फास्ट ट्रैक कोर्ट में मनीष गुप्ता हत्याकांड की सुनवाई कराने एवं हत्यारों को फांसी देने की मांग की। साथ ही मनीष गुप्ता के परिजनों को सरकारी नौकरी एवं एक करोड़ रू की नगद सहायता करने की मांग की। इसी के साथ ही पुलिस द्वारा आम आदमी के साथ अपराधियों की तरह बर्ताव नहीं करने की प्रदेश सरकार से मांग की गई। इस अवसर पर रामबाबू गौतम, बबलू केशरवानी, हिमांशु केशरवानी, राजेश कुमार, सफीक अहमद, अंबेश कुमार, अरविंद कुमार, सोनी मौर्य, पुष्पा सोनकर, माया देवी आदि मौजूद रहे।

धर्मा देवी कॉलेज में मनाई गई गांधी शास्त्री जयंती

कौशाम्बी। राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन कनवार में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुये उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। विद्यालय में कई प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। निबन्ध प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में आर्थिक द्विवेदी को प्रथम स्थान व सुमित कुमार को द्वितीय स्थान तथा विनय सिंह को तृतीय स्थान तथा सीनियर वर्ग में खुशी सिंह को प्रथम, पंकज कुमार को द्वितीय स्थान तथा श्वेता राजपूत को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। तथा पोस्टर पेंटिंग प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में पार्वती देवी को प्रथम स्थान तथा सपना मौर्य को द्वितीय स्थान तथा अनामिका मिश्रा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। सीनियर वर्ग में अमन केशरवानी को प्रथम स्थान तथा मोनी देवी को द्वितीय स्थान व आनन्द सुमेर पाल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रधानाचार्य डॉ. रामकिरण त्रिपाठी, राम शंकर सिंह,आदित्य द्विवेदी, आयुष पांडेय, शिवदत्त पाण्डेय, धनजंय सिंह,अमित त्रिपाठी,निर्भय सिंह आदि शिक्षक व छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे।

कृषि भूमि के अवैध पट्टो को एडीएम ने किया खारिज

अखंड भारत संदेश

कौशांबी। सिराथू तहसील के ग्राम सभा बम्हरौली में प्रधान द्वारा अवैध रूप से कृषि भूमि के 3 दर्जन लोगों को वर्ष 2018 में पटटा किया गया था। अपर जिलाधिकारी न्यायालय में सुनवाई के दौरान नियम विरुद्ध किए गए अवैध पट्टो को खारिज कर ग्राम सभा के खाते में दर्ज करने का आदेश किया गया। ग्राम सभा बम्हरौली की ग्राम प्रधान सबीना बीबी द्वारा 3 दर्जन से अधिक लोगों को वर्ष 2018 में कृषी भूमि का वित्तीय वर्ष में लगभग 10 एकड़ से अधिक भूमि का पट्टा किया गया था। जिसमें गांव के लोगों ने विरोध किया था। ग्रामीणों ने पटटा खारिज करने की लिए जिलाधिकारी न्यायालय में अपील किया। सुनवाई के दौरान शुक्रवार को अवैधानिक तरीके से किए गए पट्टो को अपर जिलाधिकारी ने खारिज कर दिया। अपर जिलाधिकारी ने ग्राम सभा के खाते में भूमि को दर्ज करने का आदेश जारी किया है।

अभियुक्त को सुनाई गई 20 वर्ष की कारावास

कौशाम्बी। थाना चरवा पर पंजीकृत डीपी एक्ट के अभियुक्त शरद मिश्र उर्फ मोनू पुत्र स्व0 दयाशंकर मिश्र निवासी काजू थाना चरवा को न्यायालय एडीजे एसटीसी प्रथम द्वारा मिशन शक्ति के तहत्व शासन मि प्राथमिकता के आधार पर गंभीर एंव जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में प्रभावी पैरवी कराते हुए मॉनिटरिंग सेल के माध्यम से अभियुक्त को 20 वर्ष की कारावास व 35 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया गया अर्थ दण्ड न अदा करने पर 1 वर्ष 9 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गई।

इनमिया अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी। जिले में अपराध एंव अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक ज्ञान सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा तलाश वांछित इनमिया अभियुक्त अशोक उर्फ पप्पू पुत्र बाबूलाल निवासी सरैया थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी 23 जनवरी 2015 से फरार चल रहा था जिनके उप्पर 25 हजार रुपए का पुरस्कार घोषित है मुखबिर की सूचना पर चाकवन चौराहे के पास से गिरफ्तार कर जमा तलाशी के दौरान एक अदद तमंचा 12 बोर व एक अदद जिंदा कारतूस 12 बोर बरमाद होने पर अभियुक्त को गिरफ्तार कर कार्यवाही के पश्चात न्यायालय भेज दिया है।

जालसाजी व टप्पेबाजी करने वाले तीन अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी। जिले में अपराध एंव अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में जिले में घटित जालसाजी टप्पेबाजी की घटनाओं को देखते हुए उनके अनावरण एंव जालसाजों की गिरफ्तारी हेतु इंटेलिजेंस विंग व थाना सैनी पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर दिलावलपुर मोड़ के पास से आ रहे दो बाइक पर पांच व्यक्तियों को रोकने की कोशिश के दौरान फायरिंग की गई जिसमें तीन अभियुक्तो शमीम पुत्र मो0 सलीम रमाकांत प्रजाति पुत्र स्व0 रघुनाथ प्रजापति व रोहित मिश्रा उर्फ अभय कुमार पुत्र शेषनारायण निवासी थाना हथिगवां जनपद प्रतापगढ़ को पकड़ लिया गया वही दो अभियुक्त देवमूरत गुप्ता पुत्र लकड़ीबाज निवासी भादवा थाना कोखराज व दशरथ सोनी पुत्र अज्ञात निवासी बिजलीपुर थाना नवाबगंज प्रयागराज निवासी भागने में कामयाब रहे।

सम्पादकीय

जाति जनगणना की उलझनें

सरकार के इस हलफनामे में जहां एक तरफ नीतिगत रवैये की बात कही गई है, वहीं दूसरी तरफ जातिगत जनगणना की राह में आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयां भी गिनाई गई हैं। नीति के सवाल पर इसमें कहा गया है कि भारत सरकार ने 1951 में आजादी के बाद पहली जनगणना के वक्त ही यह तय कर लिया था कि एससी और एसटी के अलावा अन्य जातियों से संबंधित सूचनाओं को जनगणना का हिस्सा नहीं बनाया जाएगा। महाराष्ट्र सरकार की ओर से दायर की गई याचिका के जवाब में केंद्र सरकार ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर करते हुए स्पष्ट कर दिया कि वह 2021 की जनगणना में अनुसूचित जाति और जनजाति के अलावा किसी भी जाति से संबंधित सूचनाएं इकट्ठा करने के पक्ष में नहीं है। केंद्र सरकार के इस रुख पर अब राज्य सरकारें अपना पक्ष रखेंगी और फिर अदालत तमाम पहलुओं पर विचार करते हुए कोई फैसला देगी, लेकिन इस हलफनामे से इस मसले पर केंद्र सरकार का रुख पूरी तरह साफ हो गया।

हालांकि केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने 20 जुलाई को लोकसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में बता दिया था कि भारत सरकार ने जनगणना में एससी/एसटी के अलावा अन्य जातियों को न गिनने का नीतिगत निणन्य लिया है। लेकिन इसके बाद 23 अगस्त को बिहार के मुख्यमंत्रियों की अगुआई में विभिनन्न दलों का एक प्रतिनिधिमंडल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिला और उनसे जाति आधारित जनगणना करवाने की अपील की। प्रधानमंत्री ने इस प्रतिनिधिमंडल को अपनी तरफ से कोई आश्वासन नहीं दिया, लेकिन न केवल बीजेपी नेताओं ने प्रतिनिधिमंडल की मांग से सहमति जताई बल्कि पार्टी ने इसमें अपना एक नुमाइंदा भी भेजा। इसलिए यह संभावना जताई जाने लगी थी कि अब इस मसले पर सरकार के रुख में थोड़ी नरमी दिखेगी।बहरहाल, सरकार के इस हलफनामे में जहां एक तरफ नीतिगत रवैये की बात कही गई है, वहीं दूसरी तरफ जातिगत जनगणना की राह में आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयां भी गिनाई गई हैं। नीति के सवाल पर इसमें कहा गया है कि भारत सरकार ने 1951 में आजादी के बाद पहली जनगणना के वक्त ही यह तय कर लिया था कि एससी और एसटी के अलावा अन्य जातियों से संबंधित सूचनाओं को जनगणना का हिस्सा नहीं बनाया जाएगा। मगर जब यह नीति बनाई गई थी, तब एससी/एसटी के अलावा किसी और जाति के लिए आरक्षण की व्यवस्था नहीं थी। अब जब ओबीसी आरक्षण को तीन दशक हो चुके हैं और उसके फायदों की ढंग से समीक्षा करने की जरूरत महसूस हो रही है तो फिर 1951 के नीतिगत फैसले का हवाला देना तर्कसंगत नहीं माना जा सकता।

कृषि सुधार कानून विरोधी आंदोलन का एक साल

डॉ.अजीत रानाडे

देश में विविध कृषि-जलवायु क्षेत्र हैं इसलिए सबके लिए एक ही तरह का नियम व नजरिया काम नहीं कर सकता। सार्वजनिक वितरण प्रणाली में सुधार कर जौ, बाजरा एवं अन्य मोटे अनाज और स्थानीय किस्मों को शामिल करना चाहिए जिससे किसानों के साथ-साथ लोगों की पोषण संबंधी जरूरतों को पूरा करने में भी मदद मिलेगी। कृषि उत्पादों के लिए अग्रिम और वायदा बाजार को सक्षम करें, जो यदि न्यूनतम समर्थन मूल्य की आवश्यकता को समाप्त नहीं करता है तो अंततः उसका पूरक हो सकता है।एक वर्ष पहले संसद में जल्दबाजी में तीन कृषि कानून पारित किए गए थे। जून में अध्यादेश के रूप में जारी किए गए ये कानून संसद में पारित होने के बाद विधेयकों में बदल गए। ये कानून बिना किसी चर्चा या वाद-विवाद के पास किए गये थे, लेकिन जिन कानूनों को दूरगामी सुधारों के रूप में वर्णित किया जा रहा है, क्या उनके लिए चर्चा की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए थी? सरकार का कहना है कि है इन मुद्दों के बारे में लोग जानते थे और ये लंबे समय से लंबित थे। इसका मतलब यह है कि सरकार जैसा कह रही है कि उन पर बहस करने और समय बर्बाद करने का कोई फायदा नहीं था। चूंकि सत्तारूढ़ दल के पास बहुमत है इसलिए तीनों बिल पास हो गए और उन्हें राष्ट्रपति की मंजूरी भी मिल गई। सरकार और बिल के समर्थकों ने इन कृषि कानूनों को साहसिक सुधारों के उदाहरण होने का दावा किया और इस मामले में सरकार की जोखिम लेने और राजनीतिक खतरा उठाने की क्षमता की सराहना की। यह एक संकीर्ण और गुमराह आकलन है। आम सहमति से किया गया कोई भी सुधार चुपके से या बहुमत के बल पर किए गये सुधारों से बेहतर हैं। खास तौर पर उन क्षेत्रों के सुधार जो सीधे तौर पर देश की आधी आबादी को प्रभावित करते हैं। इसके अलावा दूसरी महत्वपूर्ण बात यह है कि संविधान के अनुसार कृषि राज्य का विषय है इसलिए इस मामले में सर्वसम्मत निणन्य होना जरूरी है। अध्यादेश का विरोध पिछले साल की जून में ही शुरू हो चुका था और सितंबर, 2020 में तीन कानूनों के पारित होने के दिन से व्यापक विरोध और आंदोलन शुरू हो गया।

कृषि कानूनों की तरह ही उनके खिलाफ आंदोलन भी एक साल पुराना है। सर्दी, बारिश और बाढ़, इंटरनेट नाकाबंदी और पुलिस कार्रवाई के बावजूद यह चल रहा है। सरकार और किसानों के प्रतिनिधियों के बीच लगातार 10 से अधिक दौर की बातचीत हुई है ताकि कोई बीच का रास्ता निकाला जा सके पर चर्चा के सभी दौर फेल हो गए। जनवरी में सुप्रीम कोर्ट ने कानूनों के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी और अमल के लिए आगे का रास्ता सुझाने के लिए एक विशेषज्ञ समिति नियुक्त की। दिसंबर आते तक वैश्विक मीडिया इस आंदोलन को दुनिया का सबसे बड़ा किसान आंदोलन बताने लगा। उस दौरान देश भर में अनुमानित 25 लाख लोगों ने इस आंदोलन के प्रति एकजुटता दिखाई। सीएनएन के एक स्तंभकार ने आश्चर्य जताया कि अगर अमेरिका में अश्वेत नागरिक जार्ज फ्लॉयड की पुलिस अधिकारी द्वारा हत्या के मामले या मी टू आंदोलन पर विश्व स्तर पर विरोध प्रदर्शन हो सकता है तो इतने बड़े पैमाने पर समर्थन के बावजूद भारत के कृषि कानूनों का विरोध विश्व स्तर पर ट्रेंडिंग में क्यों नहीं था?

आंदोलन के दौरान एक युवा महिला कार्यकर्ता को गिरफ्तार किया गया क्योंकि वह आंदोलन का विरोध करने के लिए 'टूल किट' के जरिये प्रसार कर रही थी। इंटरनेट कभी-कभार इसलिए बंद कर दिया जाता था ताकि किसान आंदोलनकारी अपना संदेश आसानी से न फैला सकें। सरकार ने ट्विटर को दर्जनों खातों को ब्लॉक करने की धमकी दी, जिससे डरकर अमेरिकी सोशल नेटवर्किंग सर्विस ने सरकार के आदेशों का पालन किया। आंदोलनकारियों द्वारा उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में हाल ही में आयोजित एक रैली में दस लाख से अधिक लोग शामिल हुए। किसानों का आंदोलन कमजोर नहीं हो रहा है बल्कि और सख्त रवैया अपनाता जा रहा है। तीनों कृषि कानूनों को निरस्त करना उनकी मांग है और इसके अलावा और किसी बात के लिए वे तैयार नहीं हैं। आंदोलन के विरोधियों का दावा है कि आंदोलन समर्थकों का आधार बहुत छोटा है और वे केवल बड़े किसानों के हित तथा पंजाब और हरियाणा में बिचौलियों के आरोपित लॉबी का प्रतिनिधित्व करते हैं।

आखिर ये तीन कृषि कानून क्या हैं? बहुत सीधे शब्दों में कहें तो वे वास्तव में किसानों पर लगाए गए बंधनों से छूट दे रहे हैं। पहला, किसान को निर्धारित मंडियों के परिसर के बाहर उपज बेचने की अनुमति देता है। दूसरा, किसानों को सीधे बातचीत करने और कॉर्पोरेट के साथ अनुबंध करने की अनुमति देता है। तीसरा, आवश्यक वस्तु अधिनियम के प्रतिबंधों को शिथिल करता है, अर्थात कृषि उपज के भंडारण और परिवहन पर प्रतिबंध को शिथिल करता है। इस प्रकार तीनों कृषि कानून किसान पर प्रतिबंधों को शिथिल कर रहे हैं। वे किसानों को नई आजादी देते हैं। तो यह एक बुरे कानून कैसे हो सकते हैं? लेकिन, चिंता का विषय इस बारे में है कि आगे क्या होता है? असली गड़बड़ है ये कानून लागू करने की फिसलन भरी राह में है। डर यह है कि यदि निर्धारित मंडी के माध्यम से सरकारी खरीद में गिरावट आती है तो न्यूनतम समर्थन मूल्य (मिनिमम सपोर्ट प्राईज़- एमएसपी) का वादा खो जाने का खतरा है। सरकार के पास फिलहाल किसी भी न्यूनतम मात्रा को खरीदने की वैधानिक बाध्यता नहीं है। यदि कोई मात्रा नहीं खरीदी जाती है तो न्यूनतम समर्थन मूल्य का आश्वासन निरर्थक हो सकता है। मंडी में लेन-देन पर एकत्र किए गए मंडी कर, बुनियादी ढांचे के निर्माण और रखरखाव में मदद करते हैं। तो क्या सरकार मंडियों को खत्म करने की योजना बना रही है? दूसरा, ठेके पर खेती करने पर ठेके के उल्लंघन की स्थिति में किसानों को अदालतों का सहारा लेने की इजाजत नहीं है। एक छोटा सा किसान शक्तिशाली और बड़े कारपोरेट से कैसे लड़ने जाएगा? ऐसा बताया जा रहा है कि वह स्थानीय जिलाधिकारी से मदद ले सकता है, लेकिन विरोध कर रहे किसानों की खोपड़ी तोड़ने के लिए पुलिस को निर्देश देने वाले एक युवा डीएम का हालिया वीडियो यह विश्वास नहीं दिलाता है कि नौकरशाही छोटे किसान के साथ खड़ी होगी । आवश्यक वस्तु कानून को कमजोर करने के बारे में भी इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि जब खाद्य मुद्रास्फीति बढ़ जाती है तो सरकार हस्तक्षेप नहीं करेगी। किसानों को डर है कि जब भी उनकी फसलों को अधिक कीमत मिलने लगेंगी तो उनको नुकसान पहुंचाने के लिए 'सुधार' कानूनों को निलंबित कर दिया जाएगा और कीमतों की अधिकतम सीमा निर्धारित कर दी जाएंगी। ऐसा वास्तव में चीनी के लिए हुआ था और सितंबर, 21 में कानून के पारित होने के तुरंत बाद निर्यात नियंत्रण और भंडारण सीमा कानून लगाया गया।इन कारणों से ये तीनों कानून किसानों को सरकार के प्रति भरोसेमंद न होने की वजह देते हैं और यहीं पर सरकार को किसानों के विश्वास और भरोसे को जीतने के उपाय करने की जरूरत है। जैसे-जैसे कुछ राज्यों के विधानसभा चुनाव नजदीक आएंगे, किसान आंदोलन एक महत्वपूर्ण और भावनात्मक चुनावी मुद्दा होता जाएगा।

भारत के कृषि क्षेत्र को बेड़ियों में जकड़ने की जरूरत है लेकिन कहीं और, जैसे भूमि को पट्टे पर देने के कानून को और उदार बनाने की जरूरत है। कर्ज देने वाली संस्थाओं को अधिक सक्रियता की अनुमति देने, काश्तकार किसानों के लिए औपचारिक ऋ ण का उपयोग करना संभव बनाने, खाद्य उत्पादों पर अनियमित ढंग से लगाये जाने वाले निर्यात और आयात प्रतिबंध को हटाने, कृषि आय के सबसे तेजी से बढ़ते हिस्से, पशुपालन को प्रोत्साहित करने की जरूरत है। देश भर में भूमि के 140 लाख छोटे-छोटे टुकड़े हैं जिनकी चकबंदी को प्रोत्साहन देना चाहिए। भू-अभिलेखों को डिजिटल किया जाना चाहिए और उनके स्वामित्व की अस्पष्टता को पूरी तरह से दूर करने के लिए एक लंबा रास्ता तय करना होगा।देश में विविध कृषि-जलवायु क्षेत्र हैं इसलिए सबके लिए एक ही तरह का नियम व नजरिया काम नहीं कर सकता। सार्वजनिक वितरण प्रणाली में सुधार कर जौ, बाजरा एवं अन्य मोटे अनाज और स्थानीय किस्मों को शामिल करना चाहिए जिससे किसानों के साथ-साथ लोगों की पोषण संबंधी जरूरतों को पूरा करने में भी मदद मिलेगी। कृषि उत्पादों के लिए अग्रिम और वायदा बाजार को सक्षम करें, जो यदि न्यूनतम समर्थन मूल्य की आवश्यकता को समाप्त नहीं करता है तो अंततः उसका पूरक हो सकता है। कृषि विश्वविद्यालयों और विस्तार सेवाओं के बीच संबंध की व्याप्ति को सक्रिय और सशक्त करें। कम से कम गैर-खाद्य फसलों के लिए हाइब्रिड किस्में, किसानों की उत्पादकता और आय में काफी वृद्धि कर सकती हैं। बीटी कॉटन की सफलता इसका बढ़िया उदाहरण है। खेती को बौद्धिक और वैज्ञानिक ज्ञान की जरूरत है जो रियायती पानी, बिजली, कर्ज या खाद से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण है। इस महीने की शुरुआत में हमने किसान नेता शरद जोशी का 86 वां जन्मदिन मनाया था, जो आधुनिक भारत के तेजतर्रार, गतिशील, कृषि सुधारों और किसानों के उत्थान के लिए अथक प्रयतन करते रहे। उनके विचारों पर अमल करना और उनका प्रचार-प्रसार करना एक अच्छी शुरूआत होगी।

नेहरू-गांधी परिवार और कांग्रेस को अलग करना नामुमकिन

नरेंद्र नाथ

राहुल को एक आम मानव के रूप में प्रस्तुत किया जा सकता है जो भूलता और गलती करता है, गिरता और संभलता है। उनकी अपूर्णता, अपरिपक्वता और अनगढ़पन उन्हें आम आदमी के अधिक नजदीक ला सकते हैं। हमने लालू प्रसाद यादव की ठेठ ग्रामीण और अनगढ़ अभिव्यक्तियों के जादू को देखा है। जनता राहुल को उनकी कमियों और कमजोरियों के साथ भी अपना सकती है, शर्त यह है कि वे इन से उबरने के लिए नायकोचित संघर्ष करते दिखें। पिछले कुछ दिनों से कांग्रेस समर्थक बुद्धिजीवी वर्ग की रणनीति में एक स्पष्ट एवं निर्णायक बदलाव देखा जा रहा है। कांग्रेस को भाजपा को सत्ताच्युत करने में सक्षम किसी भी भाजपा विरोधी मोर्चे की धुरी के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। इस प्रकार पर्दे के पीछे से कांग्रेस पार्टी को संचालित करने वाले पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी को स्वतः ही नरेन्द्र मोदी से आमने सामने के संघर्ष के लिए विपक्ष के सेनापति का दर्जा मिल जाता है, वे विजयी होने पर प्रधानमंत्री पद के स्वाभाविक दावेदार बन जाते हैं। हमें यह तो स्वीकारना ही होगा कि भाजपा को आगामी लोकसभा चुनावों में पराजित करने की कोई भी रणनीति कांग्रेस की उपेक्षा करके अथवा उसे पूर्ण रूप से खारिज करके तैयार नहीं की जा सकती। यह भी एक ध्रुव सत्य है कि नेहरू-गांधी परिवार और कांग्रेस अविभाज्य रूप से अन्तरसम्बन्धित हैं। एक के बिना दूसरे की कल्पना नहीं की जा सकती। यह रिश्ता इतना अनूठा और अपरिभाषेय है कि कांग्रेस की दुर्दशा के लिए नेहरू-गांधी परिवार को जिम्मेदार मानने वाले भी यह जानते हैं कि अगर कांग्रेस को सत्ता वापस कोई दिला सकता है तो वह नेहरू-गांधी परिवार ही है। रुग्ण और वृद्ध सोनिया की घटती सक्रियता के बीच यह चमत्कार करने के लिए इस परिवार के दो सदस्य हमारे बीच हैं- लगभग 17 वर्ष पुरानी अपनी राजनीतिक पारी का स्वरूप एवं दिशा निर्धारित करने में अब भी असमंजस के शिकार राहुल गांधी और बहुत देर से राजनीति में प्रवेश करने वाली प्रियंका गांधी जिन्हें कांग्रेस में अपनी भूमिका तय करनी है। 17 वर्षों के राजनीतिक सफर के बाद राहुल आज कांग्रेस पार्टी के किसी महत्वपूर्ण संवैधानिक पद पर नहीं हैं। जब कांग्रेस केंद्र में सत्ता में थी तब भी उन्होंने कोई महत्वपूर्ण उत्तरदायित्व लेकर प्रशासनिक अनुभव प्राप्त करने की चेष्टा नहीं की थी।

राहुल राजनीति में सफल और लंबी पारी खेलने के लिए आवश्यक निरंतरता दिखाने में सफल नहीं हो पाए हैं। राजनेताओं की प्राण रक्षा के लिए उन्हें सुरक्षा घेरे में रखा जाता है किंतु कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व को सुरक्षा देने के बहाने बंधक बनाकर रखने वाले दरबारियों और चाटुकारों से छुटकारा पाने में राहुल नाकामयाब रहे हैं। उन्होंने दरबारियों और चाटुकारों की पुरानी टीम को तो चलता किया लेकिन इनकी नई टीम बना ली। जब शीर्ष नेतृत्व प्रादेशिक नेताओं के लिए सहज उपलब्ध नहीं रहता, उन्हें प्रत्यक्ष भेंट और सीधे संवाद का अवसर नहीं देता अपितु मध्यस्थों और बिचौलियों को प्रश्रय देता है तब गलतफहमी एवं दूरी बढ़ने की गुंजाइश हमेशा रहती है। राहुल अपने प्रतिभावान युवा साथियों को लेकर क्यों असुरक्षित महसूस करते हैं यह समझ पाना कठिन है। इस असुरक्षा का केवल एक ही स्पष्टीकरण दिया जा सकता है- वे स्वयं गांधी परिवार की ताकत और करिश्मे को लेकर सशंकित हैं। राहुल ने कई बार अपनी नेतृत्व क्षमता से प्रभावित किया है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के लिए अपरिहार्य समझे जाने वाले अजीत जोगी को दरकिनार कर नंदकुमार पटेल, भूपेश बघेल और टी एस सिंहदेव को छत्तीसगढ़ कांग्रेस को पुनर्जीवित करने का उत्तरदायित्व देना एक साहसिक निणन्य था। पिछले विधानसभा चुनावों में मध्यप्रदेश में युवा ज्योतिरादित्य सिंधिया की आक्रामकता और अनुभवी कमलनाथ की संगठन क्षमता का बेहतर उपयोग लेना भी राहुल के नेतृत्व कौशल का प्रमाण था। राजस्थान कांग्रेस को दुबारा गढ़ने की जिम्मेदारी युवा सचिन पायलट को देकर राहुल ने एक चुनौतीपूर्ण पहल की थी और सचिन पायलट ने भी उन्हें सही साबित किया। पंजाब में भी कैप्टन अमरिंदर सिंह को विधानसभा चुनावों में फ्री हैंड देकर राहुल ने उदारता एवं दूरदर्शिता का परिचय दिया था। हाल के डेढ़ साल में कोविड-19 विषयक राहुल के आकलन एवं भविष्यवाणियां आश्चर्यजनक रूप से सटीक रही हैं। उन्होंने कोविड-19 के मसले पर नरेन्द्र मोदी की तुलना में अलग ढंग से सोचा, वे अधिक तार्किक एवं विज्ञान सम्मत विचार प्रस्तुत करते रहे, उन्होंने सरकार को समयपूर्व चेतावनी भी दी और सकारात्मक सुझाव भी प्रस्तुत किए। भाजपा ने कांग्रेस और गांधी परिवार पर निरंतर आक्रमण कर इस बात को परिपुष्ट किया है कि भारतीय राजनीति में यदि भाजपा का विकल्प कोई है तो वह गांधी परिवार के नेतृत्व वाली कांग्रेस ही है। किंतु कांग्रेस और राहुल को भावी विपक्षी गठबंधन के नेतृत्वकर्ता के रूप में प्रस्तुत करने की हड़बड़ी व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं के संघर्ष को कुछ इस तरह हवा दे सकती है कि सारे विपक्षी दल एक मंच पर एकत्रित ही न हो पाएं। कांग्रेस यदि मुद्दों की राजनीति करे, एक न्यूनतम साझा कार्यक्रम प्रस्तुत करे तो विपक्षी एकता का कठिन कार्य सरल हो सकता है। पूर्व में ऐसा हुआ भी है। कांग्रेस चाहे तो वैकल्पिक मंत्रिपरिषद बना कर मोदी सरकार की हर नीति पर अपना पक्ष रख सकती है।

हिटलर के देश में मार्क्सवादियों की जीत

पुष्परंजन

भारत में वामपंथी इस बात पर लहालोट हो सकते हैं कि देखो मार्क्स की भूमि पर हमारी विचारधारा आज भी मज़बूती से आगे बढ़ रही है। जर्मनी में उसकी एक बड़ी वजह सेंटर-लेफ्ट अवधारणा को जमीन पर उतारने वाले नेता-कार्यकर्ता भी रहे हैं। 16 में से 11 प्रांतों में मार्क्सवादी विचारधारा को आगे बढ़ाने वाली 'एसपीडी' गठबंधन सरकार में है, ऐसा कुछ भारत में क्यों नहीं हो पाया?हैरान मत होइए कि हिटलर के देश में कम्युनिस्ट सरकार बना सकते हैं। गर नहीं बना पाये, तो संसद में ताक़तवर प्रतिपक्ष के रूप में प्रस्तुत हो सकते हैं। वहां सरकार का गठन देखने के वास्ते थोड़ा इंतज़ार करना पड़ेगा। कम से कम क्रिसमस तक। तबतक आंगेला मैर्केल कार्यवाहक चांसलर की ज़िम्मेदारी संभालेंगी। 735 सदस्यीय जर्मन संसद 'बुंडेस्टाग' के लिए तीन दिन पहले जो चुनाव परिणाम आये, उसमें सर्वाधिक 206 सांसद एसपीडी (सोज़िएलडेमोक्रेटिशे पार्तेई डॉयचलांड) के चुने गये हैं। दूसरे नंबर पर सत्तारूढ़ गठबंधन सीडीयू-सीएसयू को 196, ग्रीन को 118, एफडीपी को 92, एएफडी को 83, डी लिंके को 39, अन्य की ओर से एक सांसद को जर्मन जनता ने चुना है। मार्क्सवादी विचारधारा की वाहक 'एसपीडी', को 'सोशल डेमाक्रेटिक पार्टी ऑफ जर्मनी' भी कह सकते हैं। 23 मई 1863 को एसपीडी की स्थापना हुई थी। इसे जर्मन संसद की सबसे पुरानी पार्टी के रूप में लोग देखते हैं।जर्मनी के 16 में से 11 प्रांतों में एसपीडी गठबंधन सरकार में है। सात प्रांतों में एसपीडी के मुख्यमंत्री हैं। बर्लिन में एसपीडी-ग्रीन और लेफ्ट की गठबंधन सरकार है। ब्रांडेनबुर्ग में एसपीडी- सीडीयू और ग्रीन, ब्रेमन में एसपीडी-ग्रीन और लेफ्ट, हैम्बर्ग में एसपीडी और ग्रीन गठबंधन, लोअर सेक्सनी में एसपीडी और सीडीयू, मैक्लेनबुर्ग फोरपोमर्न में एसपीडी-सीडीयू, राइनलांड फाल्ज़ में एसपीडी-एफडीपी और ग्रीन गठबंधन, सारलैंड में सीडीयू-एसपीडी। सैक्सनी में एसपीडी, सीडीयू और ग्रीन। सेक्सनी अलहाल्ट में भी एसपीडी-सीडीयू और ग्रीन। थ्यूरिंज़िन में एसपीडी, ग्रीन और लेफ्ट की गठबंधन सरकारें हैं। इतना बताने का आशय गठबंधन को समझना है कि इस देश में दक्षिणपंथी व वामपंथी गठजोड़ कर सरकारें चला सकते हैं। ऐसा भारत में हो जाए, तो सातवां आश्चर्य होगा।

जर्मन राज्यों जैसे समीकरण संसद में भी देखा गया है। 1949 में बुंडेस्टाग (जर्मन संसद) की स्थापना हुई थी। 1965 में एसपीडी- सीडीयू-सीएसयू ने पहली बार गठबंधन बनाई थी। बिल्कुल विपरीत विचारधारा के मार्क्सवादी, सेंटर राइट के सांसदों से बगलगीर थे। उसके बाद 1969 से 1982 तक एसपीडी और फ्र ी डेमोक्रेटिक पार्टी (एफ डीपी) सत्ता में हमसफ़ र रहे। 1998 से 2002 तक एसपीडी-ग्रीन की गठबंधन सरकार रही। फिर 2005 में एसपीडी-सीडीयू-सीएसयू गठबंधन की सरकार बनी। 2013 और 2017 ये दो ऐसे कालखंड थे, जब इसी गठबंधन की मदद से आंगेला मैर्केल की सत्ता चलती रही।22 नवंबर, 2005 को आंगेला मैर्केल जर्मनी की पहली महिला चांसलर बनीं। प्रिंस ओटो फोन विस्मार्क 22 साल 262 दिन जर्मनी के चांसलर रहे, हेल्मुट कोल 16 साल 26 दिन, और आंगेला मैर्केल ने 15 साल 309 दिन चांसलर रहकर इतिहास रचा है। फिर ऐसा क्या हुआ कि मतदाता मार्केल के शासन को जारी रखने के बजाय मार्क्सवादियों को बेहतर मानने लगे? कोई भी इस सवाल को पूछेगा। केवल एंटी इंकम्बेंसी कारण नहीं। कोविड महामारी और बाढ़ की आफत के दौरान लचर व्यवस्था, प्रबंधन की विफलता सत्तारूढ़ सेंटर राइट गठबंधन सीडीयू-सीएसयू को ले डूबी। आंगेला मैर्केल का खुद का अहंकार।डेढ़ दशक के अखंड राज में आंगेला मैर्केल पार्टी से ऊपर उठ चुकी थीं। बिल्कुल पीएम मोदी की तरह। दरबारी, मैर्केल को विश्व नेता निरूपित करते, घनघोर मैर्केलवादियों का दबदबा जर्मन सत्ता प्रतिष्ठान में बना रहता। दलाल मीडिया मैर्केल को दबे-कुचलों का मसीहा चित्रित करता। कई अफसाने लिखे गये, जिसमें बाहर वालों को बताया जाता कि मामूली से मामूली आदमी मैडम मैर्केल से बिना रोक-टोक मिल सकता था। ऐसी कपोल कथाओं का जमीनी सच से कोई वास्ता नहीं होता। 17 साल पहले 2004 में वायमार की घटना मुझे अच्छे से याद है, जब आंगेला मैर्केल नेता प्रतिपक्ष हुआ करती थीं। वह वायमार के वेस्टर्न प्रीमियर होटल में रूकी थीं। पब्लिक ब्राडकास्टर डायचेवेले के दक्षिण एशिया प्रमुख डॉ. फीडमनन्‌श्रेंडर को जानकारी मिली कि आंगेला मैर्केल उसी होटल के एक फ्लोर में रूकी हैं, जहां हमने कमरा ले रखा था। तय हुआ कि हम चार संपादक उनसे मिलते हैं। आंगेला मैर्केल के पीए ने मना किया कि बिना पूर्व अप्वाइंटमेंट के, वो किसी से मिलती-जुलती नहीं। उस घटना के एक साल बाद आंगेला मैर्केल सत्ता में आ चुकी थीं। सोचिये कि सत्ता में आने के उपरांत किसी आम नागरिक का मैर्केल से मिलना, कितना कठिन होता होगा। आंगेला मैर्केल को देखने और उनसे सवाल पूछने का संयोग एक साझा प्रेस सम्मेलन में 23 अप्रैल 2006 को मुझे हनोवर में मिला, जब डॉ.मनमोहन सिंह जर्मनी पधारे थे। जो हो, जर्मन मीडिया का एक बड़ा हिस्सा उन्हें 'हंटरवाली' के रूप में प्रस्तुत करने में पीछे नहीं हटा। चुनाव वाले समय 'हंटरवाली' के अर्द्धनगन्न कार्टून मेन स्ट्रीम मीडिया के मैगज़ीन में छपा देखकर सोशल मीडिया इतना उत्साहित हुआ कि मैर्केल की नगन्न तस्वीरों को ट्रोल कर अभद्रता की सारी सीमाएं पार कर ली थीं। जनता में जुगुप्सा की शायद एक बड़ी वजह मैर्केल की दरबारी संस्कृति थी, जिसे आम जर्मन मानस पचा नहीं पाया। वो केवल फोटोऑप का हिस्सा हुआ करता था, जब मैर्केल किसी मॉल से सामान ख़रीदती हुई दिखाई देतीं। चुनाव में ऐसी तस्वीरें 'काउंटर प्रोडक्टिव' हो जाती हैं, काश इसे पीएम मोदी के शैदाई भी समझें। कोविड कुप्रबंधन ट्रंप के बाद, आंगेला मैर्केल की नीतियों को धूल चटा गया, इसे मंथन करने की आवश्यकता है। मैर्केल ने आर्मिन लाशेट को केवल इसलिए आगे बढ़ाया, क्योंकि वो मैर्केलवादी माने जाते थे। नार्थ राइन वेस्टफालिया के मुख्यमंत्री व पूर्व पत्रकार होने के बावज़ूद जब सर्वे हुआ तो आर्मिन लाशेट, मार्कुस जोएडर से कम लोकप्रिय साबित हुए। 2015 में यूरोप शरणार्थी संकट से गुज़र रहा था, तब आंगेला मैर्केल ने दस लाख उजड़े लोगों को जर्मनी में बसाने का संकल्प किया था। उन दिनों आर्मिन लाशेट ने अहद किया कि वो मैर्केल की शरणार्थी समर्थक विरासत को आगे बढ़ाएंगे। अफसोस, ये सारी तदबीरें उल्टी पड़ गईं।

तेल के ऊंचे दाम : लाभ भी, संकट भी

भरत झुनझुनवाला

तेल से अर्जित अतिरिक्त आय का उपयोग पूंजो खर्चों को बढ़ाने में नहीं किया गया है। इसी क्रम में जनकल्याण योजनाओं में भी खर्च में वृद्धि नहीं हुई है। उदाहरणतः मनरेगा में 34 प्रतिशत की कटौती हुई है और प्रधानमंत्री किसान योजना में 10 हजार करोड़ की कटौती हुई है। इससे स्पष्ट है कि तेल से अर्जित अतिरिक्त राजस्व का उपयोग सरकार अपने कर्मियों को वेतन देने अथवा अन्य खपत में कर रही है जो कि अनुचित है। वर्ष 2015 में विश्व बाजार में तेल के दाम उछल रहे थे और 111 अमरीकी डालर प्रति बैरल के स्तर पर थे। इसके बाद 2020 में कोविड संकट के दौरान इनमें भारी गिरावट आई और दाम केवल 23 डालर प्रति बैरल रह गये। वर्तमान में पुनः इसमें कुछ वृद्धि हुई है और ये मूल्य आज 76 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर आ गये हैं। इसी अवधि में देश के घरेलू बाजार में पेट्रोल के दाम की चाल बिलकुल अलग रही है।

2015 में घरेलू बाजार में पेट्रोल के दाम 70 रुपये प्रति लीटर थे। जब 2020 में विश्व बाजार में तेल के दाम घटकर 23 डालर प्रति बैरल हो गये थे, उस समय हमारे बाजार में तेल के दाम घटे नहीं बल्कि 70 रुपये प्रति लीटर के लगभग ही बने रहे। कारण यह कि जैसे जैसे विश्व बाजार में तेल के दाम में गिरावट आई, उसी के समानांतर हमारी केंद्र सरकार ने तेल पर वसूल की जाने वाली एक्साइज ड्यूटी एवं राज्य सरकारों ने तेल पर वसूल की जाने वाली सेल टैक्स में वृद्धि की। नतीजा यह हुआ कि विश्व बाजार में जितने दाम में गिरावट आई उतना ही घरेलू टैक्स में वृद्धि हुई और बाजार में पेट्रोल का दाम 70 प्रति लीटर पर ही टिका रहा। इसके बाद इस वर्ष 2021 में विश्व बाजार में तेल के दाम पुनः बढ़े हैं और जैसा कि ऊपर बताया गया है वर्तमान में ये 76 डालर प्रति बैरल पर आ गये हैं। लेकिन इस समय घरेलू दाम स्थिर नहीं रहे। विश्व बाजार में तेल के दाम के समानांतर घरेलू बाजार में पेट्रोल के दाम बढ़ रहे हैं। 2020 के 70 रुपये से बढ़कर आज ये दिल्ली में 102 रुपये प्रति लीटर हो गये हैं। इस वर्ष में जैसे जैसे विश्व बाजार में ईंधन तेल के दाम बढ़े उस समय हमारी सरकार ने तेल पर वसूल किये जाने वाले टैक्स में कटौती नहीं की है और घरेलू बाजार में तेल के दाम बढ़ते जा रहे हैं। केंद्र सरकार मालामाल हो रही है। वर्ष 2015 में केन्द्र सरकार को तेल से 72 हजार करोड़ रुपये का राजस्व मिला था जो वर्तमान वर्ष में 300 हजार करोड़ रुपये होने का अनुमान है। यानि 2015 और आज की तुलना करें तो विश्व बाजार में तेल के दाम उस समय के 111 डालर से घट कर वर्तमान में 76 डालर रह गया है लेकिन केन्द्र सरकार का राजस्व 72 हजार करोड़ से बढ़कर 300 हजार करोड़ हो गया है। बिलकुल स्पष्ट है कि सरकार ने वर्तमान में ईंधन तेल पर भारी टैक्स वसूल किया है।

तेल के ऊंचे दाम का एक विशेष प्रभाव यह है कि महंगाई में वृद्धि होती है। पेट्रोल के साथ डीजल के दाम बढ़ते हैं जिससे माल की ढुलाई महंगी हो जाती है और बाजार में प्रत्येक माल महंगा हो जाता है। लेकिन केयर रेटिंग के अनुसार पेट्रोल के दाम का हमारे थोक मूल्य सूचकांक में 1. 6 प्रतिशत का हिस्सा होता है और डीजल का 3.1 प्रतिशत का। यानी पेट्रोल के दाम में 100 प्रतिशत की वृद्धि हुई तो थोक मूल्य सूचकांक में केवल 1.6 प्रतिशत की वृद्धि होगी। वर्तमान में पेट्रोल के दाम में 2015 की तुलना में लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है–70 रुपए से बढ़ कर यह 102 रुपए हो गए हैं। इस वृद्धि से थोक मूल्य सूचकांक में मात्र 0.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई होगी ऐसा माना जा सकता है। डीजल के दाम में जो 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है उसका हमारे थोक मूल्य सूचकांक में प्रभाव 1.5 प्रतिशत माना जा सकता है। दोनों का सम्मिलित प्रभाव मात्र 2.5 प्रतिशत माना जा सकता है। तुलना में 2015 से 2021 के बीच में महंगाई इससे कहीं ज्यादा बढ़ी है। इससे स्पष्ट है कि महंगाई पर पेट्रोल के दाम में वृद्धि का प्रभाव कम और अन्य कारकों का प्रभाव ज्यादा है। इसलिए हम कह सकते हैं कि पेट्रोल के दाम में वृद्धि का महंगाई पर विशेष प्रभाव नहीं पड़ता है। पेट्रोल के दाम में वृद्धि का दूसरा संभावित प्रभाव मैन्युफैक्चरिंग गतिविधियों पर पड़ सकता है। लेकिन अपने देश में अधिकतर मैन्युफैक्चरिंग उद्योग बिजली से चलते हैं जिसका दाम बीते कुछ वर्षों में लगातार गिर रहा है इसलिए उद्योगों पर भी पेट्रोल के बढ़े दाम का नकारात्मक प्रभाव नहीं दिखता है। पेट्रोल के दाम में वृद्धि का एक लाभ यह है कि हमारी आर्थिक संप्रभुता की रक्षा होती है। हम अपनी खपत का 85 प्रतिशत पेट्रोल आयात करते हैं जिससे कि हमारी अर्थव्यवस्था आयातों पर निर्भर हो जाती है। किसी भी वैश्विक संकट के समय हम दबाव में आ सकते हैं। जब घरेलू बाजार में पेट्रोल के दाम बढ़ते हैं तो लोग ऊर्जा के वैकल्पिक साधनों का उपयोग ज्यादा करते हैं जैसे बस से यात्रा ज्यादा करना चाहेंगे जिसमें ईंधन की खपत कम होती है; अथवा बिजली की कार अथवा मेट्रो का उपयोग करेंगे। इसलिए तेल के दाम बढ? से देश में पेट्रोल की खपत कम होगी, हमारी आयातों पर निर्भरता कम होगी और हमारी आर्थिक सम्प्रभुता की रक्षा होगी। तेल के ऊंचे दाम का दूसरा लाभप्रद प्रभाव पर्यावरण का है। तेल के जलने से कार्बन डाई आक्साइड का भारी मात्रा में उत्सर्जन होता है फलस्वरूप धरती का तापमान बढ़ रहा है। बाढ़ आदि प्राकृतिक प्रकोप बढ़ रहे हैं। इसलिए तेल के ऊंचे मूल्य मूल रूप से देश के लिए लाभप्रद है। लेकिन संकट यह दीखता है कि तेल के ऊंचे मूल्य से वसूल किये गये राजस्व का उपयोग सरकार अपनी खपत को पोषित करने के लिए कर रही है। वर्तमान वर्ष 2021-22 में सरकार के पूंजी खर्च में 115 हजार करोड़ की वृद्धि हुई जबकि पूंजी कि बिक्री से 142 हजार करोड़ की प्राप्ति का अनुमान है। यानि तेल से अर्जित अतिरिक्त आय का उपयोग पूंजो खर्चों को बढ़ाने में नहीं किया गया है।

रोमांचक जीत से आरसीबी ने कटाई प्लेऑफ की टिकट, पंजाब किंग्स की राह हुई मुश्किल

नई दिल्ली (एजेंसी)। ग्लेन मैक्सवेल के पांचवें अर्धशतक और उनकी एबी डिविलियर्स के साथ मात्र 39 गेंदों पर 73 रन की जबरदस्त साझेदारी की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने पंजाब किंग्स को आईपीएल 2021 के 48वें मुकाबले में रविवार को छह रन से हराकर प्लेऑफ में जगह बना ली। बैंगलोर ने 20 ओवर में सात विकेट पर 164 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया, जबकि पंजाब की टीम एक समय अच्छी स्थिति में रहने के बावजूद छह विकेट पर 158 रन ही बना पाई। बैंगलोर ने इस तरह 12 मैचों में अपना आठवां मुकाबला जीता और 16 प्वॉइंट्स के साथ प्लेऑफ में एंट्री ले ली। चेनन्ई और दिल्ली पहले ही प्लेऑफ में जगह बना चुके हैं। दूसरी तरफ पंजाब को 13 मैचों में आठवीं हार का सामना करना पड़ा और वह अब 10 प्वॉइंट्स के साथ प्वॉइंट टेबल में पांचवें स्थान पर है। पंजाब अब यही उम्मीद करेगी कि वह आखिरी मैच जीते

और दूसरे परिणाम भी उसके अनुकूल रहे, ताकि वह चौथी टीम के रूप में प्लेऑफ में जगह बना सके।इस मैच में बैंगलोर को उसके ओपनरों कप्तान विराट कोहली और देवदत्त पडीक्कल ने 68 रन की शानदार शुरुआत दी, लेकिन इसके बाद मोइजेस हेनरिक्स ने पांच रन के अंतराल में विराट, डेनियल क्रिस्टियन और पडीक्कल के विकेट झटक लिए। विराट ने 24 गेंदों पर 25 रन में दो चौके और एक छक्का लगाया, जबकि पडीक्कल ने 38 गेंदों पर 40 रन में चार चौके और दो छक्के लगाए। इसके बाद मैक्सवेल और डिविलियर्स ने चौथे विकेट के लिए 39 गेंदों पर 73 रन ठोक डाले। डिविलियर्स को 19वें ओवर में सरफराज खान ने सीधे थ्रो से रन आउट किया। मोहम्मद शमी ने पारी के आखिरी ओवर में मैक्सवेल, शाहबाज अहमद और जॉर्ज कार्टन को पवेलियन भेजा। शमी ने 39 रन पर तीन विकेट और हेनरिक्स ने 12 रन पर तीन विकेट लिए। हेनरिक्स का यह प्रदर्शन उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब ने 10.5 ओवर में 91 रन की शानदार शुरुआत की। इस समय लग रहा था कि पंजाब को लक्ष्य तक पहुंचने में ज्यादा परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा, लेकिन इसी स्कोर पर शाहबाज अहमद ने पंजाब के कप्तान लोकेश राहुल को हर्षल पटेल के हाथों कैच करा दिया। राहुल ने 35 गेंदों पर 39 रन में एक चौका और दो छक्के लगाए। निकोलस पूरन मात्र तीन रन बनाकर लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल की गेंद पर आउट हो गए। मैच में यहीं से कहानी बदलनी शुरू हो गई। मयंक अग्रवाल ने चहल को मारने की कोशिश की लेकिन मोहम्मद सिराज को कैच थमा बैठे। मयंक का विकेट 114 के स्कोर पर गिरा। मयंक ने 42 गेंदों पर 57 रन में छह चौके और दो छक्के लगाए। चहल ने इसी ओवर की पांचवीं गेंद पर सरफराज खान को शून्य पर बोल्ड कर बैंगलोर के लिए उम्मीदें जगा दीं। एडेन मार्करम ने 14 गेंदों पर दो चौकों और एक छक्के के सहारे 20 रन बनाए, लेकिन उनका शिकार टीम के 127 के स्कोर पर जॉर्ज कार्टन ने कर लिया। पांचवां विकेट गिर जाने के बाद पंजाब की उम्मीदें समाप्त हो चुकी थीं। शाहरुख खान ने 11 गेंदों में एक चौके और एक छक्के के सहारे 16 रन बनाए, लेकिन एक मुश्किल सिंगल चुराने की कोशिश में गेंदबाज हर्षल पटेल ने उन्हें रन आउट कर दिया। पंजाब का छठा विकेट 146 के स्कोर पर गिरा। इसके बाद हेनरिक्स ने नौ गेंदों में एक छक्के की मदद से नाबाद 12 रन बनाए, लेकिन टीम बैंगलोर के स्कोर से छह रन पीछे रह गई। बैंगलोर की तरफ से चहल ने चार ओवर में 29 रन पर तीन विकेट लिए। मैक्सवेल को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला।

ऑक्शन में जिसको लेने से चूके, उसी ने कर दिया विराट की टीम का काम खराब, 4 ओवरों में पलटा पासा

नई दिल्ली (एजेंसी)। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ नाथन एलिस को बेंच पर बैठाकर मोइजेस हेनरिक्स के साथ मैदान पर उतरने का कप्तान केएल राहुल का फैसला एकदम सही साबित हुआ। हेनरिक्स ने अपनी गेंदबाजी से रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के टॉप ऑर्डर तो तहस-नहस करने का काम किया। ऑस्ट्रेलिया के इस ऑलराउंडर ने विराट कोहली, देवदत्त पडीक्कल जैसे बल्लेबाजों को दो ओवर के अंदर ही पवेलियन की राह दिखा दी। जिसके चलते दमदार शुरुात के बाद भी बैंगलोर की टीम स्कोर बोर्ड पर एक बड़ा टोटल नहीं लगा सकी।

हेनरिक्स ने अपने चार ओवर के स्पैल में महज 12 रन दिए और तीन बड़े विकेट अपने नाम किए। कंगारू खिलाड़ी ने कोहली और डेनियल क्रिस्टियन को लगातार दो गेंदों के अंदर ही पवेलियन भेजा। हेनरिक्स ने 24 गेंदों में से 13 गेंदें डॉट फेंकी और आरसीबी के बल्लेबाजों को एक-एक रन के लिए तरसाया। आपको बता दें कि आईपीएल 2021 के लिए हुई नीलामी में बैंगलोर ने हेनरिक्स को पाने के लिए पंजाब किंग्स से जमकर लड़ाई थी, लेकिन आखिर में पंजाब 4.2 करोड़ में इस खिलाड़ी को अपने नाम करने में सफल रही थी। पंजाब की जर्सी में उतरते ही में हेनरिक्स ने आरसीबी का ही काम खराब कर दिया।

इससे पहले देवदत्त पडीक्कल और कप्तान विराट कोहली ने टीम को तूफानी शुरुआत दी और पावरप्ले के छह ओवर में ही 55 रन जोड़ दिए। इस दौरान रवि बिशनेई के एक ही ओवर में पंजाब के कप्तान केएल राहुल ने कोहली-पडीक्कल को जीवनदान भी दिया। विराट 25 रन बनाकर मोइजेस हेनरिक्स का शिकार बने। वहीं, पडीक्कल 38 गेंदों में 40 रन बनाकर हेनरिक्स की ही गेंद पर राहुल को कैच थमाया। इस मुकाबले में पंजाब किंग्स की टीम ने अपने प्लेइंग इलेवन में तीन बदलाव किए हैं। टीम ने चोटिल फैबियन एलेन की जगह पर हरप्रीत बरार को टीम में शामिल किया है, जबकि दीपक हुड्डा के स्थान पर सरफराज खान और नाथन एलिस की जगह मोइजेस हेनरिक्स ने ली है। बैंगलोर ने अपने प्लेइंग इलवेन में कोई बदलाव नहीं किया है।

हार के बावजूद मुंबई इंडियंस ने ड्रेसिंग रूम में मनाई जश्न, खराब फॉर्म से जूझ रहे सूर्यकुमार को किया सम्मानित

नई दिल्ली (एजेंसी)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2021 में शनिवार को मौजूदा चैंपियन मुंबई इंडियंस को दिल्ली कैपिटल्स के हाथों चार विकेट से हार का सामना करना पड़ा। दिल्ली ने मुंबई को 20 ओवर में 129 रनों पर रोकने के बाद 19.1 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 132 रन बनाकर यह मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस हार के बाद मुंबई के प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों का तगड़ा झटका लगा है। मुंबई को अब प्लेऑफ क्वालीफाई करने के लिए दूसरी टीमों पर निर्भर रहना होगा, क्योंकि 12 मैच में सिर्फ 5 जीत के साथ उनके 10 अंक हैं। अंकतालिका में भी 10 अंक वाली चार टीमों में उनकी नेट रन रेट सबसे कम है। दिल्ली से हार के बावजूद मुंबई मैच के बाद जश्न मनाती नजर आई। मुंबई इंडियंस ने रविवार को ट्विटर पर अपने ड्रेसिंग रूम का एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें टीम मैच के बाद एक साथ जमा हुई है। वीडियो में मुंबई इंडियंस अपने बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव और तेज गेंदबाज नाथन कूल्टर-नाइल को ड्रेसिंग रूम प्लेयर ऑफ द मैच पुरस्कार से सम्मानित करती हुई दिख रही है। सूर्यकुमार को कोच महेला जयवर्धने और कूल्टर-नाइल को टीम के मेंटोर सचिन तेंदुलकर ने बैज पहनाते हुए नजर आ रहे हैं। सूर्यकुमार ने दिल्ली के खिलाफ 26 गेंदों में 33 रनों की पारी खेली, जिसमें उन्होंने दो चौके और इतने ही छक्के लगाए। उनके अलावा कूल्टर-नाइल ने चार ओवर में 19 रन देकर एक विकेट चटकाया। कूल्टर-नाइल ने हमवतन और स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को आउट किया। मुंबई को अब प्लेऑफ में जाने के लिए बचे हुए दोनों मैच जीतने होंगे, दूसरी टीमों के नतीजों को भी देखना होगा और अपने रन रेट में भी सुधार करना होगा।

देवदत्त पडिक्कल को आउट नहीं देने पर अंपायर से भिड़े केएल राहुल, भड़के फैन्स ने सोशल मीडिया पर पूछा- आउट या नॉटआउट?

नई दिल्ली (एजेंसी)। इंडियन प्रीमियर लीग 2021 के 48वें मैच में आज रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर का मुकाबला पंजाब किंग्स से शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में हो रहा है। इस मैच में बैंगलोर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया है। बैंगलोर को उसके दोनों ओपनरों देवदत्त पडिक्कल और कप्तान विराट कोहली ने पहले विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी की। हालांकि बैंगलोर की पारी के 8वें ओवर में मैदान पर ऐसा कुछ देखने को मिला कि पंजाब किंग्स के कप्तान केएल राहुल अंपायर्स से भिड़ गए। दरअसल बैंगलोर की पारी के आठवें ओवर में रवि बिशनेई की गेंद पर पडिक्कल ने रिवर्स स्वीप खेलना चाहा, लेकिन बॉल उनके ग्लव्स छूते हुए विकेटकीपर केएल राहुल के दस्ताने में चली गई।

वीडियो में ऐसा लग रहा था कि बॉल बल्लेबाज के ग्लव्स को छू कर विकेटकीपर राहुल के हाथों में गई है। राहुल ने इस पर जोरदार अपील भी की, लेकिन मैदानी अंपायर ने इस अपील को खारिज कर दिया और बैंगलोर के बल्लेबाज को नॉटआउट करार दिया। राहुल ने इसके बाद मैदानी अंपायर के फैसले के खिलाफ रिव्यू ले लिया। रिव्यू में भी थर्ड अंपायर ने इसे नॉटआउट ही दिया। राहुल इस पर काफी भड़क गए, क्योंकि थर्ड अंपायर जब फैसला रिव्यू कर रहे थे तब अल्ट्रा एज में साफ दिख रहा था कि दिखा कि जब बॉल ग्लव्स से निकल रही थी तब वहां हल्का सा हल्का सा टच था। इसके बाद भी अंपायर ने नॉट आउट ही दिया। इसी को लेकर कप्तान राहुल भड़क गए और सीधे अंपायर के पास पहुंच गए।

विकेटकीपर राहुल ने अंपायर से अल्ट्रा एज को लेकर भी बात की। लेकिन अंपायर ने इसको आउट नहीं दिया। इस दौरान कमेंट्री कर रहे पूर्व क्रिकेटर गौतम गंभीर और अन्य कुछ कम कुछ कमेंटेटर्स ने भी इस फैसले पर सवाल खड़े किए और इसे आउट ही माना। केवल कमेंटेटर्स ही नहीं बल्कि सोशल मीडिया पर भी लोग इसे आउट मान रहे हैं और इस फैसले के लिए अंपायर तथा थर्ड अंपायर की आलोचना कर रहे हैं। कमेंटेटर आकाश चोपड़ा ने भी इस फैसले पर सवाल खड़े करते हुए ट्विटर पर लिखा, 'आखिर वो नॉटआउट कैसे था।' पडिक्कल ने इस मच में 40 रन बनाए और बाद में वह राहुल के हाथों ही कैच आउट हुए।

कोई भी शिकायत छोटी नहीं, सभी पर लिया जाए तत्काल ऐक्शनःएसपी

जनपद की कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए बीट सिस्टम को बनाया जाएगा मजबूत

अखंड भारत संदेश

भदोही। जनपद के नवागत कप्तान डा. अनिल कुमार ने चार्ज संभालने के बाद ही जनपद की पुलिसिंग में सुधार के संकेत दे दिए हैं। एसपी अनिल कुमार ने कहा कि थाने पर आने वाली कोई भी शिकायत चाहे वह छोटी हो या बड़ी, सभी पर तत्काल कार्यवाही की जाए। शिकायतों के निस्तारण में वादी की संतुष्टि का भी ध्यान रखा जाए और उसकी संतुष्टि तक मामले की सुनवाई की जाए।

नवागत कप्तान डा. अनिल कुमार ने कहा कि पुलिसिंग सिस्टम को और मजबूत बनाया जाएगा।

इसके लिए बीट सिस्टम में जरूरी सुधार किए जाएंगे। एसपी ने कहा कि महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की शिकायतों को प्राथमिकता के तौर पर लिया जाए। सभी थाना प्रभारी फरियादियों की बात सुनें और त्वरित कार्यवाही करें, ताकि शिकायत को बढ़ने और कानून व्यवस्था सुनिश्चित किया जा सके। साइबर क्राइम पर भी उन्होंने जागरुकता बढ़ाने और ऐसे अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही का आदेश दिया है।

एसपी ने कहा कि क्षेत्र के टाप टेन ऐक्टिव लिस्ट के अपराधियों, पेशेवर लुटेरों, चोरों जैसे अपराधियों की सूची बनाकर उनके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाए। योजनाबद्ध तरीके से अपराध करने वालों के खिलाफ गैंगस्टर लगाया जाए। इसके अलावा 112 पर आने वाली शिकायतों पर त्वरित टीम रवाना हो और रिस्पांस टाइम चेक किया जाए। इसके अलावा जो भी अपराधी जमानत पर जेल से बाहर हैं, उनकी सूची बनाकर उन पर कड़ी निगरानी की जाए। उनके घर जाकर उनके बारे में जानकारी जुटाएं और यदि कोई भी अपराध में संलिप्त पाया जाता है तो संबंधित के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाए। एसपी ने स्पष्ट किया कि कोई भी अधिकारी या कर्मचारी जनता के साथ दुर्व्यवहार करता हुआ पाया जाएगा तो उसके संबंधित के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।

पिपरीस में ग्राम सभा की खुली बैठक सम्पन्न

भदोही। पिपरीस ग्राम सभा की खुली बैठक रविवार प्राथमिक विद्यालय में संपन्न हुई। ग्राम प्रधान हृदय सरोज, ग्राम विकास अधिकारी अरुण चौबे, रोजगार सेवक अनिल मौर्य सहित ग्राम पंचायत सदस्य व जनता बैठक में शामिल हुई। ग्राम प्रधान ने बताया कि खुली बैठक में ग्राम सभा के 22 सौ मौजा की जनता उपस्थित होकर जन समस्या पर चर्चा हुआ। कार्यवाही रजिस्टर में सभी समस्या नोट किया गया है। जिस आधार पर विकास कार्य होंगे। राम किशुन, हीरा लाल शर्मा, राम किशुन बिंद, नंद लाल यादव, राजकुमारी, सुरेंद्र गौड़, अरविंद कुमार, अनिल कुमार यादव, मुन्ने देवी, पार्वती बिंद आदि उपस्थित रहे।

जल, जंगल और जमीन के बिना प्रकृति अधूरीःभट्टाचार्य

अखंड भारत संदेश

ज्ञानपुर। धरा से विलुप्त होते जीव-जंतुओं और वनस्पतियों के संरक्षण और जागरुकता के लिए प्रति वर्ष, तीन अक्टूबर को विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस का आयोजन किया जाता है। इसी उपलक्ष्य में आज लायंस क्लब ज्ञानपुर के बैनर तले काशी नरेश राजकीय महाविद्यालय के हास्टल परिसर में औषधीय गुणों वाले पौधे रोपे गए।शिक्षक/लायन अशोक कुमार गुप्ता की अगुवाई में काशी नरेश राजकीय महाविद्यालय के हॉस्टल परिसर में जामुन के 25 और नीम के 21 पौधों का रोपण कर लाल चुनरी बांधकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया। इसके पश्चात एक गोष्ठी काआयोजन हुआ। गोष्ठी में लायंस क्लब के प्रशासक अरविंद भट्टाचार्य ने कहा कि जल, जंगल और जमीन, इन तत्वों के बिना प्रकृति अधूरी है। विश्व में सबसे समृद्ध देश वही है, जहां यह

तीनों तत्व मौजूद हैं। हरेंद्र प्रताप सिंह पूर्व जोन चेयरमैन ने कहा कि भारत देश जंगल, वन्यजीवों और नदियों के लिए प्रसिद्ध है। हमने कंक्रीट के विकास की रफ्तार इतनी तेज कर दी है कि प्रकृति का सौन्दर्य ही नष्ट हो गया। सचिव संजय कुमार तिवारी ने कहा कि ईश्वर की सर्वश्रेष्ठ रचना को प्रकृति कहते हैं। आदिकाल से ही प्रकृति और मनुष्य के बीच बहुत ही गहरा संबंध है। हमें गर्व है कि हमारे जनपद के लायन अशोक कुमार गुप्ता विगत चार वर्ष से इस दिशा में प्रयासरत हैं। लायन अशोक कुमार गुप्ता ने कहा कि प्रकृति हमारी सभी बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करती है। हमें सब कुछ दिया है और बदले में हमने प्रकृति को क्या दिया है? प्लास्टिक का कचरा, बढ़ती जनसंख्या वृद्धि, वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण आदि। इस दौरान सभी ने प्रकृति को हरा-भरा बनाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में विमलेश पांडेय, उपाध्यक्ष आनंद गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष आनंद तिवारी, विवेक कुमार श्रीवास्तव, जितेंद्र कुमार यादव, शाश्वत यादव, दुर्गा प्रसाद एवं आशुतोष पटवा आदि लोगों ने पौधरोपण कर गोष्ठी में प्रतिभाग किया करते हुए प्रकृति के संरक्षण की प्रतिबद्धता दोहराई।

प्रतियोगिताओं में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

अखंड भारत संदेश

ज्ञानपुर। गांधी जयंती के मौके पर पूर्व माध्यमिक विद्यालय गड़ौरा, अभोली में निबंध, पोस्टर, भाषण और खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। इसके पूर्व प्रतियोगिताओं का शुभारंभ महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। शिक्षकों ने बच्चों को गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जीवन से परिचय करवाया और उनके विचारों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।जयंती के मौके परआयोजित निबंध लेखन, पोस्टर प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता एवं खेलकूद में बच्चों ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया। बच्चों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त होने पर प्रमाण पत्र एवं मेडल वितरित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक सुग्रीव बहादुर सिंह, प्रधानाध्यापक प्रवीण कुमार सिंह, डॉ विमलेश कुमार पांडेय, विजय कुमार सिंह, धर्मेंद्र सिंह, वंदना सिंह, सुरेश चंद्र, धीरजमल पटेल सहित गांव के प्रधान हुबलाल पंकज, श्रीपुर प्रधान पंकज गौतम, हरिशंकर सिंह, रामनाथ सिंह, राकेश कुमार सिंह, कड़ेदीन जायसवाल, मंजू देवी एवं मीना आदि मौजूद रहीं।

सयुस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष का हुआ नगर में भव्य स्वागत

विरांगना फूलन देवी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अर्पित किया श्रद्धांजलि

अखंड भारत संदेश

भदोही। समाजवादी युवजन सभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास यादव रविवार को कालीन नगरी भदोही में पहुंचे। जहां पर सपाइयों ने पार्टी जिलाध्यक्ष बाल विद्या विकास यादव के नेतृत्व में उनका भव्य स्वागत किया। उसके बाद उन्होंने नगर के पकरी तिराहा पर स्थित विरांगना फूलन देवी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस दौरान सयुस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास यादव ने विरांगना फूलन देवी को याद किया और कहा कि वे एक साहसिक महिला थी। जो महिलाओं पर हो रही जुल्म और अत्याचार के खिलाफ सड़क से लेकर देश के

सर्वोच्च सदन तक में आवाज उठाती रही। वे महिलाओं के लिए एक प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में महिलाओं के ऊपर अत्याचार बढ़ा है। इस सरकार में किसान, मजदूर, नौजवान सभी परेशान हैं। महंगाई से आम आदमी को घर का खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। श्री यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो समाज के सभी धर्म और जातियों को एक साथ लेकर चलती है और चल रही है। भाजपा तो सिर्फ जातिवाद की राजनीति करती है। ऐसी सरकार को उखाड़ फेंकने की जरूरत है। इस मौके पर पार्टी के जिलाध्यक्ष बाल विद्या विकास यादव, मो.आरिफ सिद्दीकी, मो.हसनैन अंसारी, कमलेश यादव आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

नगरीय पीएचसी में लगा मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला

अखंड भारत संदेश

भदोही। नागरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष दिलीप गुप्ता द्वारा किया गया।

इस दौरान श्री गुप्ता ने कहा कि क्षेत्र के लाभाथिर्यों एवं अस्पताल के उत्थान व विकास के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयास की सराहना की। साथ ही समय-समय पर उत्पन्न समस्याओं के समाधान के लिए सहयोग करने का आश्वासन भी दिया। वही नोडल अधिकारी डा. विवेक प्रकाश श्रीवास्तव द्वारा क्षेत्रीय जनता को संक्रमित डेंगू व मलेरिया रोगों से बचाव के लिए आवश्यक जानकारी देते हुए परिसर में रखे गए ट्रक टायर को अविलंब हटवाने का निर्देश दिया गया। नगरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लाभाथिर्यों को लाभ पहुंचाने के लिए दवा इलाज की गई। कार्यक्रम का संचालन डिस्टिक अर्बन हेल्थ कोऑर्डिनेटर डा. प्रदीप शास्त्री ने किया।

महंगाई ने तोड़ दी आम आदमी की कमरः अल्ताफ

चौरी। समाजवादी पार्टी के युवा नेता अल्ताफ हुसैन अंसारी ने रविवार को क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों में जनसंपर्क कर भाजपा की जनविरोधी नीतियों को जनता तक पहुंचाया। साथ ही पूर्व में सपा सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। इस दौरान श्री अंसारी ने कहा कि भाजपा सरकार में किसानों के अधिकार छीने जा रहे हैं। नए कृषि कानून लागू हुए तो किसानों खेती छिन जाएगी। इसको लेकर किसान आंदोलित है। लेकिन फिर भी सरकार किसानों की बात नहीं मान रही है। उन्होंने कहा कि इस समय में नौजवानों को रोजगार नहीं मिल रहा है। वे नौकरी के लिए भटक रहे हैं। कोरोना के कारण लोगों की कमाई कम हो गई। महंगाई बढ़ाकर सरकार ने आम आदमी की कमरतोड़ दी। विकास कार्य अवरुद्ध है। सरकार कोई योजना नहीं चला रही। जिसका जनता लाभ उठा सकें।

श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास की तबीयत बिगड़ी, लाया जा रहा मेदांता

अयोध्या (एजेंसी)। अयोध्या श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष और मणिराम दास छावनी के महंत नृत्य गोपालदास की तबीयत अचानक और बिगड़ गई है। आनन.फानन में उनके उत्तराधिकारी महंत कमल नयन दास उन्हें लेकर लखनऊ मेदांता के लिए रवाना हो गए हैं। रविवार की सुबह से महंत नृत्य गोपाल दास का स्वास्थ्य खराब था। ऑक्सीजन लेवल में उतार.चढ़ाव की शिकायत थी। इस बीच दोपहर में बुखार और कपकपी की भी शिकायत हो गई। अयोध्या के डॉक्टरों की टीम उनका उपचार कर रही थी। महंत दास के साथ सेवानिवृत्त उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉण् एके सिंह भी लखनऊ गए हैं। आश्रम के प्रवक्ता ने बताया कि अब महंत दास का इलाज लखनऊ के मेदांता में होगा। इसके पूर्व सोमवार को लखनऊ मेदांता के डॉक्टरों की टीम को यहां आना था लेकिन स्वास्थ्य में और खराबी आ जाने के चलते उन्हें रविवार को दोपहर तीन बजे के करीब लखनऊ भेज दिया गया।

उप राष्ट्रपति वेंकैया नायडू बोले- देहात में कैंसर का इलाज मुहैया कराने को निजी क्षेत्र आगे आएं

नई दिल्ली (एजेंसी)। ग्रामीण क्षेत्रों में कैंसर के इलाज की आधुनिक सुविधा मुहैया कराने के लिए निजी क्षेत्र आगे आए। वह प्रदेश सरकारों के सहयोग से यह कार्य करे। यह बात उप राष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने रविवार को गुवाहाटी के कैंसर इंस्टीट्यूट में नई शाखा के उद्घाटन के मौके पर कही। इस शाखा में कैंसर का पता लगाने वाली आधुनिकतम मशीन लगाई गई है। नायडू इन दिनों उत्तर.पूर्वी राज्यों के आठ दिवसीय दौरे पर हैं। इस मौके पर उप राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उस कथन का उल्लेख किया जिसमें उन्होंने हर जिले में एक मेडिकल कालेज की आवश्यकता जताई है।

नायडू ने जीवन शैली में गड़बड़ी से पैदा होने वाली बीमारियों से बचाव के लिए जागरूकता अभियान चलाए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया। क्योंकि भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के अनुसार 2020 में देश में 14 लाख नए मामले आए। 2025 तक यह संख्या प्रति वर्ष 16 लाख होने की आशंका है।

उप राष्ट्रपति ने केंद्र और राज्य सरकारों को सुझाव दिया है कि जल संरक्षण के महत्व को स्कूलों के पाठ्यक्रम में अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए। इससे देश में पानी को बचाने के महत्व के बारे में जनता जागरूक बनेगी। नायडू ने समय.समय पर स्कूलों को नेचर कैंप लगाने का भी सुझाव दिया। इन कैंप के जरिये बच्चों और बड़ों को प्रकृति से प्रेम करने और प्राकृतिक संसाधनों को संरक्षित करने का संदेश मिलेगा। इससे भविष्य की तमाम समस्याओं पर समय रहते काबू किया जा सकेगा। वहीं दूसरी ओर कुछ दिन पहले डीयू के विश्वविद्यालय चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय यूसीएमएस के दीक्षा समारोह में वैंकैया नायडू ने भविष्य की जरूरतों के लिए एक मजबूत और किफायती स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की आवश्यकता पर बल दिया था।

आतंकवाद की तरह ड्रग्स तस्करी पर लगाम लगाने की तैयारी, सिम्स से हो रही मामलों की निगरानी

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्रालय आतंकवाद की तरह से ड्रग्स तस्करी के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की प्रणाली तैयार करने की कोशिश में जुट गया है। आतंकवाद के निपटने के लिए तैयार मल्टी एजेंसी सेंटर ;मैकद्ध की तर्ज पर ड्रग्स तस्करी के मामले से निपटने के लिए नाकी कोआर्डिनेशन सेंटर ;एनकोर्डद्ध बनाया गया है। इसके साथ ही ड्रग्स के बड़े मामलों की उच्च स्तरीय निगरानी के लिए सिम्स ;सीजर इन्फार्मेशन मैनेजमेंट सिस्टमद्ध भी बनाया गया है। गृह मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल और निगरानी प्रणाली ड्रग्स तस्करी का पता लगाने में कारगर साबित हो रही है। इसकी मदद से आतंकी गतिविधियों की तरह ड्रग्स तस्करी पर भी नकेल कसने में कामयाबी मिलेगी। गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक वैसे तो एनकोर्ड का गठन 2016 में ही कर दिया गया था।

डॉक्टर, नर्स और मेडिकल स्टाफ का सम्मान करेगी बीजेपी, वैक्सीन की 100 डोज दिए जाने पर पार्टी की योजना

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय जनता पार्टी देश भर में डॉक्टरों, नर्सों और अस्पताल के कर्मचारियों को सम्मानित करेगी। सत्तारूढ पार्टी भारतीयों को 100 करोड़ कोरोना टीके दिए जाने के उपलक्ष्य में ऐसा करने जा रही है। आपको बता दें कि भारत ने अब तक कोरोना टीकों के 90 करोड़ खुराक दिए जा चुके हैं। भाजपा के एक सूत्र ने न्यूज एजेंसी एएनआई को बताया, ठभाजपा डॉक्टरों, नर्सों और अस्पताल के कर्मचारियों को देश भर में सम्मानित करेगी। भाजपा सांसद, विधायक, प्रभारी और अन्य हर जिले और क्षेत्र में जाकर उन्हें धन्यवाद देंगे और उनका अभिनंदन करेंगे। यह भारत के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। एक सूत्र ने कहा, ठहमने 90 करोड़ टीकाकरण पूरा कर लिया है, इसलिए संभवतः 11 और 12 अक्टूबर तक हम इस लक्ष्य को हासिल कर लेंगे। उस दिन हम उनका अभिनंदन करेंगे। देश में कोविड टीकाकरण अभियान तेजी से चल रहा है और यह 90.51 करोड़ का आंकड़ा पार कर गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने रविवार को यहां बताया कि पिछले 24 घंटे में 73 लाख 76 हजार 846 टीके दिये गये। मंत्रालय ने कहा कि आज सुबह सात बजे तक कुल 90 करोड़ 51 लाख 75 हजार 348 कोविड टीके दिये जा चुके हैं। पिछले 24 घंटे के दौरान 25,930 रोगी संक्रमण से मुक्त हुए हैं। मंत्रालय के मुताबिक अभी तक तीन करोड़ 30 लाख 94 हजार 529 रोगी ठीक हो चुके हैं। स्वस्थ होने की दर 97.87 प्रतिशत है। आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटे में 22,842 नए कोविड मामले सामने आये हैं। फिलहाल देश में 2,70,557 कोविड मरीजों का इलाज चल रहा है। यह देश के कुल संक्रमित मामलों का 0.80 प्रतिशत है। देश भर में कोविड जांच क्षमता का विस्तार जारी है। पिछले 24 घंटों में कुल 12,65,734 जांच की गयी हैं। देश में 57 करोड़ 32 लाख 60 हजार 724 कोविड परीक्षण किये गये हैं।

अपनी ही सरकार को बर्बाद कर रही कांग्रेस, फायदे के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा से भी खिलवाड़ : गोयल

दुबई (एजेंसी)। पंजाब में राजनीतिक उथल-पुथल को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए, केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कहा कि यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि कांग्रेस कुछ लोगों के छोटे व्यक्तिगत या राजनीतिक लाभ के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता करने के स्तर पर चली गई है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भाजपा के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा सबसे पहले आती है। एक साक्षात्कार में, पीयूष गोयल ने राहुल गांधी के हमलों पर भी पलटवार किया। उन्होंने कहा ठउनकी पार्टी (भाजपा) इसे गंभीरता से नहीं लेती है।ठ उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व पर ठअपनी ही सरकारों को लगभग दिन-ब-दिन अस्थिर करनेठ का आरोप लगाया है।

गोयल ने बिना नाम लिए कहा कि कांग्रेस का वर्तमान नेतृत्व राष्ट्र की चिंताओं से पूरी तरह से दूर हो गया है। कैप्टन अमरिंदर सिंह की टिप्पणी का जिक्र करते हुए पीयूष गोयल ने कहा कि जिस तरह की चिंता व्यक्त की गई है, वह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है। पंजाब की सीमाएं बहुत गहरी चिंता का विषय हैं। उन्होंने कहा, ठभाजपा नेता के रूप में, मैं पंजाब में कांग्रेस पार्टी में जो हो रहा है, उसके बारे में बेहद चिंतित हूं, क्योंकि हमारे लिए राष्ट्रीय सुरक्षा पहले आती है। आप जानते हैं कि हमारा बुनियादी प्रशिक्षण और सार्वजनिक सेवा की हमारी बुनियादी समझ राष्ट्र पहले है, पार्टी उसके बाद, सेल्फ लास्ट। हम सभी को यही सोचने और काम करने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है।

कैप्टन अमरिंदर सिंह ने पंजाब की सीमाओं को लेकर जिस अस्थिरता और चिंता व्यक्त की है, वह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए ख़तरा है। वास्तव में यहह पूरे देश के लिए चिंता का विषय है। मैं केवल इतना कह सकता हूं कि यह बहुत, बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि कांग्रेस कुछ लोगों के क्षुद्र, व्यक्तिगत या राजनीतिक लाभ के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता करने के स्तर पर चली गई है। यह पूछे जाने पर कि कांग्रेस पंजाब में अपनी समस्याओं का समाधान कैसे करेगी, पीयूष गोयल ने कहा कि वह इस पर टिप्पणी नहीं कर सकते कि कांग्रेस पार्टी क्या करने की योजना बना रही है या क्या करेगी। उन्होंने कहा, ठकांग्रेस की किसी भी कार्रवाई से यह नहीं लगता है कि उन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा या राष्ट्र हित की कोई चिंता है। मैंने जी -23 को छोड़कर अभी तक किसी भी वरिष्ठ नेता से कोई टिप्पणी नहीं सुनी है।

कांग्रेस का वर्तमान नेतृत्व राष्ट्र की चिंताओं से पूरी तरह से अलग हो गया है। राज्य में विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले अमरिंदर सिंह के इस्तीफा देने के बाद चरणजीत सिंह चनने ने पंजाब के नए मुख्यमंत्री के रूप में पदभार संभाला। हालांकि पंजाब में सत्तारूढ़ पार्टी एक नए संकट में फंस गई क्योंकि नवजोत सिंह सिद्धू ने 28 सितंबर को राज्य पार्टी प्रमुख के रूप में इस्तीफा दे दिया। अमरिंदर सिंह ने कहा है कि वह कांग्रेस छोड़ देंगे और अगर सिद्धू चुनाव लड़ते हैं तो 2022 के विधानसभा चुनाव में उसे हराएंगे। पूर्व मुख्यमंत्री ने यह भी कहा था कि सिद्धू पंजाब के लिए सही आदमी नहीं है। उनके पाकिस्तानी एजेंसियों से संबंध हैं। यह कहते हुए कि पाकिस्तान सीमावर्ती राज्य में हथियार, ड्रोन, विस्फोटक भेजने के लिए जिम्मेदार है और जब आप शीर्ष पर बड़े लोगों को जानते हैं, यह राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला बन जाता है। राहुल गांधी के आरोपों पर गोयल ने कहा, ठमुझे लगता है, यह लगभग एक मजाक की तरह बन गया है। कुछ टिप्पणियां और ट्वीट जो हमें भारत में कुछ व्यक्तियों से प्राप्त होते रहते हैं, उन्हें हमारी पार्टी गंभीरता से नहीं लेती है। यह उपहास का विषय बन गया है। जो हो रहा है उसके बारे में पार्टी के भीतर। वे अपनी सरकारों को लगभग दिन-ब-दिन अस्थिर कर रहे हैं।

यूपी की 64 हजार हेक्टेयर जमीन माफिया से मुक्त कराई : सीएम योगी

डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर (एजेंसी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पूर्व की सरकारें भू माफिया को प्रश्रय देकर जमीनों पर कब्जा कराती थीं। जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी हैए एंटी भू माफिया सेल बनाकर ऐसे लोगों से अब तक 64 हजार हेक्टेयर भूमि को कब्जा मुक्त कराया जा चुका है। इतना ही नहीं गरीबोंए सरकारी भूमि पर कब्जा कर बनी हवेलियों पर भी बुलडोजर चलवाने में संकोच नहीं किया। मुख्यमंत्री रविवार को सिद्धार्थनगर के डुमरियागंज में 524ण्07 करोड़ की परियोजनाओं के लोकार्पण.शिलान्यास के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी जमीनें हों या गरीबों कीए भूमाफिया कब्जा कर लेते थे। उनकी सरकार बनी तो ऐसी जमीनों को कब्जा मुक्त करने का अभियान चलाया गया। इसका नतीजा यह रहा कि जमीनें मुक्त तो हुई हीं भूमाफिया लापता हो गए। साढ़े चार साल में उनकी सरकार ने गरीबोंए किसानोंए नौजवानों के कल्याण के साथ विकास को तरजीह दी है। यूपी अब विकास की अंगड़ाई ले रहा है।

इस कार्यकाल में अब तक न किसी की भूख से मौत हुई है और न ही किसी किसान ने आत्महत्या की है। सरकारों का काम सबका साथए सबका विकास करना होता है। यह काम उनकी सरकार कर रही है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में 2017 से पहले खूब दंगे होते थे। हर तीसरे.चौथे दिन कहीं न कहीं दंगा हो जाता था। जब से भाजपा की सरकार बनी हैए एक भी दंगा नहीं हुआ।

दंगाइयों को पहले ही संदेश दिया जा चुका है कि दंगा हुआ तो आने वाली सात पीढ़ियों भी भरपाई नहीं कर पाएंगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अच्छी सरकार होती है तो वह जनता की सुरक्षा और समग्र विकास का भरोसा देती है। हमने किसी का चेहरा और जाति.धर्म नहीं देखा।

लखीमपुरखीरी की घटना पर सीएम योगी ने जताया दुख, दोषियों को बेनकाब कर कार्रवाई की कही बात

लखनऊ (एजेंसी)। लखीमपुरखीरी में बवाल के दौरान आठ लोगों की मौत पर सीएम योगी ने दुख जताया है। सीएम योगी ने कहा कि इस प्रकार की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। सरकार लखीमपुर में हुई घटना के कारणों का पता लगाने के लिए तह तक जाएगी। साथ ही घटना के पीछे जो भी शामिल हैं उनको बेनकाब करके उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करेगी। सीएम योगी ने बताया कि बवाल की खबर पाते ही उन्होंने अपर मुख्य सचिव नियुक्ति कार्मिक एवं कृषिए एडीजी कानून व्यवस्था और आईजी लखनऊ को मौके पर जाने के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि स्थिति को नियंत्रण कर लिया गया है। घटना के कारणों का गहराई से जांच कर रहे हैं। घटना में लिप्त जो भी जिम्मेदार होगाए सरकार उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी। सीएम योगी ने क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि शांति व्यवस्था कायम रखने में अपना योगदान दें। किसी प्रकार के निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले मौके पर हो रही जांच और कार्रवाई का इंतजार करें। हालांकि इससे पहले सीएम योगी ने अफवाह के चलते लखीमपुर जिले में इंटरनेट सेवा को बंद कर दिया है। यह सेवा अगले आदेश तक बंद रहेगी। आपको बता दें कि रविवार को डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का केन्द्रीय मंत्री के गांव में कार्यक्रम था। डिप्टी सीएम की गाड़ियों का काफिला आता देख किसान सड़क पर आकर प्रदर्शन करने लगे। इस बीच भाजपा कार्यकर्ताओं की किसानों से हाथापाई शुरू हो गई। हाथापाई में भाजपा के झंडा लगी गाड़ी कुछ किसानों को रौंद कर निकल गईए जिसमें चार किसान और चार कार सवार लोगों की मौत हो गई। इसके बाद बवाल बढ़ गया।

ताइवान में चीनी लड़ाकू विमानों के उड़ाने पर भड़का अमेरिका, ड्रैगन को दे दी यह चेतावनी

ताइपे (एजेंसी)। चीन की सेना ने ताइवान के दक्षिणी जल क्षेत्र के ऊपर से रविवार को 16 लड़ाकू विमान उड़ाए। अमेरिका ने घटना पर चिंता जताते हुए स्वशासित द्वीप के नजदीक इसे 'भड़काने वाली सैन्य गतिविधि' करार दिया है। चीन ताइवान पर अपना दावा करता है। चीन ने शुक्रवार को 38 और शनिवार को 39 लड़ाकू विमानों को ताइवान की ओर भेजा था जो पिछले साल सितंबर से चीन के लड़ाकू विमानों के उड़ान की जानकारी साझा करने की शुरुआत के बाद से सबसे बड़ा शक्ति प्रदर्शन था। चीन के विमान शनिवार की रात के बाद रविवार को दिन में भी ताइवान की ओर आए और अब तक स्पष्ट नहीं है कि चीन की रात को और लड़ाकू विमान भेजने की भी योजना है या नहीं। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस द्वारा जारी बयान में ताइवान के नजदीक चीन की सैन्य गतिविधि को लेकर चेतावनी देते हुए कहा गया

कि वह गलत आकलन कर रहा है और क्षेत्रीय शांति व स्थिरता को कमतर कर रहा है। बयान में कहा गया, 'हम बीजिंग से अपील करते हैं कि वह ताइवान पर सैन्य, कूटनीतिक और आर्थिक दबाव और दंडात्मक कार्रवाई रोके। बयान में कहा गया कि अमेरिका ताइवान का सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता है और वहां की सरकार की पर्याप्त आत्मरक्षा क्षमता के लिए मदद करना जारी रखेगा। गृह युद्ध के बाद 1949 में ताइवान और चीन अलग हो गए थे, 'कम्युनिस्ट' समर्थकों ने चीन पर कब्जा कर लिया था और उसके प्रतिद्वंद्वी 'नेशनलिस्ट' समर्थकों ने ताइवान में सरकार बनाई थी।

काबुल में मस्जिद के बाहर बड़ा धमाका, कई लोग मारे गएः तालिबान

काबुल (एजेंसी)। अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में एक बार फिर बड़ा धमाका हुआ है। तालिबान के प्रवक्ता ने कहा है कि काबुल में एक मस्जिद के गेट पर बम से हमला किया गया है, जिसमें कई लोग मारे गए हैं। तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्ला मुजाहिद ने बताया कि ईदगाह मस्जिद को निशाना बनाकर हमला किया गया, जहां तालिबान का एक कार्यक्रम चल रहा था। अभी किसी संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। हालांकि, अगस्त के मध्य में अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे के बाद से इस्लामिक स्टेट ने यहां हमले तेज कर दिए हैं। दोनों कट्टर इस्लामिक संगठनों के बीच दुश्मनी बढ़ गई है। अमेरिकी सैनिकों की वापसी से पहले काबुल एयरपोर्ट पर इस्लामिक स्टेट ने फिदायीन हमला किया था, जिसमें कई अमेरिकी सैनिकों सहित 150 से अधिक लोग मारे गए थे। अफगानिस्तान के नांगहार प्रांत में आईएसआईएस की अच्छी पकड़ है।

लखीमपुर बवाल पर बोले अखिलेश यादव- किसानों के प्रति हिंसक व्यवहार कर रही भाजपा सरकार

लखनऊ (एजेंसी)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि लखीमपुर की घटना में तत्काल हत्या का मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी हो। अब दंभी भाजपाइयों का जुल्म उत्तर प्रदेश नहीं सहेगा। यही हाल रहा तो उत्तर प्रदेश में भाजपाई न गाड़ी से चल पाएंगेए न उतर पाएंगे। अखिलेश यादव ने ट्वीट कर कहा कि बस एक मांग मुख्यमंत्री इस्तीफा दें। सरकार घायल किसानों का सर्वोत्तम इलाज करवाए। अखिलेश यादव ने रविवार को जारी बयान में कहा कि भाजपा सरकार किसानों के आंदोलन के प्रति हिंसक व्यवहार कर रही है। तीन काले कृषि कानूनों के खिलाफ लखीमपुर में तिकोनिया कस्बे के बनवारीपुर गांव में लोकतांत्रिक तरीके से धरना.प्रदर्शन कर रहे किसानों पर भाजपा सरकार के गृह राज्यमंत्री के पुत्र द्वारा गाड़ी से कुचलना घोर अमानवीय और क्रूर कृत्य है। अखिलेश यादव ने कहा कि इस घटना की जितनी निंदा की जाए कम है। भाजपा सरकार किसानों को लगातार अपमानित कर रही है। अब तो तानाशाही तरीके से भाजपा किसानों की हत्या पर उतारू हो गई है। अखिलेश ने कहा कि पिछले 10 माह से अपनी मांगों में लेकर आंदोलन कर रहे किसानों की भाजपा सरकार सुनवाई नहीं कर रही है। इससे किसानों का आक्रोशित होना स्वाभाविक है। अखिलेश ने कहा कि लखीमपुर खीरी में मंत्री के बेटे द्वारा किसानों को गाड़ी से कुचलना बेहद गंभीर घटना है।

तालिबान राज में जीना हुआ मुहाल, लाचार महिला ने बेटी के इलाज के लिए बच्चे को बेचा

काबुल (एजेंसी)। अफगानिस्तान में तालिबान राज की वापसी से आम अफगानियों का जीना मुहाल हो गया है। तालिबान राज में आम लोगों की स्थिति कितनी खराब है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि एक महिला को अपनी बेटी के इलाज के लिए अपने जिगड़ के टुकड़े को बेचना पड़ा। अफगानिस्तान के बगलान प्रांत से विस्थापित होकर काबुल आई एक महिला ने गरीबी के कारण अपने मासूम को बेच दिया। टोलोन्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, उसने अपनी 13 वर्षीय बीमार बेटी के इलाज के लिए अपने डेढ़ साल के बच्चे को 30,000 (अफगानी करेंसी) में बेच दिया। काबुल में एक तंबू में रहने वाली लैलुमा ने कहा कि उसे अपना बच्चा बेचना पड़ा क्योंकि उसके पास कोई दूसरा विकल्प नहीं था।पीड़ित महिला का कहना है कि उसका पति पिछले साल से ही लापता है। इस बीच, अफगानिस्तान में कई परिवार जो विस्थापित हो रहे हैं और अब काबुल में रह रहे हैं, उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि सदिर्यां आ रही हैं। टेंट में रहने वाले कई परिवारों का कहना है कि ठंड के मौसम में उनके बच्चे बीमार हो रहे हैं। विस्थापित परिवारों ने कहा कि उन्हें तालिबान के नेतृत्व वाले शरणार्थी मंत्रालय से कोई मदद नहीं मिली है। टोलोन्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, तखर की एक विस्थापित महिला आयशा ने कहा कि शरणार्थी मंत्रालय के लोग यहां आए थे और एक सर्वेक्षण किया।

अंखड भारत संदेश के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

मुद्रक/प्रकाशक

स्वामी श्री योगी सत्यम पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं. UPHIN 2001/9025

अफगानिस्तान में बंदूकधारियों ने पत्रकार को गोलियों से भूना, तीन की मौत

काबुल (एजेंसी)। अफगानिस्तान के पूर्वी प्रांत नंगरहार में हुई गोलीबारी में एक पत्रकार समेत तीन लोगों की मौत हो गई है। अधिकारियों ने रविवार को इसकी पुष्टि की। सुरक्षा सूत्रों ने स्थानीय अखबार को जानकारी देते हुए को बताया, ठपत्रकार और लेखक सैय्यद मरोफ सआदत अपने रिश्तेदारों के साथ शनिवार शाम जलालाबाद शहर के पुलिस जिला 5 में एक सड़क के किनारे एक पालकी में यात्रा कर रहे थे, तभी एक रिक्शा में सवार बंदूकधारियों ने उन पर गोलियां चला दीं। जिसमें उनकी मौके पर मौत हो गई। सूत्रों के मुताबिक, गोली लगने से सआदत का बेटा और वाहन का चालक घायल हो गया। एक स्वतंत्र अफगान मीडिया समूह अफगान पत्रकार सुरक्षा समिति (एजेएससी) ने हत्या की निंदा की है। अभी तक किसी समूह ने गोलीबारी की जिम्मेदारी नहीं ली है। सूत्रों के मुताबिक तालिबान के अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं। बता दें कि अगस्त माह के मध्य में तालिबान के अधिग्रहण के बाद से अफगानिस्तान में इस तरह की घटनाओं से में कम से कम 10 लोग मारे गए हैं और कई अन्य घायल हो गए।

पाकिस्तान में सुरक्षा बलों की गाड़ी पर आतंकवादी हमला, 5 की मौत

इस्लामाबाद (एजेंसी)। पाकिस्तान के उत्तर पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों के वाहन पर हमला किया, जिसमें पांच सुरक्षाकमिर्यों की मौत हो गई। सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने शनिवार रात एक बयान में कहा कि सुरक्षा बलों के वाहन पर आतंकवादियों के हमले में पांच सुरक्षाकमिर्यों की मौत हो गयी। उसने बताया कि जब हमला हुआ